08 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण


www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 50




### पहली बार दो ब्लॉक में सिमट कर बैठेगा विपक्ष

# छठी विधानसभा का पहला सत्र कल से, दोनों पक्ष तैयार

- 12 दिसंबर तक चार कार्य दिवस होंगे
- नये सदस्यों को दिलायी जायेगी शपथ, अनुपूरक बजट भी पेश होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** षष्ठम विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लगातार दूसरी बार बनी नयी सरकार नौ दिसंबर को पहली बार विधानसभा पहुंचेगी। इस बार सदन का नजारा बदला होगा। सदन में पहली बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बैठने की व्यवस्था 56:24 के अनुपात में दिखेगी। विपक्ष थोड़ी जगहों में सिमटा होगा, जबकि सत्ता पक्ष का फैलाव इस बार पहले के मुकाबले बड़ा होगा। सत्र नौ से 12 दिसंबर तक चार दिनों के लिए बुलाया गया है। इस दौरान चार कार्य दिवस होंगे। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। उधर, सत्ता पक्ष और विपक्ष भी सत्र को लेकर तैयारी में जुटा है।

गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा 81 सदस्यों की है। बहुमत के लिए 41 विधायकों की ही जरूरत है, जबकि विधानसभा चुनाव में झामुमो के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत हासिल की है। गठबंधन में झामुमो ने 34, कांग्रेस ने 16, राजद ने चार और माले ने दो सीट हासिल की है। वहीं, भाजपा के नेतृत्व में एनडीए ने 24 सीटों पर जीत हासिल की। भाजपा को 21, आजसू, जदयू और लोजपा को एक-एक सीट मिली है। यानी सत्ता पक्ष के 56 विधायक सदन में होंगे, जबकि विपक्ष के 24 विधायक रहेंगे। वहीं, जेकेएलएम पहली बार एक सीट जीत पर विधानसभा पहुंचा है। उसके भी एक विधायक होंगे। सदन में विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी की दायीं तरफ सत्ता पक्ष और बायीं तरफ विपक्ष के बैठने के लिए जगह निर्धारित होती है। इस बार विपक्ष की संख्या इतनी सिमट गयी है कि वह दो ब्लॉक में ही सिमटा हुआ नजर आयेगा। वहीं सत्ता पक्ष के विधायक पूरे सदन में दायीं ओर से लेकर सामने तक भरे हुए नजर आयेंगे।

**सत्ता पक्ष और विपक्ष ने की तैयारी:** सदन की कार्यवाही पर जहां चुनाव परिणाम की झलक दिखेगी, वहीं दूसरी ओर विपक्ष अपने टूटे हुए मनोबल को जोड़ने का प्रयास करेगा, जिससे कार्यकर्ताओं को एक संदेश जा सके। सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष तैयार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 11 मंत्रियों की टीम तैयार हो चुकी है। पहली कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने अपने सहयोगी मंत्रियों को आवश्यक परामर्श दे दिया है। उधर, इंडिया गठबंधन के विधायकों की बैठक रविवार शाम को मुख्यमंत्री आवास पर बुलायी गयी है। बैठक में सत्र को लेकर चर्चा होगी। वहीं, प्रदेश भाजपा ने रविवार को विधायक दल की बैठक बुलायी है। प्रदेश कार्यालय में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता बाबूलाल मरांडी करेंगे। भाजपा ने अभी तक विधायक दल का नेता तय नहीं किया है। इसलिए यह सत्र बगैर विपक्षी नेता के होने की उम्मीद है।

**नये विधायकों के ठहरने की अस्थायी व्यवस्था:** नवनिर्वाचित विधायकों के ठहरने की अस्थायी व्यवस्था की गयी है। स्टेट गेस्ट हाउस और पुरानी विधानसभा में इनके लिए कमरा रखा गया है। सत्र के बाद विधायकों को आवास की स्थायी सुविधा दी जायेगी।



फाइल फोटो

### सदस्यों को दिलायी जायेगी शपथ

विधानसभा चुनाव के बाद यह पहला सत्र है। सबसे पहले विधायकों को शपथ दिलायी जायेगी। इसके लिए प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी को बनाया गया है। वह सभी सदस्यों को शपथ दिलायेंगे। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। उम्मीद है कि अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुन लिया जायेगा। इसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण और अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा।

### सुरक्षा के पुख्ता इतंजाम किये गये हैं

प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने शुक्रवार को सत्र को लेकर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और अन्य कार्यों को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिया। सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होगी। कई नये और पुराने विधायक चुनाव जीत कर आये हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में विधायकों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के आने की उम्मीद है। इसके मद्देनजर सुरक्षा की पुख्ता तैयारी की जा रही है। बिना पास के किसी को विधानसभा परिसर के अंदर घुसने की अनुमति नहीं होगी।

### सत्र में किस दिन क्या होगा

- 9 दिसंबर : विधायकों की शपथ
- 10 दिसंबर : विधायकों की शपथ, नये अध्यक्ष का चुनाव
- 11 दिसंबर : राज्यपाल का अभिभाषण, द्वितीय अनुपूरक सदन पटल पर रखा जायेगा
- 12 दिसंबर : राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद, अनुपूरक पर चर्चा और पारित होगा।

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित 12 लोगों के खिलाफ चार्जशीट

- पीएमएलए की विशेष अदालत में आरोप गठित
- इडी को गवाह पेश करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित 12 लोगों पर अब मुकदमा चलेगा। इन सभी पर पीएमएलए की विशेष अदालत में आरोप गठित कर दिये गये हैं। अदालत ने अब प्रवर्तन निदेशल (इडी) को गवाह पेश करने को कहा है। इससे पहले इडी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम समेत 13 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। जिन लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है, उसमें से एक आरोपी निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की मौत हो चुकी है।



**टेंडर कमीशन में इडी ने की है दो बड़ी कार्रवाई :** टेंडर कमीशन को लेकर इडी ने डेढ़ साल के भीतर दो बड़ी कार्रवाई की है। पहली कार्रवाई निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के आवास और ठिकानों पर की थी। इडी ने उनके रांची, जमशेदपुर, पटना और दिल्ली आदि में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के बाद न केवल निलंबित चीफ इंजीनियर बल्कि उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया था। इस कार्रवाई के बाद दूसरी कार्रवाई 6 और 7 मई 2024 को की थी। इस दिन इडी ने कई इंजीनियर, ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसे नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापा मारा था। इस दौरान संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से 32.20 करोड़ कैश बरामद किया गया था। कार्रवाई के दूसरे दिन 7 मई 2024 को इडी ने संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था। जब इस जांच की आंच पूर्व मंत्री आलमगीर आलम तक पहुंची, तो इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया। दो दिनों की पूछताछ के बाद उन्हें 15 मई को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# पूजा सिंघल को मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की दायर जमानत याचिका पर रांची के धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद पूजा सिंघल को कोर्ट ने राहत देते हुए दो-दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर उन्हें जमानत देने का आदेश दिया है। इसके अलावा उन्हें अपना पासपोर्ट कोर्ट में जमा करना होगा। इससे पहले अदालत ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। इसके आलोक में जेल अधीक्षक ने कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है।



पूजा सिंघल लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के अनुसार, नये कानून के तहत किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपित की न्यायिक हिरासत की अवधि उस मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है, तो उसे बेल दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि बीएनएस की धारा 479 के तहत कोई आरोपित, जिसका पहला अपराध है और उस धारा में होने वाली अधिकतम सजा का एक तिहाई अंडर ट्रायल में काट चुका है तो वह आरोपित जमानत का हकदार होगा।

उल्लेखनीय है कि इडी ने 5 मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए थे। इसके बाद इडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से हुई पूछताछ में इडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर निवेश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया गया था।

## न्यूज रील्स

### महाराष्ट्र विधानसभा: विपक्ष के विधायकों का शपथ से वॉकआउट

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन शनिवार को विपक्ष ने इवीएम के मुद्दे पर वॉकआउट किया। शनिवार को सभी 288 नये विधायकों को शपथ लेनी थी। 173 विधायकों ने शपथ ली। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल हैं। सपा महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में शामिल है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि हमारे विधायकों ने आज शपथ नहीं ली। अगर ये जनता का जनादेश होता तो लोग खुश होते, जश्न मनाते, लेकिन कहीं भी लोगों ने इस जीत का जश्न नहीं मनाया। हमें एश्ट पर शक है। विपक्ष के वॉकआउट पर डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि चुनाव हुआ है और लोगों ने हमें जिताया है। अभी वॉकआउट से कुछ नहीं होने वाला। अगर विपक्ष को कुछ करना है तो चुनाव आयोग के पास जाना चाहिए। वहां भी न्याय नहीं मिलता तो अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। अभी 115 विधायकों को शपथ लेना बाकी है। इनमें ज्यादातर विपक्ष के हैं।

### कश्मीर के 9 जिलों में पारा माइनस में, जोजिला में -19डिग्री

श्रीनगर/ नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में ठंड बढ़ने से पारा माइनस में चला गया है। जम्मू के दो और कश्मीर के नौ जिलों में पारा माइनस में रिकॉर्ड किया गया। जोजिला में सबसे ज्यादा ठंड है, जहां तापमान -19 डिग्री तक पहुंच गया है। शोपियां में -4.5 डिग्री, पहलगाम और बांदीपोरा में -4.3 डिग्री तापमान है। श्रीनगर में भी पारा -4.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मैदानी इलाकों में 3.8 डिग्री के साथ पंजाब का आदमपुर सबसे ठंडा शहर रहा।

# संजय सेठ से 50 लाख रंगदारी मांगने के मामले में दो हिरासत में

- मास्टरमाइंड अब भी फरार, दिल्ली पुलिस कर रही जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से 50 लाख की रंगदारी मांगने और धमकी देने मामले में दिल्ली पुलिस ने रांची से दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। बता दें कि शुरुआती जांच के दौरान एक फोन कॉल से लोकेशन को ट्रेस करते हुए दिल्ली पुलिस रांची पहुंची और कांके थाना क्षेत्र के हेचल गांव से दो संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस कार्यवाही में दिल्ली पुलिस के साथ रांची पुलिस भी मौजूद रहीं। हालांकि अभी इस धमकी देने वाले मुख्य सरगना को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार इन दोनों से पूछताछ में कई जानकारी पुलिस को मिलेगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गयी है। इतना ही नहीं, पैसा नहीं देने पर अंजाम भुगतने की भी धमकी दी है। इसके बाद इस मामले में झारखंड पुलिस को जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस के पास मामला दर्ज कराया गया। पुलिस इस पूरे मामले में रेस दिख रही है। बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है, जिस कारण रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ दिल्ली में थे। तभी मोबाइल मैसेज के माध्यम से उनसे रंगदारी की मांग की गयी है।



# हेमंत और कल्पना को पोषण सखी दीदियों ने दी बधाई

- मुख्यमंत्री आवास पर राज्य भर से पहुंची पोषण सखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचीं पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पिछले कार्यकाल में राज्य सरकार द्वारा पोषण सखी के पुनर्बहाल के निर्णय पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति पोषण सखी दीदियों ने आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। मौके पर मुख्यमंत्री सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आपके हक-अधिकार को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। आप सभी पोषण सखी दीदियां सरकार की आंख, नाक और कान बनकर साथ दिया है। आने वाला नया वर्ष आपकी जिंदगी में ढ़ेर सारी खुशियां लेकर आये। आपका परिवार सुख-समृद्धि के साथ जीवन व्यतीत करे, यही कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि यह सरकार आपके उम्मीद और आकांक्षाओं की सरकार है। आप सभी का कर्तव्य है कि आप ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य को अंजाम देंगे। मैंने पहले भी कई बार कहा है कि हमारी सरकार शहर नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। हमारी सरकार आने वाली पीढ़ियों का तकदीर एवं तस्वीर कैसे बदल सकें, अधिक से अधिक रोजगार का सृजन कैसे उत्पन्न कर सकें, इसके प्रति संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ रही है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# बरही से बहरागोड़ा तक मानव शृंखला बनाने वाली पार्टी का ऐसा हश्र क्यों

## ■ आखिर क्यों आजसू से कुर्मी मतदाता लगातार दूरी बना रहे हैं

## ■ आखिर क्यों अपनी राजनीतिक जमीन खोती जा रही है पार्टी

## ■ 25 सालों में कुल 18 विधायक ही बना पायी आजसू



राकेश सिंह

### जीत-हार से आजसू को फर्क नहीं पड़ता ?

झारखंड में जेएमएम गठबंधन की सरकार गठन के बाद, मंत्रियों के विभागों का बंटवारा हो चुका है। सभी अपने-अपने कामों पर लग चुके हैं। वहीं भाजपा और आजसू के पास खुद को और एक-दूसरे को कोसने के अलावा, फिलहाल कोई कार्य नहीं बचा है। अब पांच साल तक फिर से इन्हें सत्ता से दूर रहना पड़ेगा। लेकिन इसका सबसे ज्यादा असर भाजपा में देखने को मिल रहा है। भाजपा के लोग दुखी भी हैं। उनके चेहरों पर शिकस्त का असर साफ देखा जा सकता है। वहीं आजसू झारखंड की एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसे जीत-हार से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि इस पार्टी की मानसिकता जीत की है ही नहीं। यह झारखंड में एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके नेताओं के कदम जमीन पर नहीं रहते, इसलिए ये जमीनी सच्चाई से दूर रहते हैं। यह इस बात से भी साबित होता है कि दस सीटों पर चुनाव लड़ने वाली आजसू मात्र एक सीट जीत पाती है, वह भी 231 वोट से। इस पार्टी के मुखिया 23 हजार 867 वोटों से बुरी तरह चुनाव हार जाते हैं। वहीं महज चुनाव पूर्व दो महीने पहले रजिस्टर्ड हुई पार्टी जेएलकेएम के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को कुल 41 हजार 725 वोट आते हैं और वह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से मात्र 7577 वोट पीछे रहते हैं। समझा जा सकता है कि आजसू की जमीन किस तरह हिल रही है।

### मानव शृंखला से लेकर राजनीतिक चूक की गठरी

दो अक्टूबर 2013 का दिन, झारखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर आजसू पार्टी और उसके करीब दो लाख कार्यकर्ताओं ने बरही से बहरागोड़ा तक मानव शृंखला बनायी थी। उस दिन बारिश के बावजूद आजसू और उसके कार्यकर्ताओं में उत्साह की कोई कमी नहीं थी। यह वही दौर था, जब आजसू पार्टी एक ताकत की तरह राज्य में पहचान बना चुकी थी। 2009 और 2014 के विधानसभा चुनावों में आजसू ने पांच-पांच सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में सुदेश महतो बुरी तरह हार गये। सुदेश को इसका अंदाजा नहीं था कि ऐसा हुआ क्यों। लेकिन इसका बीज तो खुद सुदेश महतो ने बोया था। लोकसभा चुनाव के दौरान कुर्मियों के बड़े नेता राम टहल चौधरी के खिलाफ सुदेश महतो का रांची से चुनाव लड़ना एक बड़ी राजनीतिक चूक साबित हुई। इसका मैसेज कुर्मी समाज में अच्छा नहीं गया था। बस फिर क्या था, इसका बदला राम टहल चौधरी ने उसी साल हुए विधानसभा चुनाव में ले लिया। सुदेश महतो चुनाव हार गये। समझा जा सकता है कि उस चुनाव में भाजपा को 37 सीटें मिली थी और आजसू को पांच। एनडीए की बहुमत की सरकार बनी। लेकिन सुदेश महतो की हार ने उनके राजनीतिक करियर पर ब्रेक लगा दिया। अगर वह जीतते, तो जरूर उनके पास कोई बड़ा मंत्रालय होता। अमित महतो के जेल जाने के बाद सिल्ली में उपचुनाव हुआ, सुदेश ने उपचुनाव भी लड़ा, लेकिन अमित महतो की पत्नी से वह चुनाव हार गये।

### जब गांव वाले कहने लगे आजसू कुर्मी विरोधी है

यहां एक और बात ध्यान देने वाली है। सुदेश महतो के ससुर उमेशचंद्र मेहता ने आजसू के टिकट पर 2014 में गिरिडीह से लोकसभा चुनाव लड़ा था। इन्हें 55 हजार 531 वोट आये थे। वहीं टाइगर जगरनाथ महतो को तीन लाख 51 हजार 600 वोट आये थे और वह 40 हजार 313 वोटों से हार गये थे। कुरमी समाज में यह मैसेज गया कि टाइगर जगरनाथ महतो की हार आजसू प्रत्याशी उमेशचंद्र मेहता के कारण हुई है। इसका मैसेज भी आजसू के प्रति कुर्मी समाज में अच्छा नहीं गया। गांव वाले कहने लगे ये लोग कुर्मी विरोधी हैं। अब आजसू की कुर्मी मतदाताओं में पकड़ ढीली होनी शुरू हो चुकी थी। कुर्मी मतदाता उससे लगातार बिदकने लगे थे।



### 53 सीटों पर उतारा प्रत्याशी, गांव की सरकार बनाते-बनाते दो सीटों पर सिमट गयी पार्टी

फिर आया 2019 का विधानसभा चुनाव। एन वक्त पर आजसू ने भाजपा से गठबंधन तोड़ लिया। आजसू ने 53 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिये। उस दौरान भाजपा 10 सीटें आजसू को गठबंधन में देना चाहती थी। लेकिन आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो 18 सीटों पर अड़ गये थे। अमित शाह ने तो यहां तक कहा था कि चार-पांच सीटों पर आजसू अगर फ्रेंडली फाइट में भी चुनाव लड़ जाती है, तो उन्हें आपत्ति नहीं है। आजसू की तरफ से हामी भी भरी गयी थी, लेकिन अचानक ऐसा क्या हुआ कि आजसू ने भाजपा से किनारा कर लिया और नारा दे डाला, अबकी बार गांव की सरकार। लेकिन गांव की सरकार बनाते-बनाते आजसू मात्र दो सीटों पर सिमट गयी।

### 2019 और 2024 में इचागढ़ से निर्मल महतो की भावज के खिलाफ प्रत्याशी देना एक और भूल

2019 और 2024 के विधानसभा चुनाव में झारखंड के सबसे बड़े नेता माने जाने वाले दिवंगत निर्मल महतो के भाई सुधीर महतो की पत्नी ने जेएमएम के टिकट पर इचागढ़ से चुनाव लड़ा और जीता। आजसू ने भी उन चुनावों में वहां से प्रत्याशी दिया था। इसका असर भी कुर्मी मतदाताओं में साफ देखने को मिला। 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान वहां के कुर्मी वोटरों में एक मैसेज बड़ी तेजी से फैला कि आजसू कुर्मी विरोधी पार्टी है। इसका एक पम्फलेट भी बड़ी से लोगों के बीच फैला था कि एक तरफ तो आजसू पार्टी शहीद निर्मल महतो को पूजती है, वहीं दूसरी तरफ उन्हीं की घर की महिला, जो उनके दिवंगत भाई सुधीर महतो की पत्नी हैं, के खिलाफ प्रत्याशी देती है। यह कैसी राजनीति है। सो कुर्मी मतदाताओं ने आजसू से साफ दूरी बना ली। यह बहुत बड़ा ब्लंडर आजसू के द्वारा हुआ।

### आजसू में पार्टी नहीं लोग सर्वोपरि

वैसे आजसू को कुर्मियों की पार्टी कहा जाता था, लेकिन अब कुर्मी मतदाता आजसू से किनारा कर रहे हैं। उनकी पहली पसंद जयराम महतो हो गये हैं। कुर्मियों की आबादी झारखंड में 15 प्रतिशत है और जयराम महतो इनके नये पोस्टर ब्वॉय बन कर उभरे हैं। आजसू और जयराम की पार्टी जेएलकेएम में बस इतना ही अंतर है कि इस युवा राजनीतिज्ञ जयराम के पैर फिलहाल जमीन पर हैं। उसे अपनी चादर का पता है कि पैर कितना फैलाना है और कहां फैलाना है। लेकिन आजसू के साथ दिक्कत ही यही है कि उसे जमीनी हकीकत का अंदाजा ही नहीं रहता। यहां पार्टी नहीं, लोग सर्वोपरि हैं।

### खींची हुई लकीर को लांघती रही पार्टी

वैसे ऑफर तो जयराम महतो के पास भी आया था, गठबंधन का। और भी कई प्रलोभन दिये गये थे, लेकिन जयराम महतो ने उन सभी को ठुकरा कर एकला चलो की राह को चुना। वह खुद को टटोल रहे थे। इस विधसानसभा चुनाव में अगर जयराम महतो गठबंधन कर लेते, तो उनकी सीटों की संख्या बढ़ जाती। और गठबंधन करने वाली पार्टी को भी फायदा हुआ होता। लेकिन जयराम महतो की यहां तारीफ करनी होगी कि वह डिगे नहीं। महत्वाकांक्षा होते हुए भी वह अपनी खींची हुई लकीर के विपरीत नहीं गये। यही अंतर है जयराम की पार्टी और आजसू में। आजसू पार्टी का कोई मानक नहीं है। इसलिए उससे समय-समय पर राजनीतिक चूक होती रही। भले जयराम की पार्टी ने कुल 71 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे मात्र एक सीट ही हासिल हो सकी, वह भी खुद जयराम महतो को। लेकिन विधानसभा चुनाव से मात्र दो दो महीने पहले रजिस्टर्ड हुई पार्टी ने भाजपा और आजसू की चूलें हिला दी। जयराम की पार्टी ने एनडीए को ऐसा धोया कि कइयों का भविष्य दांव पर लग चूका है। वैसे जयराम ने सबसे बड़ा डैमेज किसी को किया है, तो वह है आजसू। जयराम की पार्टी ने आजसू को 10 में से सात सीटों पर गहरी चोट पहुंचायी है। सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, इचागढ़, मांडू, डुमरी और जुगसलाई। यह अलग बात है कि मांडू सीट जैसे-तैसे 231 वोट से आजसू ने जीत ली, लेकिन सांस तो वहां भी फूली ही हुई थी। आजसू ने हमेशा अपनी खींची हुई लकीर को लांघने का प्रयास किया है। आजसू की सच्चाई यह है कि 25 सालों में वह मात्र 18 विधायक ही बना पायी। साल 2000 में 1, 2005 में 2, 2009 में 5, 2012 के उपचुनाव में 1(हटिया), 2014 में 5, 2019 में 2,

2023 के उपचुनाव में 1 (रामगढ़) और 2024 के विधानसभा चुनाव में मात्र 1 सीट पर आजसू सिमट गयी।

**राजनीतिक चूक**

**2014 में रामटहल चौधरी के खिलाफ सुदेश का चुनाव लड़ना बड़ी राजनीतिक चूक**

**गिरिडीह से सुदेश महतो के ससुर उमेशचंद्र मेहता को टाइगर जगरनाथ महतो के खिलाफ खड़ा करना बड़ी भूल**

**2019 और 2024 में निर्मल महतो के भाई की पत्नी सबिता महतो के खिलाफ प्रत्याशी देना बड़ी चूक**

### आजसू से बाहर जाते ही जीत रहे प्रत्याशी

आजसू की आगे की राह भी कठिन दिखाई पड़ती है। आजसू को समझना होगा कि चूक कहां हो रही है। इस चुनाव में यह भी साबित हुआ जो प्रत्याशी आजसू में सालों से परफॉर्म नहीं कर पा रहे थे, दूसरे दल में जाते उन्होंने बेहतरीन रिजल्ट दिया। रोशन लाल चौधरी, जो लगातार तीन विधानसभा चुनाव से आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे और हार का रिकॉर्ड बना रहे थे, भाजपा में जाते ही 31 हजार से अधिक वोटों से जीत जाते हैं। उमाकांत रजक को ही ले लीजिये, वह भी आजसू में हार का रिकॉर्ड बना रहे थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने दल बदला और जेएमएम में शामिल हुए, 33 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज करते हैं। उन्होंने भाजपा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को धूल चटा दी। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है कि आजसू से बाहर जाते ही जीत रहे हैं प्रत्याशी।

### आजसू के बागियों ने भी खूब खेल किया

इस विधानसभा चुनाव में आजसू के बागियों ने भी खूब खेल किया है। जैसे हटिया, कांके, बहरागोड़ा, चतरा, भवनाथपुर, बेरमो, डुमरी, चंदनकियारी, तमाड़, मनोहरपुर, जामताड़ा, हुसैनाबाद, टुंडी में आजसू के बागियों ने भी एनडीए का खेल बिगाड़ा है। सबसे बड़ा उदहारण उमाकांत रजक का है, जिन्होंने जेएमएम का दामन थामते ही भाजपा विधायक दल के नेता का खेल बिगाड़ दिया। उमाकांत रजक चंदनकियारी से चुनाव जीत गये।

---

## वैश्य मोर्चा के जिलाध्यक्षों, प्रकोष्ठ संगठनों की सूची जारी, शपथ ग्रहण आज

# समाज के लिए काम करेंगे वैश्य मोर्चा के पदाधिकारी : महेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने शनिवार को 14 जिलाध्यक्षों एवं तीन प्रकोष्ठ संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही वैश्य मोर्चा में ओरमांझी के चतुर साहू को केंद्रीय सचिव के रूप में शामिल किया गया है। रांची के चर्च रोड़ स्थित होटल राजधानी प्लाजा में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सूची जारी करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि वैश्य मोर्चा में सांगठनिक सुदृढ़ीकरण और संगठन विस्तार के तहत केंद्रीय समिति से लेकर प्रखंड स्तर पर अनुभवी और प्रतिबध्द लोगों को जवाबदेही सौंपा जा रहा है। वैश्य मोर्चा समाज के लिए प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारी काम करेंगे। इन सभी पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों को आठ दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष शपथ ग्रहण कराया जायेगा। रोहित कुमार साहु को रांची का जिलाध्यक्ष एवं कपिल प्रसाद साहु को रांची महानगर अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि शैलेनचंद्र मंडल को धनबाद का जिलाध्यक्ष और हीरालाल मोदक को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह बसंत प्रसाद साहू को रामगढ़ का, राजकुमार मंडल को बोकारो का, सतीश जायसवाल को लोहरदगा का, सुनील प्रसाद साव को चाईबासा का, अजय मंडल को पूर्वी सिंहभूम का, अमीन मंडल को सरायकेला-खरसावां का, नरेश साव को चतरा का, अशोक वर्णवाल को कोडरमा का, उमाचरण साहू को गिरिडीह का, अनिरुद्ध मंडल को गोड्डा का एवं राजकुमार बर्णवाल को देवघर का जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि प्रमोद चौधरी को संथाल परगना प्रमंडल का अध्यक्ष और गजेंद्र केशरी को महासचिव बनाया गया है। प्रकोष्ठ संगठनों में झारखंड वैश्य महिला मोर्चा का अध्यक्ष रेणू देवी (हरमू रोड़), कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी (डोरण्डा) व दीपारानी कुंज (धुर्वा) एवं महासचिव पूनम जायसवाल (रांची) को बनाया गया है। इसी तरह झारखंड वैश्य युवा मोर्चा का अध्यक्ष हलधर साहू (कांके), उपाध्यक्ष करण मंडल (गोमिया), महासचिव दिवाकर कुमार (आनंदी) एवं सचिव आदित्य पोद्दार (सुकुरहुट्टू) को बनाया गया है, जबकि झारखंड वैश्य छात्र मोर्चा का अध्यक्ष युवराज कुमार (अरगोड़ा), उपाध्यक्ष रवि कुमार (कैरो), महासचिव युगेश प्रजापति (लोहरदगा), सचिव मनोज चौरसिया (गुमला) एवं प्रवक्ता कुमार चाणक्य (खूंटी) को बनाया गया है। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि झारखंड में मंत्रिमंडल गठन का काम भी पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी वर्गों को कमोवेश प्रतिनिधित्व दिया है।

# कार्यालयों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं मंईयां सम्मान योजना की लाभुक: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मईयां सम्मान योजना को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिले सहित पूरे झारखंड में महिलाएं मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि के लिए अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। मरांडी ने कहा कि 18 से 50 वर्ष की उम्र की विधवा, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाएं, जो इस योजना के अंतर्गत आती हैं, उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा। कई महिलाओं ने चार से पांच बार आवेदन किया लेकिन फिर भी उनके खातों में



सम्मान राशि जमा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये देने का प्रावधान है लेकिन अधिकांश महिलाओं को राशि मिलना तो दूर, आवेदन स्वीकृति की स्थिति तक स्पष्ट नहीं है, इससे झारखंड की सभी माताएं बहनें परेशान हो रही हैं। कई मामलों में फार्म भरने और आवश्यक दस्तावेज देने के बावजूद योजना का लाभ नहीं मिला।

मरांडी ने कहा कि रामगढ़ जिले में भी स्थिति खराब है, जहां करीब 30 हजार महिलाओं को इस योजना की राशि अब तक नहीं मिली। प्रशासन की लापरवाही और प्रक्रियागत बाधाओं के कारण महिलाएं बार-बार कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण माताएं बहनें दिनभर लाइनों में खड़ी रहती हैं लेकिन इसके बाद भी उन्हें केवल और केवल निराशा मिलती है। उन्होंने कहा कि भले ही योजना का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना था लेकिन सरकार की लापरवाही और देरी के कारण महिलाओं को मुश्किलों एवं सही क्रियान्वयन न होने से आर्थिक रूप से परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.5 °c | 9.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.17 बजे |



## कल्पना सोरेन का वात्सल्य



शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में कल्पना सोरेन का वात्सल्य उमड़ पड़ा। राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों से मुलाकात के दौरान एक बच्चे को गोद में लेकर उन्होंने दुलार किया।

# केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी, धनवार और बरवाडीह में खुलेंगे केंद्रीय विद्यालय

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने देशभर में सिविल/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत 85 नये केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने तथा केवी शिवमोगा, जिला शिवमोगा, कर्नाटक के विस्तार को मंजूरी दी है। इनमें झारखंड के लिए 2 नये केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी मिली है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गिरिडीह जिला अंतर्गत धनवार प्रखंड में एक और लातेहार जिले के बरवाडीह में एक केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी मिली है। कोडरमा से लोकसभा सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का आभार प्रकट किया है।

85 नये केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना तथा निकटवर्ती 01 मौजूदा केंद्रीय विद्यालय केवी के विस्तार के लिए 2025-26 से आठ वर्षों की अवधि के लिए निधियों की कुल अनुमानित आवश्यकता 5872.08 करोड़ रुपये (लगभग) है। इसमें 2862.71 करोड़ रुपये (लगभग) का पूंजीगत व्यय घटक तथा 3009.37 करोड़ रुपये (लगभग) का परिचालन व्यय शामिल है। देश भर में 1256 कार्यात्मक केंद्रीय विद्यालय हैं, जिनमें से 03 विदेशी धरती पर मास्को, काठमांडू और तेहरान में स्थित हैं। इन केंद्रीय विद्यालयों में कुल 13.56 लाख छात्र अध्ययन कर रहे हैं। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक संरचना में लगभग 960 छात्रों की क्षमता वाले एक पूर्ण केंद्रीय विद्यालय के संचालन के लिए संगठन द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुरूप पदों के सृजन की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, 960 X 86 = 82560 छात्र लाभान्वित होंगे। प्रचलित मानदंडों के अनुसार, एक पूर्ण केंद्रीय विद्यालय 63 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में लगभग सभी केंद्रीय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूल के रूप में नामित किया गया है, जो एनइपी 2020 के कार्यान्वयन को रेखांकित करता है और अन्य के लिए अनुकरणीय स्कूल के रूप में कार्य करता है। केवी अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, अभिनव शिक्षण पद्धति और अद्यतन अवसंरचना के कारण उन स्कूलों में से एक हैं, जिनकी सबसे अधिक मांग है। हर साल केवी के कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और सीबीएसइ द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में केंद्रीय विद्यालयों के छात्रों का प्रदर्शन सभी शैक्षणिक प्रणालियों में लगातार सर्वश्रेष्ठ रहा है।

झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा का प्रथम सत्र दिनांक - 09/12/2024 (सोमवार) से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के **बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

ह./- (माणिक लाल हेम्ब्रम)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, राँची

ज्ञाप संख्या : जनसम्पर्क - 03/2024- 2880 / वि. स., राँची,
दिनांक : 07.12.2024

## आजसू पार्टी की समीक्षा बैठक आज



रांची (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम की समीक्षा करेगी। इसको लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन 8 दिसंबर को सुबह 11 बजे हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में होगा। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो पार्टी के संसदीय बोर्ड के सदस्यों और विधानसभा के प्रत्याशियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान चुनाव परिणाम से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जायेगी।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन संबंधित बैठक

# मल्चिंग और ड्रिप सिंचाई जैसी उन्नत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा दें : अजय

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की
- राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत फूलों की खेती की पहल को लेकर दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने शनिवार को सर्किट हाउस सर्कुलर रोड़ रांची में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के कार्यान्वयन का मूल्यांकन सम्बंधित बैठक की। इसमें रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, राज्य मंत्री के निजी सचिव, निखिल सारस्वत (आइआरएस) सहायक समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी रांची, आदित्य पांडेय एवं परियोजना निदेशक आइटीडीए संजय कुमार भगत, अपर नगर आयुक्त के अलावा जिला समन्वयक एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा द्वारा समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार के एवं जिले में किये गये नवाचारों की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की गयी। साथ ही अलग-अलग इंटीकेटर्स पर गहन समीक्षा कर जिले में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गयी। उन्होंने विशेष रूप से स्कूल के बुनियादी ढांचे में अंतराल को दूर करने एवं सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्रा द्वारा कौन-कौन से बड़े एग्जाम 12वीं पास करने के बाद निकाला है। इसकी जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से लेते हुए उन्हें कई आवश्यक निर्देश दिया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा द्वारा मल्चिंग और ड्रिप सिंचाई जैसी उन्नत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य पेशेवरों की कमी को दूर करने और विद्युतीकरण, स्वच्छता और सड़क विकास में परियोजनाओं में तेजी लाने पर जोर देते हुए संबंधित पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा द्वारा अपने दौरे के दौरान, ग्राम-हेसातू, पंचायत-गगरी, प्रखण्ड-ओरमांझी में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत फूलों की खेती की पहल का दौरा किया। प्रगतिशील किसान शशि भूषण शरण के नेतृत्व में यह परियोजना पांच एकड़ में फैली हुई है और टिकाऊ कृषि और ग्रामीण आजीविका में जिले की प्रगति को प्रदर्शित करती है। श्री टम्टा ने प्रयासों की सराहना की और सभी हितधारकों को रांची में परिवर्तनकारी विकास हासिल करने के लिए अपने योगदान को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें।

# लोगों की समस्या का निदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को समाहरणालय स्थित कक्ष में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों से क्रमवार फायर सेफ्टी, साफ-सफाई, पार्किंग, शौचालय की साफ-सफाई, लिफ्ट एवं अन्य सम्बंधित मामलों की जानकारी लेते हुए उन्हें कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी वरीय पदाधिकारियों को आई कार्ड देते हुए उन्हें विशेष रूप से कहा कि जन शिकायतों को प्राथमिकता दें। सभी अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मी समाहरणालय में आई कार्ड लगाकर आयें। सभी अधिकारी और कर्मी कार्यालय समय पर पहुंचें। सभी को समय का पालन करना अति आवश्यक है।

उपायुक्त ने बैठक में सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दिये गये उत्तरदायित्व का पालन अच्छे से करें। सभी कार्यों का निष्पादन सही समय से करें। उन्होंने विशेष से रूप से कहा कि लोगों के समस्या का निदान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी हालत में कोताही नही बरतें। लोगों की जिला प्रशासन से बहुत सारी अपेक्षाएं एवं उम्मीदें हैं, उन पर खरा उतरना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और जमीनी स्तर पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को उतारना हम सब संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

# हजारीबाग में हुई घटनाओं को लेकर कांग्रेसी दल डीजीपी से मिला, कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस नेत्री अंबा प्रसाद ने कहा कि स्व. उदय साहू की नृशंस हत्या सहित हजारीबाग जिले में हाल के दिनों में हुई चार बड़ी घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। उन्होंने इन आपराधिक घटनाओं को लेकर रांची में डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात कर इन घटनाओं पर गंभीर चर्चा की और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण देने के लिए हम पूरी तरह कटिबद्ध हैं। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, न्यास बोर्ड अध्यक्ष जयशंकर पाठक, और जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।

अंबा प्रसाद ने कहा कि हमारा संकल्प है कि स्व. उदय साहू के परिवार सहित अन्य पीड़ित परिवार को न्याय मिले और जिले में शांति व सुरक्षा का माहौल फिर से कायम हो।

# केंद्रीय एजेंसी का झारखंड पुलिस को पत्र, जिलावार कार्ययोजना तैयार कर खत्म करें माओवादी नेटवर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस को माओवादी नेटवर्क खत्म करने के लिए जिलावार कार्य योजना तैयार करने को कहा गया है। साथ ही जिलावार कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करने के लिए दिशा-निर्देश भी दिये गये हैं। केंद्रीय एजेंसी की तरफ से कहा गया है कि सीपीआइ-माओवादी से प्रभावित राज्यों के संबंध में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार, राज्य पुलिस को वहां के मौजूदा माओवादी नेटवर्क को खत्म करने के लिए विस्तृत जिलावार कार्य योजना तैयार करनी है।

## जिलावार कार्य योजना बनायें

- कार्रवाई के लिए इनपुट तैयार करें।
- जिले में एएनओ की प्रभावकारिता में सुधार करने की रणनीति तैयार करें।
- समर्पित इकाइयों द्वारा जांच और जिला पुलिस द्वारा किये जा रहे नक्सली मामलों की जांच की बारीकी से निगरानी करें।
- राज्य पुलिस नक्सल विरोधी अभियानों की जांच और निगरानी के लिए एक अलग इकाई बनाने पर विचार कर सकती है।
- जिला पुलिस करीबी निगरानी के लिए विशिष्ट नक्सल विरोधी मामलों की पहचान कर सकती है और कार्य योजना में इसका उल्लेख कर सकती है।
- नक्सलियों को सामान की आपूर्ति करने वाले संगठनों के प्रमुख सदस्यों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। संगठनों की सूचनाएं और उनसे संबंधित मामलों को एकत्रित कर जिलावार प्रस्तुत किया जा सकता है।
- नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आदिवासियों तक पहुंचने के लिए जिला पुलिस प्रयास करे, ताकि जिलों में संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन और संचालन कर उन्हें माओवादी दायरे से दूर किया जा सके।
- कार्य योजना में उच्चतम स्तर पर खुफिया जानकारी और परिचालन का नियमित पर्यवेक्षण शामिल हो सकता है।

# झारखंड में मौसम का उतार चढ़ाव, 10 से बढ़ेगी ठंड

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में ठंड का उतार-चढ़ाव बना हुआ है। सुबह और शाम में ठंड का एहसास होने लगा है। राज्य में शनिवार को मौसम साफ रहा। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रहा जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहने की अनुमान है लेकिन रविवार से ठंड बढ़ सकती है। इसकी वजह है कि कई इलाकों में बारिश की संभावना जतायी गयी है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य के उत्तर-पश्चिमी और इससे सटे कई इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, जिन इलाकों में बारिश के आसार हैं उनमें पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा और रांची जिला शामिल हैं। नौ दिसंबर को भी हल्की वर्षा की संभावना जतायी गयी है। आने वाले दो से तीन दिनों में मौसम में बदलाव आ सकता है। न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जाएगी। कई जिलों में सुबह कोहरा छाया रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की संभावना बन रही है। राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों पर एक सकुर्लेशन बन रहा है। पश्चिमी विक्षोभ और सकुर्लेशन मिलकर मौसम का मिजाज बदलेगा। देश के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के साथ बारिश हो सकती है।

इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि आज से बादल रहने की संभावना है। आठ और नौ दिसंबर को राज्य के कुछ जगहों पर बारिश होने की आशंका है। दस दिसंबर से फिर से आसमान साफ होने का अनुमान है। सुबह में कोहरा रहेगा, जिससे तापमान गिरेगा और फिर से 10 दिसंबर से ठंड और बढ़ेगी।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने गवर्नर से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के बीच झारखंड की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा हुई। राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है।

# झारखंड हाइकोर्ट ने सरकार को जमीन सर्वे की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को जमीन सर्वे की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने शुक्रवार को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को फरवरी तक रिपोर्ट जमा करने का समय दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार ने बताया कि राज्य में जमीन सर्वे का काम शुरू हो चुका है। लातेहार और लोहरदगा जिलों में सर्वे पूरा हो गया है। लेकिन बाकि जिलों में काम पूरा करने में अभी 6 महीने का समय लगेगा। वहीं याचिकाकर्ता गोकुलचंद ने अदालत को बताया कि झारखंड में 1980 से लैंड सर्वे का काम चल रहा है। लेकिन 40 से ज्यादा साल बीतने के बाद भी यह पूरा नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि सर्वे में देरी के कारण जमीन माफिया सक्रिय हो गए हैं और दस्तावेजों में गड़बड़ी कर जमीन की प्रकृति बदल कर उसकी खरीद-बिक्री कर रहे हैं। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

याचिकाकर्ता ने मांग की कि जमीन सर्वे का काम पूरा करने के लिए समय सीमा तय की जाए। अदालत ने इस मामले में सरकार से प्रगति रिपोर्ट मांगी है।

## चलकुशा में कार्यकर्ताओं ने विधायक अमित यादव का किया स्वागत



**चलकुशा/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधानसभा से तीसरी बार जीत दर्ज करने के बाद पहली बार चलकुशा पहुंचने पर भाजपा विधायक अमित कुमार यादव को कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्री यादव ने सलैयडीह, चलकुशा, मानगो, सुदन, कटधरा, बरियौन, मसकेडीह, चौबे, खरगू, खारी, बेगमकी, अलगडीहा पहूंच कर लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह लोगों कि जीत है। जनता हम पर दुबारा विश्वास जताया है। क्षेत्र की जनता के लिए में सदा सुख-दुख में खड़ा रहूंगा। और आगे छुटे हुए। अधुरे कार्य को पूरा करने का हर संभव प्रयास करुंगा। इस मौके पर सौकडो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माइनिंग डे एनएमएल पकरी बरवाडीह में धूमधाम के साथ मनाया गया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नौवीं कोल माइनिंग डे को एनएमएल पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। उत्सव की शुरूआत परियोजना प्रमुख और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फैज तैय्यब द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराने के साथ हुई। तत्पश्चात उन्होंने एनएमएल द्वारा हासिल महत्वपूर्ण उपलब्धियों की चर्चा की और पकरी बरवाडीह परियोजना की सफलता में प्रत्येक कर्मचारी और विभाग के असाधारण योगदान की सराहना की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एनएमएल और विशेष रूप से पकरी बरवाडीह की उपलब्धियां टीम वर्क और संघर्ष की ताकत का प्रतीक हैं। साथ ही, उन्होंने भविष्य के प्रति अपनी आशा व्यक्त करते हुए कहा, जब हम अगले वर्ष एनएमएल के दसवें स्थापना दिवस मनायेंगे तो मुझे विश्वास है कि सामूहिक प्रयासों के साथ हम और भी बड़ी उपलब्धियों को एक टीम के रूप में हासिल करेंगे। सीकरी साइट स्थित प्रशासनिक भवन के समक्ष आयोजित यह कार्यक्रम कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करने का एक अवसर बन गया। जिससे एनएमएल में एकजुटता और साझा दृष्टिकोण की भावना को और भी मजबूती मिली। गौरतलब है कि आज से ठीक नौ वर्ष पूर्व पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना से जो एनटीपीसी की पहली कोयला खनन परियोजना है उससे पहली बार कोयला निकाला गया था जिसे अब कोल माइनिंग डे के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब के अलावा विभागों के विभागाध्यक्ष और भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## बरकट्ठा में यक्ष्मा उन्मूलन अभियान



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सौ दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान का उद्घाटन प्रमुख रेणु देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज और संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि यक्ष्मा ( टीबी) को भारत से मुक्त कराने के लिए हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। उन्होंने उपस्थित सहिया लोगों को डोर टू डोर जाकर लोगों को जागरूक करने की बात कही। वहीं प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्ना रानी ने बताया कि भारत में यक्ष्मा मुक्त करने का संकल्प लिया गया। 24 मार्च को विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर टीबी रोग को लेकर विशेष अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है। इसके तहत टीबी को लेकर लोगों को जागरूक किया जायेगा। दो से तीन सप्ताह लगातार खांसी होने और खांसी के साथ खून आना, सांस फूलना, थकान जैसे लक्षण पर चिकित्सक से परामर्श लेकर दवा लेनी चाहिए। यक्ष्मा के लिए स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त जांच की सुविधा है। यक्ष्मा रोगी के लिए मुफ्त दवा और 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। बताया गया कि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। यह बीमारी एक से दूसरे में सांस के माध्यम से फैलता है, इसलिए जरूरी है कि ससमय जांच कराय जाये। इसके लिए सामाज में जागरूकता जरूरी है। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज, एमओ डॉ राकेशवर प्रसाद, पंसस युसूफ अंसारी, डॉ फातिमा बीबी, सोनी रविदास, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद, मिथलेश भारती, दशरथ मोदी, लेखापाल भावेश सिंह, प्रकाश पंडित समेत सहिया दीदी और अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## मोबाइल मेडिकल वैन यूनिट सेवा की शुरुआत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए और जिला प्रशासन से निर्देश प्राप्त कर भारत के सीमेंट निर्माता डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल) ने आज झारखंड के हजारीबात में एक नई मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) लॉन्च की। यह यूनिट दूर-दराज के गांवों तक पहुंचकर जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं और संसाधन उपलब्ध करायेगी, जो आमतौर पर ऐसे क्षेत्रों तक पहुंच पाना मुश्किल होता है। इस पहल की शुरूआत मानव कल्याण के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी संस्था वॉकहार्ट फाउंडेशन के साथ मिलकर 100 दिवसीय तपेदिक (टीबी) जागरूकता अभियान के साथ शुरू हुई। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को टीबी के प्रति जागरूक करना, उन्हें शिक्षित करना और स्क्रीनिंग के माध्यम से शुरूआती पहचान और समय पर उपचार को सुनिश्चित करना है। एमएम का उद्घाटन हजारीबाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सिविल सर्जन, डॉ सरपू प्रसाद सिंह तथा इथन्यूएचओं के सलाहकार, डॉ अरुण सेल्विन ने किया। यह यूनिट आसपास के पांच गांव पर्रा, चट्टी बरियातु, नवाखाप, गोपदा और डुमरी में टीबी जागरूकता और जांच सेवाएं प्रदान करेगी। इस मोबाइल यूनिट के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

# दुष्कर्म की घटना के खिलाफ सेविका सहायिकाओं का आक्रोश-प्रदर्शन

**न्याय की मांग को लेकर समाहरणालय पर जमकर नारेबाजी की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** आंगनबाड़ी सेविका के साथ दुष्कर्म की घटना के खिलाफ सेविका सहायिकाओं ने आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन कर न्याय की मांग को लेकर समाहरणालय पर जमकर नारेबाजी की। इससे पूर्व आंगनबाड़ी यूनियन की जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद और जिला सचिव वर्षा रानी के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से समाहरणालय तक सीटू और झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन के बैनर तले जुलूस निकाला गया। जुलूस में आक्रोशित सेविका सहायिकाओं द्वारा बलात्कारी अपराधी को फांसी दो, कामकाजी महिला को सुरक्षा दो, महिलाओं के साथ यौन शोषण पर रोक लगाओ आदि नारे लगाये जा रहे थे। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि आंगनबाड़ी की सेवा महिला और बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित होता है और उसी आंगनबाड़ी केंद्र में काम करने वाली महिला सुरक्षित नहीं है, तो आम महिलाओं को सुरक्षा कैसे मिलेगा। अपराधियों में कानून का खौफ नहीं है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सरकार का नारा झूठा है। सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि प्रशासन को शर्म आना चाहिए कि जिला मुख्यालय से दो किलो मीटर की दूरी पर काम करने वाली महिला सुरक्षित नहीं है। घटना के दिन पीड़िता का मेडिकल जांच नहीं होना पुलिस प्रशासन की लापरवाही साफ झलकता है। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि आये दिन सरकार के द्वारा बीएलओ से लेकर अन्य कई तरह के कामों में लगाया जाता है, जिसमें देर शाम तक काम करना पड़ता है। जिसमें हमलोग असुरक्षित महसूस करते हैं। जिस प्रकार से हमारी आंगनबाड़ी परिवार की बहन के साथ यह घटना हुई है, उससे हमें अब डर महसूस होने लगा है। आंदोलन को झारखंड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव असीम सरकार ने भी समर्थन किया। प्रदर्शन उपरांत पुलिस अधीक्षक के नाम 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया जिसमें मुकदमा की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर अपराधी को कठोर से कठोर सजा देने, पीड़िता को समुचित मुआवजा देने, आंगनबाड़ी सेविका सहित सभी कामकाजी महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने आदि मांगें शामिल है। सुनीता सिहं, शकुंतला मेहता, मंजू मेहता, कविता यादव, कुमारी अनामिका, दीपा, संध्या वर्णवाल, मंजू देवी, आशा देवी, सुनीता देवी, देवंती, गुंजा, संध्या, रीता, रेखा, प्रभा, पुनम, रामदुलारी, कोमन रानी, संजू, संगीता, रूमी खानम, मुशरत, नासरीन, सरवरी खातुन, तर्रनुम, शीला, रीना, पिंकी, कांति, निर्मला, गायत्री, कंचन, गीता, मीणा, किरण, श्रुति, ललिता देवी, मीना सहित काफी संख्या में सेविका सहायिका मौजूद थी।

# एडीआरएम के निरीक्षण में यात्री सुविधाओं में सुधार पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** कोडरमा रेलवे स्टेशन पर एडीआरएम (अपर मंडल रेल प्रबंधक) विनीत कुमार और अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान यात्री सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की गयी। टिकट और अन्य सेवाओं के लिए क्यू आर कोड के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया गया, क्योंकि फिलहाल यात्रियों में इसकी जागरूकता कम है। अधिकारियों ने बताया कि पीआरएस (पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम) और यूटीएस (अनरिजर्व्ड टिकट सिस्टम) काउंटर पर क्यू आर कोड उपलब्ध हैं, लेकिन यात्रियों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। निरीक्षण के दौरान पे एंड यूज शौचालय और पार्किंग के लिए पिछले बार के निरिक्षण मे दीवारों पर दरें नहीं लिखी पायी गयीं थी जो इस बार पाया गया। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी और भ्रम की स्थिति से बचा जा सकेगा। गोड्डा से दिल्ली के अलावा अन्य ट्रेनों के लिए भी कोडरमा स्टेशन पर पांच मिनट का ठहराव सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि इससे पार्सल माले के परिवहन में वृद्धि होगी और रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा। उन्होंने जानकारी दी कि पार्सल से राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना हो चुका है, जो इस दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। वहीं प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर बंद पड़े खाने-पीने के चार स्टॉलों के लिए नया टेंडर जल्द जारी होगा। डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) से पाइपलाइन के माध्यम से स्टेशन पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की गयी है। प्लेटफॉर्म पर अब पर्याप्त पानी उपलब्ध है और जल्द ही रेलवे कॉलोनी में भी पानी की आपूर्ति शुरू होगी।

## लाभुकों को पूरा राशन देने का उप प्रमुख ने दिया निर्देश



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के उप प्रमुख रविकांत सिंह ने जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों पर हो रही अनियमितताओं पर सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि लाभुकों को पूरा राशन मुहैया कराना दुकानदारों की जिम्मेदारी है। यदि राशन वितरण में कमी या कालाबाजारी की शिकायतें सत्यापित होती हैं, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। रविकांत सिंह ने यह भी कहा कि संपन्न परिवारों द्वारा गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाकर गरीबों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। ऐसे मामलों की जांच कर, दोषियों पर जल्द ही कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड के विभिन्न पीडीएस दुकानों से लाभुकों की शिकायतें लगातार मिल रही हैं कि उन्हें निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है। इस पर उप प्रमुख ने अधिकारियों को सख्ती से जांच करने का आदेश दिया और दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की गड़बड़ियां बर्दाश्त नहीं की जायेंगी।**

# सीबी कोल माइंस में निरीक्षण दिवस समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** एनटीपीसी की सीबी कोल माइंस में आयोजित खान सुरक्षा सप्ताह 2024 के उपलक्ष्य में चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना मे निरीक्षण दिवस का आयोजन धोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर टीम ने सीबीसीएमपी का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डीएमएस रत्नाकर सुंकी और आइएसओ पर्यवेक्षक अशोक कुमार भी उपस्थित थे। इस मौके पर नवीन गुप्ता, महाप्रबंधक, चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना भी मौजूद थे। समारोह के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई जिसके बाद सुरक्षा की शपथ ली गयी। इस दौरान विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किये। सुरक्षा के महत्व को उजागर करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण किया गया ताकि उनकी मेहनत और समर्पण को सराहा जा सके। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद टीम ने खदानों का दौरा किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी सम्माननीय व्यक्तियों ने हश्यों के बीच पौधरोपण भी किया जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता व्यक्त हुई। यह समारोह कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और खदानों में सुरक्षा की उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। यह सुरक्षा सप्ताह 2024, 04 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा और इसमें विभिन्न गतिविधियां कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और उत्साह को और बढ़ायेंगी।

# सीमा सुरक्षा बल के 365 नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण पूरा कर दीक्षांत परेड में हुए शामिल

**सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग के बैच संख्या 167 और 168**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल मेरु स्थित रानी झांसी परेड ग्राउंड में शनिवार को सीमा सुरक्षा बल के 365 नवआरक्षकों (सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग के बैच संख्या 167 और 168) 44 सप्ताह के कठिन परिश्रम, लगन और साधना के पश्चात बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत परेड में शामिल हुए। कमलजीत सिंह बनयाल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय और सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत परेड की सलामी ली। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, लोक प्रतिनिधि सहित संस्थान के अन्य अधिकारीगण और नवआरक्षकों के परिजन उपस्थित रहे। दीक्षांत परेड में शामिल 365 नवआरक्षकों ने राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष संविधान की शपथ ली और राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाये रखने के लिए खुद को समर्पित करने का प्रण लिया। बतौर मुख्य अतिथि कमलजीत सिंह बनयाल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र, विद्यालय और सहायक प्रशिक्षण केंद्र सीमा सुरक्षा बल हजारीबाग ने अपने संबोधन में नवआरक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि आज के दीक्षांत परेड के बाद वे औपचारिक तौर पर, सीमा सुरक्षा बल में, कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रथम कदम रखने जा रहे हैं। उन्होंने नवआरक्षकों के माता-पिता और परिजनों को भी बधाई देते हुए कहा की आपने-अपने सपूतों को सीमा सुरक्षा बल में भेजकर राष्ट्र-सेवा के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने सहायक प्रशिक्षण केंद्र के कुशल अनुदेशकों की टीम को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सराहना की।

## भारी वाहन नो एंट्री का कर रहे हैं उल्लंघन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव मुख्य चौक में भारी वाहनों के द्वारा नो एंट्री समय का, खूब उल्लंघन हो रहा है। इन भारी वाहनों के कारण बड़कागांव में आये दिन बड़ी दुर्घटनाएं होते रही है। जिसमें अब तक कई लोगों की जाने भी गयी है। परंतु प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है। जो काम प्रशासन को करना चाहिए उस काम को स्थानीय ग्रामीण सड़क पर उतरकर अपने हाथों में ले लिया है, और नो एंट्री के समय में आवागमन कर रहे भारी वाहनों को रोक कर पुलिस के हवाले किया जा रहा है। इतना ही नहीं लोगों को नो एंट्री को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। ग्रामीण और व्यापारी वर्ग के लोगों का कहना है कि अहले सुबह से ही बच्चे ट्यूशन और अपने-अपने शिक्षण संस्थान अध्ययन के लिए आना जाना करते हैं। नो एंट्री के समय में भारी वाहनों के प्रवेश होने से विद्यार्थियों के साथ बड़ी दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। ये भारी वाहन दिन में भी बेपरवाह होकर बड़कागांव के भरी आबादी वाली सड़क से होकर गुजरता रहता हैं। जिस कारण दिन में काफी लंबी सड़क जाम की समस्याओं से ग्रामीणों को जूझना पड़ता है। इस दौरान कई बार लंबे समय तक मरीज ले जा रहे एंबुलेंस को भी जाम छूटने का इंतजार करना पड़ता है। इसलिए नो एंट्री का शक्ति से पालन के लिए पुलिस प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ताकि आम ग्रामीण या विद्यार्थी को बड़ी वाहनों के चपेट में आने व दुर्घटना से बचाआ जा सके। बड़कागांव मध्य पंसस रितेश ठाकुर और सिविल सोसाइटी बड़कागांव के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से, भारी वाहनों के द्वारा हो रहे नो एंट्री के उल्लंघन पर विशेष ध्यान देने की अपील की है।

## विद्यार्थियों को दिया गया शिक्षा किट



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकर के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के द्वारा बच्चों के बीच शत प्रतिशत साक्षरता दर बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों के बीच कई जगरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी के तहत इचाक प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डाढा में शनिवार को कक्षा 6 से 8 तक 114 विद्यार्थियों के बीच विद्यालय किट योजना के अंतर्गत शिक्षा सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया गया। किट में बैग और कॉपी शामिल है। इस दौरान डाढ़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दयानंद मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में मानव जीवन के लिए शिक्षा अति महत्वपूर्ण है। बच्चे शिक्षा से जुड़कर उज्जवल भविष्य बना सकते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधालय अध्यक्ष टिकेश्वर प्रजापति, चितरंजन दास, सहायक अध्यापक उर्मिला कुमारी, मनोज कुमार, सत्यनारायण दास के अलावे विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

## यक्ष्मा उन्मूलन अभियान शुरू



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी में यक्ष्मा टीवी रोग उन्मूलन अभियान की शुरुआत शनिवार की गयी। आज से अब अगले सौ दिनों तक यक्ष्मा टीवी रोग के प्रति लोगों को सतर्कता और इससे बचाव के लिए उपाय के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशनलाल चौधरी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा की यक्ष्मा टीवी रोग से लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि समय पर इलाज करवाने और सतर्कता बरतने की जरूरत है। आगे कहा की चिकित्सक भगवान का रूप होते हैं आप सबों को ईमानदारी पूर्वक वहीं प्रमुख सुनीता देवी ने विधायक रोशनलाल चौधरी से क्षेत्र में कोल कंपनियों की भरमार और इससे प्रभावित होकर विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रखंड स्तर पर बृहद रूप बैठक कर रणनीति बनाने की बात कही। इस पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा की बहुत जल्द एक बैठक आयोजित किया जायेगा। जिसमें क्षेत्र की समस्याओं के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा कर आगे की रणनीति बनायी जायेगी। मौके पर प्रमुख सुनीता देवी, उपप्रमुख अमेरिका महतो, पंकज साहा, कर्मचारी साव, नरेश महतो, अमित प्रसाद गुप्ता, अशेश्वर यादव, प्रीतम साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## सफलता पर अभिषेक सोनी को दी बधाई



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड निवासी व्यवसायिक एतवारी स्वर्णकार के पुत्र अभिषेक सोनी ने झारखंड सीजीएल में फाइनल क्वालीफाई कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बरकट्ठा विधानसभा के निर्दलीय उम्मीदवार रहे सुरेन्द्र प्रसाद मोदी ने अभिषेक सोनी को मुंह मीठा कराया और उसके उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। हमारी कामना है कि वह जीवन में खूब तरक्की करे और अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करे। बधाई देने वालों में शशिकांत प्रसाद, विनोद सिंह, सतीश पांडेय, अमरदीप शर्मा, सुभाष स्वर्णकार, गौतम सिंह, डॉ मुकेश पांडेय, संतोष साव, शिवशंकर राणा, विनोद साव, उदय शंकर पासवान, प्रकाश वर्मा, मनोज वर्मा सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दिया है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में वॉल पेंटिंग कार्यक्रम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा क्लास रूम के अंदर और बाहर की दीवारों पर कई तरह की तस्वीर बनायी गयी। इन तस्वीरों में कार्टून कॉर्नर से लेकर महापुरुषों, पर्यावरण सुरक्षा, सेव द प्लांट, सेव द अर्थ जैसे महत्वपूर्ण तस्वीर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मुख्य अतिथि के रूप में कैपिटल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉक्टर प्रमोद कुमार थे। उन्होंने बच्चों द्वारा की गयी वॉल पेंटिंग का निरीक्षण किया और काफी सारा़हा। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के बच्चे और अप्रतिम प्रतिभा के धनी हैं। यह खुशी की बात है कि यहां का स्कूल मैनेजमेंट बच्चों को उनकी हर तरह की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है। इसके पहले विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने उनका स्वागत बुके देकर किया। कार्यक्रम में शिक्षिका कुंतल जेठवा, मनोज सिंह, सपना शर्मा, पूजा सलूजा, सरोज पांडेय, रूबी वर्मा, पेंटर करण केडी, प्रियंका सिंह, रंजीता मिश्रा, दीक्षा सिंह, रेखा राणा, अलका सिंह, सुपर्णा डे, मरियम हसन, अनुष्का शर्मा, लता सिन्हा बच्चों में सना परवीन, पायल, नयन, साक्षी, सोनाक्षी कुमारी, शेफा नाज, आध्या, तेजस्वी, वर्तिका कुमारी, अंजलि कुमारी, अनवी कुमारी, अंजलि कुमारी, गौरी कुमारी, आमना बहादुर, जजनाब फातिम, नैतिक राज, अभिमान, रेहान अंसारी, मोंटि, साक्षी राज, श्रुति, पीहू, उत्तम, प्रत्युषा शर्मा सहित अन्य बच्चों का विशेष योगदान रहा।

## उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ किया लक्ष्मणपुर भेड़ी फार्म डैम का निरीक्षण



**चतरा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप ने उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा और प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के साथ चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के चर्चित पिकनिक स्पॉट लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान शौचालय की व्यवस्था पेयजल, साफ सफाई समेत अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर पूर्व में सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्य करने वाले संवेदक को निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति ठीक नहीं है रहने के कारण उसका मरम्मती और रंग रोगन जल्द से जल्द कराना सुनिश्चित करने और प्रखंड विकास पदाधिकारी को शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही वोटिंग की भी सुविधा प्रारंभ करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके अलावे उपायुक्त ने लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डैम में सेल्फी प्वाइंट भी बनाने पर भी जोर दिया।

## भीम आर्मी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ जुगेश दास ककहिया गांव पहुंचे



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत अंतर्गत ककहिया गांव में शनिवार को भीम आर्मी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ जुगेश दास पहुंचे। उन्होंने वन विभाग द्वारा घरों को तोड़े जाने का विरोध किया और कहा कि गरीबों के साथ अत्याचार किया गया है। साथ ही ग्रामीणों द्वारा कुछ बच्चे बीमार होने की बात की जानकारी मिलते ही इन्होंने अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा को टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर स्वास्थ्य विभाग को ककहिया गांव भेजने को कहा। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंचकर बीमार लोगों को स्वास्थ्य चेकअप कर दवा दिया। उन्होंने गांव वाले को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। मौके पर भीम आर्मी कार्यकर्ता संजय दास, समाज सेवी सह आजाद समाज पार्टी के जिला उप सचिव मनोज कुमार,समेत कई गांव वाले उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिया गया स्वेटर



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव द्वारा शनिवार को जोरी आंगनबाड़ी केंद्र में 80 बच्चों के बीच गरम पोशाक (स्वेटर) का वितरण किया गया। पोशाक मिलने पर बच्चों में खुशी देखी गयी। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि ने आंगनबाड़ी सेविका को समय से बच्चों को बीच पोषाहार वितरण करने और केन्द्र को सुचारू रूप से खोलना समेत अन्य निर्देश दिया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी ने शनिवार को पैंकी नदी में छापामारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू लाद रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही, उसे जब्त कर कुजू पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि क्षेत्र में प्रतिदिन अवैध रूप से बालू का कारोबार जारी है। जिसे क्षेत्र में कई जगहों पर अवैध भंडारण कर ऊंचे दामों पर बालू तस्करों द्वारा बेचने का खेल जारी है। तस्कर रोजाना अहले सुबह गिद्दी, ललपनिया और चैनपुर की तरफ से दर्जनों ट्रैक्टर बालू मंगवाते है। साथ ही, भंडारण किये बालू को अहले सुबह में गंतव्य को भेज देते है।

## तोपा में मना सीसीएल खान सुरक्षा सप्ताह



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा परियोजना का 67वां सीसीएल खान सुरक्षा सप्ताह तोपा सामुदायिक भवन में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ ज्योत जलाकर किया गया। इसके बाद सीसीएल का कॉरपोरेट गीत बजाया गया। वहीं, परियोजना के मृत कर्मियों के लिए एक मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रांची मुख्यालय से आये जांच टीम में डीडीएमएस मैकेनिकल रवींद्र बोनथा, आइएससो से प्रियंका प्रसाद, झारखंड परियोजना के पीओ ललन कुमार राय, मैनेजर दीपक कुमार, शशि भूषण कुमार, प्रोजेक्ट इंजिनियर सौरभ तिवारी, कौशलेंद्र कुमार, बसंत राम, सतीश खेरवार मौजूद रहे। अपने संबोधन में डीडीएमएस रवींद्र बोनथा ने कहा कि खदानों में कर्मियों के लिए प्रत्येक दिन एक चुनौती भरा होता है। सुरक्षा सप्ताह में उन चुनौतियों से निपटने की तैयारी की जांच की जाती है। इससे पूर्व, परियोजना प्रबंधन द्वारा अतिथियों का आरती कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान तोपा परियोजना के विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीसीएल कर्मियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात जांच टीम ने तोपा परियोजना के खुली खदान का अवलोकन किया। कार्यक्रम में काफी संख्या में सीसीएल कर्मी मौजूद रहे।

## उप मुखिया ने सड़क पुल का किया निरीक्षण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पूर्वी पंचायत की उपमुखिया कुमारी नीलम ने पंचायत अंतर्गत कसेराधौड़ा से तीन नंबर तक करीब एक करोड़ रुपए की लागत से बन रहे सड़क और पुलिया निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संवेदक रोहित चौधरी को पुल निर्माण कार्य में गुणवत्ता पूर्ण करने का आदेश दिया। वहीं, कुमारी नीलम ने कहा कि पंचायत में बेहतर कार्य कराना हमारा संकल्प है।

# कोयला तस्करों पर हुई बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार

**एसपी की क्यूआरटी टीम ने रजरप्पा और गोला थाना क्षेत्र में की छापेमारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा और गोला थाना क्षेत्र में कोयला तस्करों की सक्रियता लगातार पुलिस को चुनौती दे रही थी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार के द्वारा बनायी गयी क्यूआरटी टीम ने शुक्रवार की रात छापेमारी कर कोयला तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। रजरप्पा थाना क्षेत्र से कोयला लादकर गोला थाना क्षेत्र से पास कर रहे कोयला लदी गाड़ियों को जब्त किया गया और चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की पुष्टि रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी और यह बड़ी सफलता मिली है। छापेमारी के दौरान गोला थाना के भैरवी पुल के समीप कांटा घर से अवैध कोयला लदा पिकअप वैन जेएच 01 एटी 6531 को जप्त किया गया। साथ ही साथ इस कारोबार को संचालित कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। इनकी गिरफ्तारी के बाद स्पेशल टीम ने जप्त गाड़ी और गिरफ्तार तस्करों को गोला पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद स्पेशल टीम द्वारा रजरप्पा थाना क्षेत्र के मंदिर घाट के समीप छापेमारी की गयी जहां पर भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया गया। साथ ही साथ इन कोयला को वजन करने के लिए वेट मशीन को जब्त किया। छापमारी संपन्न होने पर इसकी सूचना रजरप्पा पुलिस को दी गयी।



### पुलिस को चकमा देकर कर रहे थे तस्करी

बीते कई दिनों से रजरप्पा और गोला थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से लगातार कोयला तस्करी की सूचना मिला रही थी। इन थाना क्षेत्र से अवैध कोयले का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। एक लंबा सिण्डिकेट इस तस्करी को अंजाम दे रहा था। एसपी की स्पेशल टीम द्वारा कार्रवाई के बाद संभावना जतायी जा रही है कि तस्करों को चिन्हित कार्रवाई की जायेगी।

### सिखों के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर का शहीदी दिवस गुरुद्वारा साहिब में मना

# चिंता ताकी कीजिये जो अनहोनी होय...

**कार्यक्रम में प्रसिद्ध रागी भाई बलदेव सिंह बुलंदपुरी ने मधुर शब्दों का गायन कर साध संगत को निहाल किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर म मेन रोड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में शनिवार को सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस मनाया गया। इसे लेकर गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया। इस दौरान स्त्री सत्संग द्वारा विशेष दीवान का शुभारंभ संध्या 6 से होकर रात्रि 10 बजे समापन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध रागी भाई बलदेव सिंह बुलंदपुरी ने मधुर शब्दों का गायन कर साध संगत को निहाल किया। श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी गुरु पर्व को लेकर एक दिन पहले गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी भी निकल गयी थी। गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अपने वचनों से संगत को शहीदी की गुरु सीख की राह बतायी। चिंता ताकी कीजिये जो अनहोनी होय, नह निंदिआ नहिं उसतति जाकै लोभ मोह अभिमाना। हरख सोग ते रहै निआरऊ नाहि मान अपमाना। वहीं अरदास के साथ ही दीवान की समाप्ति हुई। इसके उपरांत अवसर गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर चलाया गया। कार्यक्रम में स्त्री सत्संग की प्रधान बलविंदर कौर छाबड़ा, मित प्रधान परमजीत कौर, बबली सोनी, रोमी छाबड़ा, सुमी जौली, नवल मल्होत्रा, पम्मी कौर, चरणजीत जौली, सुमी जौली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर, मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर, बलविंदर कौर, सतविंदर कौर शामिल हुई। कार्यक्रम में रामगढ़ गुरुद्वारा परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, रविंदर सिंह छाबड़ा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, कुलजीत सिंह कालरा, इंद्रजीत सिंह होरा, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबड़ा, शरद चमन, अंकित कालरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, राजू कालरा, विक्की छाबड़ा, अंगद चंडोक, हरेंद्र छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, हरपाल सिंह अरोड़ा, शतप्रीत सिंह मिंटू, राजू छाबड़ा, नरेंद्र सिंह चमन, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, जगजीत सिंह, रिंटू छाबड़ा, पप्पू जस्सल, कुलवंत सिंह मारवाह, रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, रोमी छाबड़ा, जगजीत सिंह जग्गी, अंगद चंडोक, इकबाल सिंह, पृथ्वी पाल सिंह चंदेल, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, नीतू सिंह जस्सल आदि उपस्थित थे।



# उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पहुंचे रामगढ़ कोर्ट, संघ ने की मुलाकात

**अधिवक्ताओं के लिए जल्द निर्माण कराया जायेगा भवनः नवनीत कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार शनिवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ पहुंचे। इस दौरानउनसे जिला अधिवक्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल की अध्यक्षता में मुलाकात किया। मौके पर अधिवक्ताओं ने भवन निर्माण और अन्य सुविधाएं बहाल करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीशों के साथ मिलकर न्यायिक कार्य का त्वरित निष्पादन कर रहे हैं। इस अवसर पर न्यायमूर्ति नवनीत कुमार ने संघ को भरोसा दिलाया कि संघ के भवन के बाबत पत्राचार होने पर शीघ्र ही अधिवक्ताओं के बैठने के लिए उचित भवन का निर्माण किया जायेगा। साथ ही अधिवक्ताओं को होने वाली अन्य परेशानियों का भी निदान शीघ्र किया जायेगा। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे, जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष ऋषि महतो, महासचिव सीताराम, अधिवक्ता प्रकाश सिंह, बहादुर महतो, अनुज सिंह, राजकुमार अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, मोइन खान, विकेश कुमार, नौशाद अहमद जिलानी, राजेंद्र महतो, झलकदेव महतो, अभिषेक दराद और अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।



## बीजीआर कंपनी ने कुंडी में खोला कैंप कार्यालय

**टंडवा(आजाद सिपाही)।** संघमित्रा कोल परियोजना में कोयला खनन का ठेका लेने वाली बीजीआर कंपनी ने अपना कैंप कार्यालय कुंडी मगध कार्यालय के समीप खोली है। कंपनी के भानु रेड्डी ने पूजा-अर्चना कर कार्यालय का शुभारंभ किया। मालूम हो कि मगध संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत संघमित्रा परियोजना में टंडवा और बालूमाथ थाना क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव की जमीन अधिग्रहित की गयी है। उक्त परियोजना का ठेका एमडीओ मोड में 25 वर्ष के लिए बीजीआर को दिया गया है। उक्त परियोजना से प्रतिवर्ष 20 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य है। परियोजना विस्तार में 2254 हेक्टेयर जमीन प्रस्तावित है इस अवसर पर संघमित्रा परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, भानु रेड्डी सत्यनारायण रेड्डी, भीम साहू, राजेश साव, सीताराम साहू, हुलासी साहू, जुगेश्वर साहू, विकास आदि उपस्थित थे।

### सरकारी जमीन हेराफेरी मामले में प्रतापपुर के तत्कालीन अंचल अधिकारी पर गिरी गाज

# दाखिल खारिज के मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** विभागीय कार्य के प्रति लापरवाह और अनुशासनहीन कई पदाधिकारियों और कर्मियों के विरुद्ध उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा प्राथमिकी दर्ज करते हुए विभागीय कार्रवाई किया जा चुका है। इसी क्रम में तत्कालीन प्रतापपुर अंचल अधिकारी नित्यानंद दास के विरुद्ध पूर्व से उजागर जमीन के हेरफेर मामले, सरकारी नियम के विरुद्ध सरकारी जमीन का गलत तरीके से ऑनलाइन करने, गलत तरीके से एक मुश्त रसीद काटने और स्वेच्छाचारिता, मनमानेपन, अनुशासनहीनता और कार्य के प्रति लापरवाही विरूद्ध गठित आरोपों के आलोक में प्रपत्र क का गठन करते हुए विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है। उपायुक्त ने कहा कि तत्कालीन अंचल अधिकारी के इस तरह का रवैया झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली-2001 के नियम के प्रतिकूल है।

### राजस्व उपनिरीक्षक नारायण झा का क्या है पूरा मामला

प्रतापपुर अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक नारायण झा के द्वारा जमीन का दाखिल खारिज के नाम पर अवैध राशि की वसूली से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आलोक में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा मामले को संज्ञान मे लेते हुए जांच टीम की गठन की गयी थी। प्रतापपुर प्रखंड के बभने गांव की आवेदिका द्वारा दाखिल खारिज कराने के नाम पर राशि की लेन देन के आरोप की जांच के दौरान तत्कालीन सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव द्वारा 16 अगस्त 2024 को नारायण झा राजस्व निरीक्षक प्रतापपुर अंचल से घटना स्थल उनके सरकारी आवास पर जाकर उनसे पुछताछ की गयी। पुछताछ के क्रम में राजस्व निरीक्षक द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उक्त दाखिल खारिज के एवज में पैसे की लेन देन से संबंधित जो वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही है वह इसी जगह का है और इस वीडियो में मै ही हूं। मेरे द्वारा ही पैसे की गणना की जा रही है। जांच के क्रम में यह भी पाया गया कि झा प्रश्नगत भूमि से संबंधित हल्का के राजस्व उपनिरीक्षक भी नहीं है। झा द्वारा उक्त संबंधित हल्का के राजस्व उपनिरीक्षक नहीं रहने के बावजूद दूसरे हल्का का कार्य करने, दाखिल खारिज कराने के एवज में अंचल के अन्य कर्मी, पदाधिकारी और अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की भी संभावना प्रतीत होती है। उक्त आलोक में सरकारी कार्य करने के एवज में पैसे का लेन देन करने, पैसे की अवैध राशि की वसूली करने के आरोप में नारायण झा राजस्व उपनिरीक्षक, अन्य संलिप्त कर्मी, पदाधिकारी और संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए सुसंगत धाराओं के तहत विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की गयी है। इसी मामले में राजस्व निरीक्षक नारायण झा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। जिसपर अभियोजन स्वीकृति दे दी गयी है। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत किसी भी अंचल से प्राप्त होती है तो संलिप्त अधिकारियों/कर्मियों को बिलकुल ही बख्शा नहीं जायेगा।



## गोमिया को विकसित और मॉडल विधानसभा बनाना मेरा पहला मकसद है : मंत्री योगेंद्र



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार में नये मंत्रिमंडल का विस्तार के बाद विभाग का बटवारा मिलने के पश्चात झारखंड के मंत्री बनने पर दर्जनों अलग-अलग स्थानों से कई संगठन से जुड़े बुद्धिजीवी मंच, स्वयंसेवी संस्था, नेता कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी सिदो*कान्हू का प्रतीक चिन्ह देखकर बधाई दिया, झारखंड सरकार के विभागीय मंत्री बनने पर माला पहनाकर बुके देकर बधाई और शुभकामनाएं दी गयी। सुबह से ही पैतृक आवास पर मिलने के लिए लगातार लोगों का तांता लगा रहा, झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जाहिर किया मुरुबंदा गांव पहुंचकर बधाई और शुभकामना देने वाले भारी संख्या मे लोग पहुंचे मुख्य रूप से चतरो चट्टी, बगदा गोमिया साडम, तेनुघाट लालपनिया, गोमिया, पेटरवार, कसमार सहित विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों लोग रामगढ़ चितरपुर प्रखंड में स्थित पैतृक आवास मुरुबंदा पहुंचे बधाई दें रहें है, इस अवसर पर पेयजल स्वच्छता और उत्पाद विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया, इस दौरान मंत्री योगेंद्र ने कहा कि गोमिया विधानसभा में पड़ने वाले पास पड़ोस के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार मुहैया कराना होगा हमारी प्राथमिकता, झारखंड के गोमिया विधानसभा को एक विकसित विधानसभा बनाना मेरा लक्ष्य है मॉडल तर्ज पर गोमिया का होगा विकास पेयजल स्वच्छता मंत्री ने कहा कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों में नल से जल घर-घर तक पहुंचाना है। ग्रामीण क्षेत्र की मूलभूत समस्या सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा स्वास्थ्य को दुरुस्त करना सुदूरवरती इलाकों में सड़कों का जाल बिछाया जायेगा, मकसद, इस मौके पर कई संगठन के लोगों ने मंत्री के स्वागत में शामिल हुए!

## किसानों को दिया गया बीज



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) रामगढ़ के चितरपुर प्रखंड में प्रखंड कृषि पदाधिकारी चित्रा सिंह मुंडा, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली, सहायक तकनीकी प्रबंधक निरंजन कुमार और अनामिका टेटे की उपस्थिति में किसानों को खाद्य पोषण सुरक्षा (कृषिन्नोति योजना) और ट्रफा योजना 2024-25 के तहत दलहन और तेलहन की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्यक्षण कार्य के लिए बीज उपलब्ध कराया गया लाभुक किसानों को प्रत्यक्षण कार्य कैसे करनी है इस संबंध विस्तृत जानकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली के द्वारा दी गयी। जैसे खेत की तैयारी कैसे करे, बीजोपचार कैसे करेंगे, पंक्तिबद्ध तरीके से खेती कर अधिक उत्पादन ले सकेंगे। आइएनएम व आइपीएम के अनुशंसित मात्रा में प्रयोग करने के खेती में क्या फायदे है इस संबंध में प्रकाश डाला। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली के द्वारा बताया गया कि प्रत्यक्षण प्रक्षेत्र का निरीक्षण आत्मा के प्रसारकर्मी के द्वारा निरंतर किया जायेगा और फसल के हरेक क्रांतिक अवस्था पर उपयोगी सुझाव दिया जायेगा।

## ऊचरिंगा मोहर्रम मैदान में असामाजिक तत्वों ने मुस्लिम धर्मावलंबियों का झंडा जलाया

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत लेक रिसॉर्ट के निकट ऊंचरिंगा मोहर्रम मैदान में लगे मुस्लिम धर्मावलंबियों के झंडे को अज्ञात असामाजिक तत्वों ने शुक्रवार की देर रात को जलाया। घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। पुलिस प्रशासन पहुंचकर छानबीन कर रही है। साथ ही मुस्लिम धर्मबलंबियों के झंडे को फिर से स्थापित कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित कर रही है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा पतरातू थाने में एक आवेदन भी दिया गया है। आवेदन में इस तरह का हरकत करने वाले असामाजिक तत्वों पर जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## कैंटोनमेंट बोर्ड की बैठक में विधायक ममता देवी ने विकास पर दिया जोर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** विधायक ममता देवी शनिवार को कैंटोनमेंट बोर्ड की बैठक में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने विकास योजनाओं पर जोर दिया। बैठक में सबसे पहले ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल ने विधायक ममता देवी का स्वागत किया। साथ ही छावनी क्षेत्र में किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान विधायक ममता देवी ने छावनी परिषद क्षेत्र के सभी आठ वार्डो में विकास कार्यों को गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि छावनी क्षेत्र की सड़क, नालियों और सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस मौके पर छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी अनंत प्रकाश मौजूद थे। बोर्ड मीटिंग में छावनी परिषद क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं का निदान करने की बात कही गयी। आचार संहिता के दौरान लंबित पड़े आय व्यय के ब्योरे को अधिकारियों ने देखा और उसे सहमति प्रदान की। इसके अलावा 6 लोगों के मकान का नक्शा भी पारित किया गया। साथ ही 10 म्यूटेशन को भी मंजूरी दी गयी।

## पत्रकार को पितृशोक, शोक संवेदना व्यक्त की



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रांची से प्रकाशित एक हिन्दी दैनिक अखबार के भुरकुंडा संवाददाता मो. इस्लाम के पिता सह पूर्व सीसीएल कर्मी यार मोहम्मद 69 वर्ष का शनिवार की सुबह जवाहरनगर भुरकुंडा स्थित सीसीएल आवास में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर कोयलांचल के पत्रकारों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। पिछले कुछ समय से यार मोहम्मद किडनी के रोग से ग्रसित थे। दिवंगत अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड गये हैं। कोयलांचल भुरकुंडा के पत्रकारो ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव बलिया उतरप्रदेश में रविवार का किया जायेगा। शोक संवेदना प्रकट करने वालो में राजकुमार सिंह, महावीर प्रसाद, अवधेश शर्मा, सरोजकांत झा, राकेश पांडेय, दुर्गेश नंदन तिवारी, हृदयनारायण सिंह, उत्तम सिन्हा,बिजेंद्र कुमार, दीपक कुमार, कुमार आलोक, धर्मेन्द्र यादव, कमलेश मेहता, दिलीप प्रजापति, रितेश मिश्रा, संजय पासवान, शिवकुमार, अमित पाठक सिंह सहित अन्य पत्रकार शामिल हैं।

# खतरा है वास्तविक

शिरोमणि अकाली दल के नेता और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल पर बुधवार को जिस तरह से अमृतसर के स्वर्णमंदिर में जानलेवा हमला हुआ, वह बताता है कि खालिस्तानी अलगाववाद के दोबारा सिर उठाने का खतरा कितना वास्तविक है। गनीमत रही कि पंजाब पुलिस के एएसआइ जसबीर सिंह की सतर्कता और तत्परता की बदौलत बादल बाल-बाल बच गये, लेकिन इस घटना ने अलगाववादी ताकतों से जुड़े खतरनाक पहलुओं को बेनकाब कर दिया है। ध्यान रहे, बादल पर यह हमला तब हुआ, जब वह 2007 से 2017 के बीच अकाली सरकार के दौरान हुई गलतियों के लिए तनखैया घोषित किये जाने के बाद अकाल तख्त के आदेश के मुताबिक स्वर्ण मंदिर के द्वार पर सेवादार की ड्यूटी निभा रहे थे। धर्म की आड़ लेकर पल रही उग्रवादी सोच कैसे करोड़ों लोगों की आस्था और उनकी धार्मिक भावनाओं की धज्जियां उड़ा देती है, वह इस घटना से एक बार फिर स्पष्ट हो गया। इस मामले में पकड़ा गया आरोपी लोन वुल्फ की भूमिका में था या उग्रवादी-अलगाववादी संगठनों की सुनियोजित साजिश के तहत हमले को अंजाम दिया गया, यह पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही सामने आयेगा, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि हमलावर आरोपी अतीत में अलगाववादी गतिविधियों में लिप्त रहा है। वह न केवल खुद पाकिस्तान जा चुका है और कई मामलों में गिरफ्तार हो चुका है, बल्कि हाल के वर्षों में भी उसके खालिस्तान समर्थक गतिविधियों में शामिल रहने की सूचना है। यह बात सही है कि नब्बे के दशक के मध्य तक आते-आते पंजाब में खालिस्तानी उग्रवाद पर काफी हद तक काबू कर लिया गया था। लेकिन उसके बाद पैदा हुई पीढ़ी के मन में उस दौर की कोई स्मृति न होने की वजह से उसे इस बात का अहसास नहीं है कि उस दौरान लोगों को उग्रवादियों के कारण किस-किस तरह की परेशानी हुई और किन-किन मुसीबतों का सामना करना पड़ा। इसी बात का फायदा उठाते हुए बाद के दौर में खालिस्तान समर्थक तत्वों ने सोशल मीडिया के सहारे इन युवाओं को टारगेट करना शुरू किया। ऑनलाइन चलाये जा रहे दुष्प्रचार में बड़े पैमाने पर झूठ का सहारा तो लिया ही जा रहा है, भारत विरोधी तत्वों की सहायता से फंड और हथियारों की सतत आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी का परिणाम है कि जहां एक तरफ, छोटे ही सही पर सिख डायस्पोरा के एक हिस्से में खालिस्तान समर्थक भावनाएं सिर उठाती दिख रही हैं, वहीं देश के अंदर भी अमृतपाल सिंह जैसे कट्टर और उग्र नेताओं का उभार देखा जा रहा है। जाहिर है, इस खतरे को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

**ऑनलाइन चलाये जा रहे दुष्प्रचार में बड़े पैमाने पर झूठ का सहारा तो लिया ही जा रहा है, भारत विरोधी तत्वों की सहायता से फंड और हथियारों की सतत आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**27 सितंबर 1925 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। संगठन का प्रारंभिक उद्देश्य हिंदू समुदाय को एकजुट करना और हिंदू राष्ट्र (हिंदू राष्ट्र) की स्थापना के लिए चरित्र प्रशिक्षण प्रदान करना तथा हिंदू अनुशासन स्थापित करना था। अनेक विरोध, अवरोध और संकटों को पार कर संघ की व्यापकता, शक्ति और प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, इसलिए संघ की चर्चा भी सर्वत्र होती दिखती है। 100 साल की यात्रा के कई पड़ाव हैं। अब संघ कार्य की विकास यात्रा तीव्र गति से चल रही है, जिसके कारण संघ परिवार आज वट वृक्ष बन गया है।**

# आरएसएस की 100 वर्षों की गौरवमयी यात्रा

**श्वेत मलिक**

भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक उत्थान के लिए संघर्ष के 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा में आरएसएस ने देश के हर पहलू को छुआ। 27 सितंबर 1925 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। संगठन का प्रारंभिक उद्देश्य हिंदू समुदाय को एकजुट करना और हिंदू राष्ट्र (हिंदू राष्ट्र) की स्थापना के लिए चरित्र प्रशिक्षण प्रदान करना तथा हिंदू अनुशासन स्थापित करना था। अनेक विरोध, अवरोध और संकटों को पार कर संघ की व्यापकता, शक्ति और प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, इसलिए संघ की चर्चा भी सर्वत्र होती दिखती है। 100 साल की यात्रा के कई पड़ाव हैं। अब संघ कार्य की विकास यात्रा तीव्र गति से चल रही है, जिसके कारण संघ परिवार आज वट वृक्ष बन गया है। 1 लाख संघ शाखाएं,15 करोड़ स्वयंसेवक, 2 लाख विद्यालय, 5 लाख शिक्षक, 1 करोड़ विद्यार्थी, 2 करोड़ भारतीय मजदूर संघ के सदस्य,1 करोड़ विद्यार्थी परिषद के सदस्य, 17 करोड़ भाजपा सदस्य,1200 साहित्य प्रकाशन समूह, 9 हजार पूर्णकालिक कार्यकत्र्ता, 7 लाख पूर्व सैनिक, विश्व में 1 करोड़ विश्व हिंदू परिषद के सदस्य, 1.5 लाख जन सेवा कार्य, प्रत्येक स्वयंसेवक राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए संघ के साथ घटक के नाते जुड़ता है।

**1951 में विधिवत रूप से भारतीय जनसंघ की स्थापना की गयी।**

संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार जी ने कहा था कि संघ कार्य को शाखा तक ही सीमित नहीं रखना है, उसे समाज में जाकर करना है। अपने परिवार के लिए आवश्यक अर्थार्जन करना, परिवार का ध्यान रखना और शाखा में नियमित जाना इतने मात्र से नहीं चलेगा। समाज परिवर्तन और जागरण के किसी भी कार्य में अपने समय का नियोजन कर सक्रिय होना यह संघ कार्य है। आरएसएस के माध्यम से नये समर्पित व्यक्ति शायद संघ से नहीं भी जुड़ेंगे पर संघ स्वयंसेवक के नाते हम उनसे जुड़े। हमारे ही समाज के कुछ वर्गों को अछूत कहकर शिक्षा, सुविधा और सम्मान से पुरानी सरकारों ने दुर्भाग्य से वंचित रखा।




**संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार जी ने कहा था कि संघ कार्य को शाखा तक ही सीमित नहीं रखना है, उसे समाज में जाकर करना है। अपने परिवार के लिए आवश्यक अर्थार्जन करना, परिवार का ध्यान रखना और शाखा में नियमित जाना इतने मात्र से नहीं चलेगा। समाज परिवर्तन और जागरण के किसी भी कार्य में अपने समय का नियोजन कर सक्रिय होना यह संघ कार्य है।**

यह सरासर अन्यायपूर्ण था। इस अन्याय को दूर कर अपनी सांझी विरासत को याद कराते हुए सबको साथ लेकर आगे बढ़ने के प्रयास सामाजिक समरसता के माध्यम से आरंभ हुए। जानिए, समाज के किन-किन क्षेत्रों में काम करते हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक।

**विद्या भारती :** यह शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत देश की सबसे बड़ी अशासकीय संस्था है। इसकी स्थापना 1977 में मुरलीधर दत्तात्रेय देवरस द्वारा की गयी। वैसे प्रथम सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना 1952 में गोरखपुर में की गयी। अभी पूरे देश में लगभग 2 लाख औपचारिक और अनौपचारिक विद्यालय चल रहे हैं।

**भारतीय मजदूर संघ :** 23 जुलाई 1955 को भोपाल में दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा स्थापित यह देश का सबसे बड़ा केंद्रीय मजदूर संगठन है। इसका नारा है, देश के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम। इसके 2 करोड़ के लगभग सदस्य हैं। यह संगठन अधिकार के साथ कत्र्तव्य की भी बात करता है। भगवा ध्वज को झंडा के रूप में अपनाया है।

**भारतीय किसान संघ :** इसकी स्थापना 4 मार्च 1979 में दत्तोपन्त ठेंगड़ी ने की थी। इसका उद्देश्य भारतीय किसानों का समग्र विकास है।

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद:** आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक गुरुजी की प्रेरणा से 13 जून 1948 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना की गयी। 9 जुलाई 1949 को इसका निबंधन कराया गया। वर्तमान में पूरे देश में 1 करोड़ से अधिक इसके सदस्य हैं।

**अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद :** इसकी स्थापना 1992 में दिल्ली में की गयी थी। यह देश भर के अधिवक्ताओं को एक साथ लाने का मंच है।

**अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत :** 1974 में पुणे में बिन्दुमाधव जोशी द्वारा स्थापित यह संगठन उपभोक्ता अधिकारों एवं जागरूकता के लिए काम करता है।

**संस्कार भारती :** ललित कला के क्षेत्र में राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के उद्देश्य से इसकी स्थापना वर्ष 1981 में लखनऊ में की गयी।

**सेवा भारती :** 1979 में स्थापित संघ का यह प्रकल्प मुख्यतः आदिवासी क्षेत्रों में कार्य करता है।

**संस्कृत भारती :** संस्कृत को पुनः बोलचाल की भाषा बनाने के लिए कार्य करने वाली इस संस्था की 1996 में स्थापना हुई।

**विश्व हिंदू परिषद :** इसकी स्थापना जन्माष्टमी के दिन 1964 में मुंबई में की गई। इसका ध्येय वाक्य है, जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है।

**स्वदेशी जागरण मंच :** यह संघ का आर्थिक संगठन है और स्वदेशी उद्योगों और संस्कृति के विकास के लिए जागरूक करता है। स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करता है।

**अखिल भारतीय साहित्य परिषद :** इसे 1966 को नयी दिल्ली में स्थापित किया गया। यह भारतीय भाषाओं का देशव्यापी संगठन है।

**राष्ट्र सेविका समिति :** महिलाओं के बीच काम करने के लिए लक्ष्मीबाई केलकर जिन्हें मौसीजी के नाम से जानते हैं, ने आरएसएस के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के परामर्श से 1936 में विजयदशमी के दिन राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की थी।

**भारतीय जनसंघ पार्टी:** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरू मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल की स्थापना के लिए तत्कालीन सरसंघचालक श्री गुरुजी से कार्यकर्ता की मांग की। कुछ संघ कार्यकर्ता इसी पक्ष में थे। 1951 में विधिवत रूप से भारतीय जनसंघ की स्थापना की गयी।

**(लेखक : पूर्व सांसद और पूर्व भाजपा पंजाब अध्यक्ष हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# इंडी गठबंधन में उभरी दरार!

## ममता के बयान से सियासत गर्म, महाराष्ट्र में सपा ने नाता तोड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** विपक्षी इंडी गठबंधन में फिलहाल सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ऐसा लग रहा है कि गठबंधन में दरार लगातार चौड़ी हो रही है। यह तथ्य तब सामने आया, जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया और मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे जताये। ममता बनर्जी के बयान के बाद बंगाल से लेकर दिल्ली तक सियासी बयानबाजी शुरू हो गयी। एक ओर जहां उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना उनसे वार्ता की बात कह रही है, वहीं कांग्रेस ने कहा कि वे सिर्फ मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रही थीं। इसके अलावा एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर वे अधिक जिम्मेदारी लेना चाहें, तो हम उनके साथ हैं। वहीं, कई राज्यों में सत्ता पर आसीन भाजपा ने ममता के बयान को आधार बनाकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। भगवा दल का कहना है कि राहुल को हम नहीं, विपक्षी गठबंधन बालक बुद्धि कहता है। इधर अयोध्या ध्वंस मामले पर उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के स्टैंड से समाजवादी पार्टी बिफर गयी है और उसने महाविकास अघाड़ी समेत इंडी गठबंधन से अलग होने का फैसला किया है।

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने को इच्छुक वाले कथित बयान पर कांग्रेस ने कहा कि ममता बनर्जी के बयान का मतलब यह नहीं है कि इस बारे में गठबंधन में बातचीत हुई थी। अगर वह इस बारे में गठबंधन के नेताओं के साथ बात करती हैं, तो वे मिलकर इसका समाधान ढूंढ़ेंगे। उधर उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने कहा, हम ममता बनर्जी की इस राय को जानते हैं। हम सब यह भी चाहते हैं कि वह इंडी गठबंधन की एक प्रमुख भागीदार बनी रहें। चाहे ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या शिवसेना (यूबीटी), हम सब एक साथ हैं। हम जल्द ही कोलकाता में ममता बनर्जी से बात करने जायेंगे। वहीं सपा नेता उदयवीर सिंह ने कहा कि वह एक वरिष्ठ नेता हैं। उनके पास बहुत अनुभव है। वह सक्षम हैं। हमारी पार्टी के उनके साथ संबंध अच्छे हैं और हमें उनके नेतृत्व पर भरोसा है। इंडी ब्लॉक के नेताओं को मिलकर तय करना होगा कि क्या किया जाना चाहिए।

**उद्धव सेना के स्टैंड पर भड़के अबू आजमी**

इधर समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी ने महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी से अलग होने का निर्णय लिया है। उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) पर हिंदुत्व एजेंडा अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते सपा ने इस गठबंधन से अपनी साझेदारी पर पुनर्विचार करने का फैसला किया।

# पूजास्थल कानून पर नयी बेंच में 12 को सुनवाई

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट में पूजास्थल कानून, 1991 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच बनायी गयी है। इसमें चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन हैं। यह बेंच 12 दिसंबर को दोपहर साढ़े तीन बजे मामले की सुनवाई करेगी। पहले पांच दिसंबर को ही यह सुनवाई होनी थी। उस दिन सीजेआइ संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच सुनवाई से पहले ही उठ गयी थी। याचिका दायर करने वालों में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, भाजपा नेता और एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय समेत कई अन्य शामिल हैं। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह एक्ट कहता है कि पूजास्थलों और तीर्थस्थलों का स्वरूप वैसा ही रखा जायेगा, जैसा 15 अगस्त, 1947 को था। भविष्य में भी उन पर विवाद के संबंध में अदालत में कोई मुकदमा या कार्यवाही नहीं होगी।

# ढाका में इस्कॉन केंद्रों पर हमला, मंदिर जलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता।** बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। उपद्रवी कभी मंदिरों, तो कभी उनके घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कुछ दिनों पहले हिंदुओं के जाने-माने नेता चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद से यहां लगातार तनाव जारी है। इस बीच, इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कांशसनेस (इस्कॉन) के एक और मंदिर को अराजक तत्वों की ओर से तोड़ा गया और आग लगा दी गयी। हमला शनिवार तड़के इस्कॉन नमहट्टा मंदिर पर किया गया था। इस घटना में अभी तक किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। यह घटना देश में हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर किया गया एक और हमला है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह दुखद जानकारी साझा की। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोसी बांग्लादेश के ढाका जिले में स्थित उसके केंद्र को आज तड़के जला दिया। इतना ही नहीं उनके मुताबिक मंदिर में रखे देवी-देवताओं की मूर्तियां और अन्य सामान पूरी तरह जल गये। यह मंदिर ढाका के तुराग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए राधारमण दास ने कहा, बांग्लादेश में एक और इस्कॉन नमहट्टा केंद्र को जला दिया गया। श्रीश्री लक्ष्मी नारायण की मूर्तियां और मंदिर के अंदर का सारा सामान पूरी तरह जल गया। यह केंद्र ढाका में स्थित है। आज तड़के दो से तीन बजे के बीच अराजक तत्वों ने श्रीश्री राधा कृष्ण मंदिर और श्रीश्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण मंदिर को आग के हवाले कर दिया, जो हरि कृष्णा नमहट्टा संघ के अंतर्गत आता है। यह मंदिर ढाका जिले के धौर गांव में स्थित है और तुराग थाना क्षेत्र के तहत आता है। उन्होंने यह भी कहा कि आग मंदिर के पीछे लगी टिन की छत को उठाकर पेट्रोल या ऑक्टेन का इस्तेमाल करके लगायी गयी। इतना ही नहीं उन्होंने दावा किया कि हमले जारी हैं और इस्कॉन द्वारा बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का ध्यान इस ओर खींचने के बावजूद पुलिस-प्रशासन द्वारा उनकी शिकायतों को दूर करने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए बहुत कुछ नहीं किया जा रहा है।

## भाजपा ने की निंदा

अंतरिम सरकार के गठन और अगस्त में अवामी लीग के सत्ता से हटने के बाद से पिछले चार महीनों में बांग्लादेश के विभिन्न स्थानों पर इस्कॉन की संपत्तियों पर हमले हुए हैं। इस बीच पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा, बांग्लादेश के ढाका में इस्कॉन नमहट्टा केंद्र पर की गयी भयानक आगजनी की कड़ी निंदा करता हूं, जिसने लक्ष्मी नारायण की मूर्ति और पवित्र मंदिर की वस्तुओं को नष्ट कर दिया। यह पूजा स्थल के खिलाफ घृणा का एक अक्षम्य कार्य है।

# गरीब और मध्यम वर्ग की मेहनत की कमाई को लूटा जा रहा: राहुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार जीएसटी स्लैब बढ़ाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुछ ऐसे ही संकेत देकर सरकार पर हमला बोला। एक्स पर पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुकाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। उन्होंने लिखा कि सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। इसके जरिये आपकी जरूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाइ-पाइ जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 15 सौ रुपये से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12% से बढ़ाकर 18% करने जा रही है। यह घोर अन्याय है। अरबपतियों को टैक्स में छूट देने और उनके बड़े से बड़े कर्ज माफ करने के लिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स से लूटा जा रहा है। राहुल गांधी ने लिखा कि हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठायेंगे और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनायेंगे। राहुल गांधी के इस पोस्ट के बाद एक बार फिर जीएसटी को लेकर चर्चा शुरू हो गयी है।

# अजित पवार की एक हजार करोड़ की जब्त संपत्ति मुक्त होगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** छठी बार महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने के दो दिन बाद अजित पवार की जब्त बेनामी संपत्ति रिलीज करने का आदेश आ गया। दिल्ली के आयकर विभाग ट्रिब्यूनल ने पवार की एक हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को मुक्त कर दिया है। सात अक्टूबर 2021 में छापेमारी के दौरान आयकर विभाग ने इन संपत्तियों को जब्त किया था। इसमें अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार और बेटे पार्थ पवार की भी संपत्तियां हैं। ट्रिब्यूनल ने संपत्तियां मुक्त करने का आदेश सुनाते हुए कहा कि संपत्तियों को लेकर कोई गैरकानूनी हेरफेर होने का सबूत आयकर विभाग पेश नहीं कर पाया है।

# पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी, मुंबई पुलिस को मिला मैसेज, जांच शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी गयी है। मुंबई पुलिस को शनिवार को व्हाट्सएप पर यह मैसेज मिला। मैसेज मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि पीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला मैसेज राजस्थान के अजमेर से भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले संदिग्ध की तलाश में पुलिस टीम को अजमेर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन के व्हाट्सएप नंबर पर कुछ घंटे पहले यह संदेश भेजा गया। इसमें कहा गया कि दो आइएसआइ एजेंटों और पीएम मोदी को निशाना बनाने के लिए बम ब्लास्ट करने की साजिश की जा रही है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि संदेश भेजने वाला मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति है या शराब के नशे में उसने संदेश भेजा है। पुलिस ने मामले में एफआइआर दर्ज कर ली है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर पहले भी ऐसे धमकी भरे संदेश मिल चुके हैं। इससे पहले 27 नवंबर को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गयी थी। कॉल का पता पश्चिमी उपनगरों के अंबोली से लगाया गया और इसके बाद मामला दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस की एक टीम ने महिला कॉलर का पता लगाया और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। जांच के बाद महिला मानसिक रूप से अस्थिर पायी गयी और कॉल को शरारत के तौर पर पाया गया। अधिकारी ने बताया कि महिला का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

**सलमान खान को धमकी का संदेश भी मिला था**

मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर सात दिसंबर को कई संदेश आये, जिसमें कहा गया था कि संदेश भेजने वाला बिश्नोई गिरोह का सदस्य है। इस संदेश में चेतावनी दी गयी थी कि अगर सलमान खान ने पांच करोड़ रुपये नहीं दिये, तो उनकी हत्या कर दी जायेगी। भेजने वाले ने चेतावनी दी कि वह 'मैं सिकंदर हूं' गीत के लेखक को भी मार देगा। हालांकि पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया था।


# संदिग्ध अवस्था में छात्रा का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**मौके पर सुसाइड नोट भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव में संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने छात्रा का शव बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार घघरी गांव निवासी मुन्ना चंद्रवांसी की पंद्रह वर्षीय पुत्री आरती कुमारी बीरबल प्लास टू विद्यालय में ग्यारहवीं क्लास की छात्रा थी। इस संबंध में मृतक आरती की मां पुलिस के समक्ष बयान देते हुए बताया की बीते शुक्रवार के दिन आरती स्कूल गयी थी प्रति दिन की तरह सभी लोगो के साथ आरती भोजन की इसके बाद मैं बर्तन खंगालने के लिए आंगन में गयी थी इसी बीच मुझे घर के अंदर एक रूम से कुछ हलचल सुनायी दिया तो हम बर्तन साफ करना छोड़कर रूम के अंदर गयी तो देखा की आरती अपने दुपट्टा के सहारे पंखा में झूल रही है किसी तरह आरती को बचाने की कोशिश करने लगी मगर पंखा से झूल जाने के कारण दम घुटने से



उसका जान चली गयी।

इसकी सूचना गांव में फैलने के बाद लोगो का भारी भीड़ इकट्ठा हो गया किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना फोन के माध्यम से धुरकी थाने को दिया। इसके बाद धुरकी थाना के एएसआई सैलेंद्र कुमार दल बाल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर में तत्पश्चात रात्रि में ही पंचनामा की प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। पुलिस का कहना है की मामला संदिग्ध है इसकी जांच कर सच्चाई का पता लगाया जायेगा और कानूनी कार्रवाई किया जायेगा।

# पांच हजार बोझा धान जलकर राख, किसानों की कमर टूटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** कांडी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चौबे मझिगावां गांव में खलिहान रखे गए दस किसानों व बंटाईदारों तथा दर्जनों मजदूरों के 20 एकड़ खेतों से तैयार धान की फसल की कटाई करने के उपरांत खलिहान मे रखी गयी धान की फसल का लगभग 5000 बोझा आग से जल कर राख हो गया। भुक्तभोगी किसानों के अनुसार चौबे मझिगावां के मुख्य बस्ती से सटे नदिया पर नामक स्थान पर उमाकांत चौबे के खलिहान में किसानों के द्वारा सामूहिक रूप से खलिहान बनाकर बड़े पैमाने पर धान का बोझा व पुआल रखा गया था। जहां शुक्रवार की रात्रि में इस खलिहान में आग लग गयी। आग कैसे लगी यह किसी ने नहीं जान सका। लेकिन मध्य रात्रि में खलिहान में आग की लपटों को देखकर शोर शराबा होने के बाद पास-पड़ोस के लोगों सहित किसानों के द्वारा खलिहान में जब



पहुंचे तो धान का बोझा सुखा हुआ होने की वजह से खलिहान में देखते ही देखते आग पूरे खलिहान में फैल चुका था। आग की लपट इतनी तेज था जिसकी वजह से आग के पास किसानों को पहुंचना काफी असंभव हो गया था। लेकिन किसी तरह से पानी की व्यवस्था होने के बावजूद किसान आग पर काबू पाना चाहे लेकिन पानी का उचित प्रबंध नहीं होने के उपरांत हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफिउल्लाह अंसारी को आगजनी की सूचना दिया गया । जिस पर ओपी प्रभारी के द्वारा श्री बंशीधर नगर से दमकल को बुलाया गया और 7 घंटों की कड़ी मशक्कत करने के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया । इस आगजनी की घटना से भुक्तभोगी किसानो का पांच लाख रुपये का आर्थिक क्षति हुआ है। किसान उमाकांत चौबे, सुरेंद्र नाथ चौबे, सत्यनारायण चौबे, सियेंदू चतुवेर्दी, संतोष कुमार चौबे, कमलेश कुमार चौबे, पारस मिस्त्री, लालमुनि यादव, नंदू रजवार, राजेश्वर चंद्रवंशी, घुरन पासवान सहित किसानों ने बताया कि बैंक से कर्ज लेकर तथा किसी अन्य से कर्ज लेकर धान का फसल में लगाया था। लेकिन आगजनी की घटना होने की वजह से अब सबसे बड़ी समस्या यह है कि लिया गया कर्ज को कैसे वापसी कर पाऊंगा।

## ओपी प्रभारी ने कहा

इस संबंध में ओपी प्रभारी सफीउल्ला अंसारी ने कहा की इस घटना की जॉच में तकनीकी टीम की सहायता ली जायेगी।

## अंचलाधिकारी ने कहा

कांडी प्रखंड अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने बताया कि खलिहान में लगी आगजनी की घटना दुःखद है इससे किसानों को क्षति हुआ है। इस तरह से हुए क्षति का जांचोपरांत के बाद किसान उमाकांत चौबे के साथ संबंधित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जायेगी तथा मुआवजा दिया जाएगा। प्रखंड कर्मी व पंचायत कर्मियों के द्वारा जल्द ही जांच कराकर प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जायेगा।

# आरके पब्लिक स्कूल में बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनायी गयी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के 69 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर आरके पब्लिक स्कूल में उनका पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने बाबा साहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माता, सामाजिक न्याय के संरक्षक एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन राष्ट्र को समर्पित था। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी बाबा साहब अंबेडकर संविधान सभा के प्रारुप समिति के अध्यक्ष थे। वे सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत व समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता थे। शिक्षा के द्वारा पिछड़ा, दलित, कमजोर,मजदूर वर्ग व महिलाओं को सशक्त बनाने के पक्षधर थे। आगे उन्होंने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश का गौरव है। विश्व का सबसे बड़ा हस्तलिखित संविधान के निर्माण में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।विश्व के बड़े लोकतांत्रिक देश के संविधान का निर्माण इनके द्वारा किया गया जो अपने आप में पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। समतामूलक समाज का उनका स्वप्न, उनकी अमूल्य शिक्षाएं तथा संविधान निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। उनके आदर्शों और विचारों की रक्षा, संरक्षण और सुरक्षा करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय, अनिल सिन्हा, अनिता सिन्हा, गीता पांडेय, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे, पूनम राय, श्वेता पांडेय, रश्मि शुक्ला, नंदलाल गुप्ता, संजय कुमार, एसडी सिंह, सनोज यादव और अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाकर बेरोजगारी दूर करना पहली प्राथमिकता : अनंत प्रताप देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा चुनाव जीतने के बाद पहली बार शनिवार को अंबेडकर चौक डंडई के प्रांगण में पहुंचे। जहां पर आभार सभा का आयोजन किया गया। आभार सभा आयोजन के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव को डंडई पहुंचते ही उनके कार्यकर्ताओं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। सबसे पहले नवनिर्वाचित विधायक ने ब्लॉक परिसर स्थित नीलांबर पीतांबर के प्रतिमा को माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद वे लोगों का अभिवादन करते हुए अंबेडकर चौक पहुंचे। यहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण व नमन के बाद आभार सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र वासियों को तहेदिल से आभार व्यक्त करते हुए



कहा कि डंडई वासियों ने हमें जो अपना बहुमूल्य वोट देकर चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल कराया है जिसके लिए मैं यहां की जनता का ऋणी हूं। उन्होंने कहा कि जनता से किये गये वादों को एक-एक कर-के निश्चित रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव में जो वादे किये है उसे एक एक कर पूरा करूंगा और पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओं से बैठकर हर समस्या को सुनेंगे और समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की बड़ी समस्या बेरोजगारी और पलायन है। जो मैंने भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाकर निश्चित रूप से लोगों का बेरोजगारी और पलायन रोकने का काम करूंगा। कार्यक्रम में झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने चुनाव में मिली जीत पर जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भवनाथपुर में पावर प्लांट लगेगा एवं युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। इस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मानवेंद्र प्रताप देव, झामुमो नेता रामाशीष प्रसाद,जितेंद्र कुमार ठाकुर, राजेश मेहता, चंद्रशेखर प्रसाद, आनंद प्रकाश सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और जनता मौजूद थे।

# अनेकता में एकता के लिए भाषाओं की अहम भूमिका : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरकेवीएस बीएड कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि भाषाएं अनेक भाव एक को दशार्ते हुए शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11 दिसंबर को महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। 'भारतीय भाषा उत्सव' भाषा विविधता की सुंदरता का आनंद लेने और उस विविधता में एकता की भावना का अनुभव करने के लिए एक भाषा महोत्सव है। अपनी मातृभाषा में महारत हासिल करने के अलावा अधिक से अधिक भारतीय भाषाओं को सीखने के लिए अनुकूल माहौल विकसित करने की जरूरत है।

इस अवसर पर महाविद्यालय में



पोस्टर प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने भारतीय भाषा और प्रकृति में समन्वय का सचित्रण किया। प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय ने कहा कि राष्ट्रवादी महाकवि सुब्रमण्यम भारती 7 वर्ष की उम्र में ही कविता लिखना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि सुब्रमण्यम भारती बहुभाषी कवि थे। पूरे तमिल के इतिहास में सबसे अग्रणी कवि माना जाता है यही कारण है कि भारत के सभी प्रशिक्षण महाविद्यालय में एनसीआरटी दिल्ली के निर्देशानुसार भारती के जन्म उत्सव को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष 2024 का थीम भाषाओं के माध्यम से एकता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक राजन चौबे, रितेश कुमार, सतीश तिवारी, प्रवीण दुबे, रंजना दुबे, रोहित कुमार के साथ-साथ कंचन, रखिबा, आकांक्षा, विद्या शिक्षा, प्रियदर्शनी, कश्मीरा, सोनू, सोनी, दुर्गा, प्रियंका, नाजनीन स्नेहा, आफरीन, आंचल, आस्था और अन्य छात्र -छात्राओं ने भाग लिया।

# बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित ग्राम कंचनपुर रविदास मुहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में अंबेडकर युवा क्लब के तत्वावधान में 6 दिसंबर 2024 को भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। साथ ही कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। लोगों ने बाबा साहेब अंबेडकर अमर रहें, संविधान जिन्दाबाद ,जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तेरा नाम रहेगा आदि नारे लगाए तथा वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर शिक्षक दिलीप कुमार रविदास, बीडीसी शंकर राम , वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सत्येन्द्र रवि, राजेश कुमार रवि, रामकेश राम, राकेश कुमार रवि, सोनू कुमार , अमित कुमार, बब्लू राम, सुधीर कुमार रवि, सोनू रवि, सचिन कुमार रवि, शिव कुमार रवि, बच्चे एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नौ दिवसीय श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित तेजवा पहाड़ पर प्रस्तावित 9 दिवसीय श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण किया गया। यज्ञ के यजमान देवताओं के जयकारे से इलाका गूंज उठा। भूमि पूजन के साथ ही विष्णु महायज्ञ का मंडप, मड़वा आदि का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया।

भूमि पूजन कार्यक्रम में पुरोहित सुधांशु मिश्रा ने यजमान बने शेषमणि यादव ने सपत्नीक के हाथों पूजन संपन्न कराया। भूमि पूजन पूरे विधि विधान से कराने के साथ ही यज्ञ के ध्वजा को स्थापित किया गया। श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ यज्ञाचार्य श्री श्री 108 अवधेश जी महाराज प्रयाग संगम तट उत्तर प्रदेश के द्वारा कराया जा रहा है। भूमि पूजन के दौरान धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, हर हर महादेव आदि नारों से



क्षेत्र गुंजायमान रहा।

यज्ञाचार्य ने कहा कि सनातन संस्कृति में वसुधैव कुटुंबकम की आत्मा बसी है। यज्ञ से बल और बुद्धि प्राप्त होती है। हमें समय-समय पर यज्ञ करना चाहिए। प्रभु परम स्वरूप में जब आते हैं तो कहीं ना कहीं यज्ञ का प्रभाव होता है। वर्तमान में लोगों को अपनी आस्था व ऐतिहासिक समृद्धि, संस्कृति पर विश्वास ही नहीं रहा है। यह भारतीय सभ्यता और संस्कृति के लिए हानिकारक है। भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुंबकम की आत्मा विराजती है। यज्ञ 19 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा तथा 27 मार्च को विशाल भंडारे के साथ पूणार्हुति की जायेगी।

यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव, सचिव राजू रंजन कुमार, उपाध्यक्ष अमरेश शाह, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र शाह ने संयुक्त रूप से बताया गया कि नौ दिवसीय श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया जायेगा। जिसमें अगल-बगल दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं व कन्याएं शामिल होंगी। नौ दिनों तक यज्ञ स्थल पर भव्य मेला भी लगेगा। प्रतिदिन रात्रि में सनातन धर्म ग्रंथों से संबंधित जगत कल्याण को लेकर प्रवचन का भी आयोजन किया जायेगा। रात्रि में वृंदावन से आए हुए लोगों के द्वारा रासलीला दिखाया जायेगा। इस अवसर पर सगमा मुखिया तेजलाल राम महेंद्र विश्वकर्मा अर्जुन पासवान, सुभाष यादव, देवचन्द्र यादव, दीपक प्रसाद यादव, लालू यादव, अरविंद यादव, नंदकुमार मेहता, रामेश्वर कुशवाहा, मनोज साह, संतोष प्रजापति, अशोक चौधरी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग शिविर में प्रतियोगिताओं का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री वंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में द्विदिवसीय बालक बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का द्वितीय दिवस में बालिका व्यक्तित्व विकास संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता ॐ और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वल ओर पुष्पार्चन कर विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सह सचिव व पूर्व छात्र चंदन कुमार और प्राधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि प्रांतीय योजनानुसार यह शिविर प्रतिवर्ष विद्यालय में आयोजित होता है। बहनों के लिए व्यक्तित्व विकास वर्ग में सूई धागा पिरोना, मूर्ति कला, आर्ट्स एंड क्राफ्ट, चित्रकला, साड़ी फोल्ड



करना, रस्सी कूद, मेंहदी, सलाद सजावट, कलश सजावट और रंगोली प्रतियोगिताएं एवं वाटिका वर्ग के लिए बिस्किट रेस, चम्मच गोली रेस, बाल बाल्टी रेस, बैलून बस्टिंग आदि के द्वारा बच्चों में माइंड कंसंट्रेशन, व्यवस्था प्रियता एवं उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लेने की प्रतिभा का विकास होता है।

## प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बहनों का विवरण


**मेंहदी प्रतियोगिता :** जूनियर - खुशी प्रवीन (कक्षा 5)
सीनियर - माही कुमारी (कक्षा 9)
**मूर्ति कला :** जूनियर - छाया कुमारी (कक्षा 5)
सीनियर - शिखा रानी (कक्षा 10)
**रंगोली :** जूनियर - सनाया ग्रुप
सीनियर - माही ग्रुप
**कलश सज्जा:** जूनियर - आंचल कुमारी (कक्षा 3)
सीनियर - आयुषी कुमारी (कक्षा 9)
**चम्मच गोली रेस :** रितेश यादव (कक्षा अरुण),
कक्षा उदय - राजलक्ष्मी
कक्षा प्रभात - नव्या गुप्ता
कक्षा 1 - आरव कुमार

# भवनाथपुर में बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने गुप्त सूचना पर शनिवार के अहले सुबह अवैध बालू लदे हुए दो ट्रैक्टर को कैलान के मंगरदह गांव के समीप जब्त करते हुए उक्त दोनों वाहन चालकों को हिरासत में लेते हुए थाना लाया। अवैध बालू लदे उक्त दोनों ट्रैक्टर और मालिक के विरुद्ध कार्रवाई हेतु खनन विभाग गढ़वा को पत्राचार किया गया है। थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि बरडीहा की ओर से अवैध बालू लदा हुआ दो ट्रैक्टर कैलान की ओर आ रही है। सूचना के आलोक में सशत्र बल के साथ कैलान के मंगरदह के पास दो बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जानते चले कि मझिआंव बूढ़ीखांड नदी से अवैध तरीके से बालू लदे ट्रैक्टर का परिचालन चोरी छिपे बरडीहा के रास्ते कैलान और भवनाथपुर में लाकर ऊंची कीमत पर बेचे जाने का मामला लगातार पुलिस प्रशासन को मिल रही थी।

# रंका मुखिया सविता देवी ने लगायी फांसी

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका मुखिया सविता देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम लगभग 6:00 बजे अपने आवास में गले में फंदा डालकर झूलते नजर आई। गंभीर अवस्था में उन्हें रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सकों ने परीक्षण के पश्चात उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला आपसी विवाद बताया जा रहा है।



फाइल फोटो

# कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त श्री जमुआर ने गढ़वा जिला में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास योजनाओं एवं विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, राजस्व, कृषि, आपूर्ति, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत योजनाएं, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, राजस्व, भू-अर्जन, सड़क निर्माण, उप स्वास्थ्य केन्द्रो का निर्माण, केसीसी, राशन वितरण, स्वास्थ्य सुविधाएं, पेयजल,



अतिक्रमण, खाद बीज वितरण, धान अधिप्राप्ति, समाज कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाएं, पर्यटन, नीति आयोग समेत अन्य विषयों एवं विभागों पर एक-एक कर प्राप्त प्रतिवेदन एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), पीएम जनमन योजना, सोख्ता गड्ढा एवं नाडेप का निर्माण, बिरसा हरित ग्राम के तहत बागवानी में पौधारोपण की स्थिति, प्रखण्डवार बिरसा सिंचाई कुप की पूर्णता, प्रखंडवार एंप्लॉयमेंट जेनरेशन, 100 डेज एंप्लॉयमेंट, लंबित योजनाएं को पूर्ण करने, एरिया ऑफिसर मॉनिटरिंग, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराने, आधार एंट्री, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, स्कीम कंप्लीशन समेत अन्य की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए सैंक्शनिंग प्रक्रिया में धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्ति की गयी। समीक्षा के क्रम में प्रखंड रंका, केतार, खरौंधी एवं मझिआंव का प्रगति प्रतिवेदन अपेक्षाकृत खराब पायी गयी, जिसे लेकर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की एवं समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

# मां काली मंदिर परिसर में 10 से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, जलयात्रा से होगा शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनिया मोड़ स्थित मां काली स्थान परिसर में 10 दिसंबर से 5 दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ की शुरूआत जलयात्रा से होगी और यज्ञ 11 दिसंबर से प्रारंभ होकर 15 दिसंबर को पूणार्हुति के साथ समापन होगा। महायज्ञ में जगतगुरु स्वामी दामोदर प्रपन्नाचार्य जी की उपस्थिति होगी, और प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक प्रवचन का आयोजन किया जायेगा। यह



महायज्ञ गढ़वा में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का पहला आयोजन है, जबकि 2008 में वन विभाग में सुदर्शन यज्ञ आयोजित हुआ था। मां काली स्थान मंदिर परिवार द्वारा इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है, और यज्ञ में अयोध्या सहित अन्य स्थानों से आचार्यों का आगमन होगा। इसके साथ ही, डॉ. दीपक मिश्र की मंडली संगीतमत कथा प्रस्तुत करेगी। स्थानीय लोग इस धार्मिक आयोजन को लेकर उत्साहित हैं और तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# पुलिस ने प्रदीप गंझू गैंग के 6 अपराधियों को किया गिरफ्तार

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** आज शनिवार को लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि बीते दो दिसंबर को बालूमाथ रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर मकईयाटांड ग्राम और कुसमाही कोयला साइडिंग के समीप हुए हाईवा आगजनी और फायरिंग मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए प्रदीप गंझु गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि प्रदीप गंझु के सदस्यों द्वारा कोयला व्यवसायी,बालू कारोबारी को धमकी दी जाती थी और लेवी नहीं देने पर कारवाई की चेतावनी दी जाती थी। आगजनी फायरिंग मामले में बालूमाथ थाना में 134/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वही गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा,एक जिंदा कारतूस एक 7.65 देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल छह मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में सुनील गंझु रांची निवासी,संजय भगत ग्राम ओकिया बालूमाथ निवासी,कैलाश गंझु बारियातु, मनोज ठाकुर,हेमपुर बालूमाथ, बबन सिंह शीला, सिमरिया, दिलीप उरांव पिपरवार निवासी शामिल है। वही छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, पुलिस निरीक्षक परमानंद बिरुआ,थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अनुभव सिन्हा, गौतम कुमार, होसेन डांग, विकाश कुमार, सहित सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# राज्य भर में चरमराई 1962 की पशु एंबुलेंस सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य भर में 1962 के हेल्पलाइन नंबर के अंतर्गत पशुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने वाली किओस इंटरनेशनल नामक संस्था जो हैदराबाद से संचालित होती है राज्य भर में सूचनानुसार पशुओं को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पशुपालक से कॉल प्राप्त करने के बाद उन तक पहुंचती है। नियम अंतर्गत इस निशुल्क एंबुलेंस में तमाम प्रकार की आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं होनी चाहिए और जरूरी दवाएं भी उपलब्ध रखने का प्रावधान है। आज प्रातः स्थानीय पशुपालक सौरभ श्रीवास्तव के द्वारा रजिस्टर्ड टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पशु एंबुलेंस को बुलाया गया। राज्य स्तरीय टोल फ्री नंबर से एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध तो हुई लेकिन हैरानी इस बात की रही की पशुपालक के यहां पहुंचने पर एंबुलेंस में उपलब्ध जो दवाएं उक्त पशु को दी जाने वाली थी उनकी तिथियां समाप्त होने के करीब थी और इसपर दिसंबर की ही तिथि डली थी । यह पशुओं के स्वास्थ्य के मद्देनजर बेहद चिंताजनक विषय है। स्थल पर उपस्थित लोगों ने जब इस विषय का संज्ञान लिया और चंदवा के स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सरोज केरकेट्टा से संपर्क किया तो उन्होंने इस बात पर अपनी अनभिज्ञता जाहिर की और संबंधित एजेंसी से बात करने की बात कही। उन्होंने अभी कहा की युक्ति एजेंसी स्वत तरीके से अपनी सेवाएं प्रदान करती है इसलिए उन्हें इन विषयों की विशेष जानकारियां नहीं है। यहां गौर करने योग्य बात यह है कि ग्रामीण परिवेश का राज्य होने के कारण राज्य भर से पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर टॉल फ्री नंबर पर पशुपालक फोन करते हैं और अपने बीमार पशुओं के लिए उचित और संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं लेना चाहते हैं, लेकिन इस सुविधा अंतर्गत ऐसी अवस्थाएं न सिर्फ झारखंड प्रदेश के ग्रामीण परिवेश से आने वाले सामान्य पशुपालकों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ है बल्कि मासूम पशुओं के स्वास्थ्य के साथ भी खेलने जैसा है जो बेहद अमानवीय और चिंता का विषय है। उक्त विषय पर बात करते हुए शहर के पशुपालक बताते हैं कि अक्सर पशुओं के स्वास्थ्य को पूरे जिले में प्राथमिकता पर नहीं रखा जाता और किसी भी प्रकार की सेवाएं स्थानीय पशु अस्पतालों यहां तक की जिला अस्पताल में भी उपलब्ध नहीं है। बताते चलें कि लातेहार के जिला अस्पताल में पशुओं के MRI, ब्लड सैंपल के जांच जैसी महत्वपूर्ण सुविधा न सिर्फ नदारत हैं, बल्कि भविष्य में भी इस प्रकार के आवश्यक से साधनों की व्यवस्था होने की कोई संभावना नजर नहीं आती। यहां यह बताना महत्वपूर्ण है कि झारखंड एक कृषि प्रधान और पशुपालन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाला राज्य है और राज्य भर में लाखों की तादाद में पशुधन उपलब्ध है जिसके स्वास्थ्य के साथ इस प्रकार का गंभीर खिलवाड़ न सिर्फ राज्य के पशु चिकित्सा सुविधाओ पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है बल्कि पूरे राज्य और राज्य सरकार के पशुओं के प्रति संवेदनहीनता का भी परिचायक है।

## आंगनबाड़ी, बालवाड़ी और रात्रि पाठशाला के बच्चों के बीच दरी वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** हिंडाल्को द्वारा संचालित बगरू माइन्स में आंगनबाड़ी बालवाड़ी एवं रात्रि पाठशाला के बच्चो के मध्य 20 दरी वितरण किया गया। दरी, चांपी, भुसार करमटोली, केंदटोली, बगड़ू, बारचोरगाई, पतरातु दशराटोली इत्यादि गांव के बच्चो को बैठने के लिए दरी की व्यवस्था की गयी। इस अवसर पर खान प्रबंधक राज कुमार सिंहा ने कहा कि हिंडाल्को सीएसआर के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दे रही है। शिक्षा के क्षेत्र में नया अलख जगाना है। मेहनत करे एवं लक्ष्य हासिल करे। इस अवसर पर सुनील चौधरी अभिनव ठाकुर भास्कर सिन्हा, रूपक दुबे, निताई दंडपत, दिवाकर छेत्री, माधुरी कुमारी, अबीर चक्रवर्ती, महामणि बालों के अलावा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

## लोहरदगा मे विद्युत चोरी को लेकर छापेमारी, पांच पर केस दर्ज

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा सब डिवीजन क्षेत्र के विभिन्न गांव में सहायक विद्युत अभियंता और प्रमंडल लोहरदगा द्वारा बिजली चोरी रोकने को लेकर शनिवार को छापामारी अभियान चलाया गया। इसमें पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी पर प्रभु साहू के पुत्र नवल किशोर साहू को बिजली चोरी करते पाए जाने पर 8,878 रुपए जुमार्ना लगाते हुए केस दर्ज किया गया है।जोगना निवासी नारायण साहू के पुत्र अनिल कुमार साहू पर 14,564 रुपया जुमार्ना लगाया गया है। कोरांम्बे निवासी लोहरमिन महतो के पुत्र हरि महतो पर 19,418 रुपया जुमार्ना, मुकेश उरांव की पत्नी प्रतिमा देवी पर 5,950 जुमार्ना और अरु निवासी खुदू अंसारी के पुत्र सोहेल अंसारी पर मुर्गी फार्म में अवैध बिजली का उपयोग करने पर 11,372 रुपए जुमार्ना लगाते हुए सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। छापेमारी में उपेंद्र सिंह, आशीष कुमार, भोला प्रसाद साहू, प्रमोद उरांव, रंजीत उरांव आदि शामिल थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निदेशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 14.12.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। जिसमे सुलह योग्य आपराधिक वाद, एनआई एक्ट. ४/२ 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस), मोटर-दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद , पारिवारिक/वैवाहिक वाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद, सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, बैंक रिकवरी से संबंधित वाद, राजस्व वाद , मनरेगा, बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद ,बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद, सेवा से संबंधित वाद, वन विभाग से संबंधित वाद, उत्पाद से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद,दाखिल खारिज मामले समेत अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क किया जा सकता है। उक्त जानकारी डालसा सचिव, लोहरदगा राजेश कुमार द्वारा दी गयी।

## मचान में लगी आग, किसान की फसल और पुआल राख



आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत डाकादिरी ग्राम निवासी किसान मिरेश यादव, पिता स्वर्गीय बलरारी यादव, के मचान पर रखे पुआल में बीते शुक्रवार की रात्रि अचानक आग लग गयी, जिससे लगभग 50 बोझा धान और एक सौ बोझा पुआल जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान मिरेश यादव ने बताया कि घटना के समय हम सभी परिवार के सदस्य घर के अंदर थे। अचानक पड़ोसियों ने आग की सूचना दी,सूचना मिलते ही हम सभी परिवार के सदस्य तत्काल मचान की ओर दौड़े और लोगों को आग बुझाने की आवाज देकर बुलाए तब तक आग पुरी तरह धधक गया और आग का लपेटा से पुरा गांव मे तापमान बढ़ गया। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल सहयोग करते हुए आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सारा पुआल और पास के खलिहान में रखे 50 बोझा धान पुरी तरह जल गया। पीड़ित किसान ने कहा कि अब मेरे साथ परिवार को भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी है। वहीं पशुओ को खिलाने के लिए चारह नहीं बचा। मैं गरीब हुं पीड़ित किसान ने प्रखंड प्रशासन से जांच कर आग से हुई नुकसान का मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मचान के नजदीक से बिजली का लंगा तार जुगरा है। आसंका है कि शॉर्ट सर्किट के कारण मचान मे आग लगी है, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## धूमधाम से संपन्न हुआ श्रीराम सीता विवाह उत्सव



**बारियातू(आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में शुक्रवार को श्रीराम और सीता माता के विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर श्रीराम मंदिर के पंडित जनार्दन पांडेय और पुजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान राम और माता सीता की प्रतिमाओं का आह्वान किया।इसके बाद श्रद्धालुओं ने माता सीता और भगवान राम की प्रतिमाओं को पालकी में बैठाकर भव्य बारात निकाली। यह बारात गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ नगर भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर से देवी स्थान और विश्वकर्मा मंदिर तक पहुंची। विश्वकर्मा मंदिर में बारियातू बस्ती के कन्या पक्ष की महिलाओं ने भगवान राम का पारंपरिक पद्धति से परिक्षण किया। बारात के स्वागत के बाद राम और सीता के विवाह का कार्यक्रम वैदिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ। इसके बाद बारातियों को आदरपूर्वक भोजन कराया गया। अंत में बारातियों ने नाचते-गाते हुए और जय श्रीराम के जयघोष के साथ श्रीराम मंदिर पहुंचकर आरती में भाग लिया।इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से पवन प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, किशोर प्रसाद, बजरंग प्रसाद, राजन कुमार, अरविंद कुमार, लोकनाथ यादव, रितलाल राणा, सीताराम साव, अमृत गोसाई, अलका देवी, काजल देवी, ममता देवी, सोनी देवी, रूबी देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**कोल्हान की खबरें**

# यह जनता और कार्यकर्ताओं की जीत है: मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** विधान सभा चुनाव में जुगसलाई से मंगल कालिंदी की ऐतिहासिक जीत की खुशी में आभार यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने खुशी जाहिर करते हुए स्थानीय लोगो के बीच 51 किलो लड्डू का वितरण किया। शनिवार को झामुमों कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों द्वारा निकाले गए आभार यात्रा में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर सभी ने विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने जुगशालाई नगर परिषद से कार्यकर्ताओ संग मोटरसाइकिल में सवार होकर गौरीशंकर रोड,गरीब नवाज कॉलोनी,पुरानी बस्ती रोड, इस्लाम नगर ,मिल्लत नगर, हबीब नगर,हिलवीयू एरिया, मछली मोहल्ला और जुगशालाई फाटक तक भ्रमण किया। वही चौक चौराहा में स्थानीय लोगो ने विधायक को माला पहना कर स्वागत किया। विधायक ने आपने हाथों से क्षेत्र की आम जनता, दुकानदार और बच्चों को लड्डू खिला के खुशी जाहिर की। साथ ही बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। मौके पर विधायक ने गद्दी मोहल्ला के हकीम शाह बाबा की दरगाह में चादर पोशी की। पुरानी मस्जिद पोहोच कर भी छेत्र वासियों के लीए दुआ मांगी इसके बाद गौरी शंकर रोड गुरुद्वारा में माथा टेका। उसके बाद खुकराडीह और हिटकू चौक में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने विधायक मंगल कालिंदी का स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कहा जुगसलाई की जनता ने दुबारा सेवा का मौका दिया इसके लिए सभी जनता को तहे दिल से आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कहा चुनाव जीतने में जुगसलाई विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई इसके लिए सभी के प्रति तहे दिल से आभार है। मौके पर मोहमद जमील, शामू मल्लिक, शमशेर आलम, नूर दिन, पल्टन मुर्मू, जगन दास,शमशाद, आरिफ,राजू गद्दी, राजा गद्दी, अफजल गद्दी, अकबर, असगर, कल्लू, विक्की, सोनू सहित झामुमो अन्य झामुमों कार्येकर्ता और स्थानीय लोग शामिल रहे।

# बस और ट्रक के बीच टक्कर, चालक हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** जिले के सरायकेला कांड्रा मार्ग पर डीसी ऑफिस के समीप नशे में धुत डंफर चालक ने शाहीन बस को पीछे से टक्कर मार दी। इतना ही नही मुख्य सड़क से लगभग 100 मीटर तक बस को घसीटते हुए ले गया। शनिवार को दिन के समय डीसी ऑफिस के समीप इस तरह की घटना से स्थानीय लोगो नाराजगी देखने को मिली। हालाकि दुर्घटना में बस चालक की सूझबूझ से बस में सवार लगभग 40 यात्रियों की जान बच गई।किसी भी यात्रियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला।वही डंफर चालक नवीन कामगार को अपने कब्जे में लेकर उसकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही सरायकेला प्रभारी सतीश वर्नवाल दल बल के साथ पहुंच कर चालक को अपने कब्जे में ले लिए। वही घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार रांची से दलभंगा जाने वाली शाहीन बस यात्रियों को लेकर रांची से लौट रही थी। डीसी ऑफिस के समीप पीछे से डंफर चालक ने ओवरटेक के दौरान बस को पीछे से टक्कर मारते हुए पोल से टकरा गयी। बस को घसीटते हुए 100 मीटर दूर गड्ढे में गिरा दिया। महिला यात्री दिव्या ने बताया घटना के दौरान बस चालक ने अपनी सूझबूझ दिखाई अन्यथा सभी की जान चली जाती। अगर वाहन कुंआ में गिरा होता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।वही थाना प्रभारी ने कहा डंफर चालक को कब्जे में लेकर अल्कोहल का जांच किया जायेगा। जांच में पॉजिटिव पाए जाने पर चालक का ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द करते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## बीडी इलेवन बिस्टुपुर और ट्विस्टर इलेवन ने मैच जीतकर किया दूसरे राउंड में प्रवेश

घाटशिला (आजाद सिपाही)। मऊभंडार के स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में शनिवार को खेले गए 30वें बासुकी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के 8वें दिन जमशेदपुर की एआर ब्यूटी स्टूडियो बिस्टुपुर, वीडी इलेवन और ट्विस्टर इलेवन मानगो ने अपने-अपने मैच जीतकर सेकंड राउंड में प्रवेश किया।

### एआर ब्यूटी स्टूडियो ने आयुष इलेवन को 6 विकेट से धोया

दिन के पहले मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयुष इलेवन मऊभंडार ने 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 73 रन बनाएं। सौरव ने एक छक्का और तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन और राहुल ने 18 रन बनाएं। विपक्षी टीम के लिए चंद्रकांत ने 3 और असलम ने 2 विकेट झटके। जवाब में एआर ब्यूटी स्टूडियो बिस्टुपुर, जमशेदपुर ने 6.1 ओवर में ही 4 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। राज ने 2 छक्कों और 4 चौकों की मदद से नाबाद 31 रन और उज्ज्वल ने 12 रन बनाकर अपनी टीम को 6 विकेट से आसान जीत दिलाया। विपक्षी टीम के लिए सौरव ने दो और राजा ने एक विकेट लिया।

### एकतरफा मुकाबले में वीडी जमशेदपुर ने यूनाइटेड वॉरियर्स को 9 विकेट से हराया

दिन के दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूनाइटेड वॉरियर्स मऊभंडार ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 69 रन बनाएं। बल्लेबाज राम ने सर्वाधिक 30 रन और मार्शल ने 19 रन बनाएं। विपक्षी टीम के गेंदबाज बंटी को दो और प्रसन्नजीत को एक विकेट मिला। जवाबी पारी खेलने उतरी वीडी इलेवन जमशेदपुर ने 4 ओवर में मात्र एक विकेट खोकर ही 74 रन बनाकर मैच को 9 विकेट से जीत लिया। बल्लेबाज सिंघि ने 3 छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन और बंटी ने 3 छक्कों की मदद से नाबाद 22 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाया। विपक्षी टीम के लिए एकमात्र सफलता सगुन को मिला।

### ट्विस्टर मानगो ने हंटर बड़ाबांकी को आसान से मुकाबले में 7 विकेट से दी शिकस्त

दिन के तीसरे मुकाबले में बड़ाबांकी की हंटर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 76 रन बनाएं। इस टीम के बल्लेबाज प्रदीप ने 28 और जीतू ने 13 रन बनाएं। विपक्षी टीम के लिए शाहिद ने 3 और लाल ने 2 विकेट लिएं। जवाब में ट्विस्टर इलेवन मानगो ने 5.4 ओवर में ही 3 विकेट खोकर अपने विजयी लक्ष्य का हासिल कर लिया। हयात ने नाबाद 25 रन व शाहिद ने 21 रन बनाकर अपनी टीम को एकतरफा मुकाबले में 7 विकेट से जीत दिलाया। हंटर इलेवन के लिए जीतू ने 2 और सूरज ने एक विकेट लिया। आज के मैचों में जेके मिश्रा, संजय मजूमदार, आशीष राउल, चेतन सिन्हा और आतनु चटर्जी ने अंपायर, परमजीत सिंह, शक्ति प्रसाद धल और संदीप भट्टाचार्य ने स्कोरर तथा एनके राय ने कमेंटेटर की भूमिका अदा किया।

## श्री श्याम महोत्सव में रात भर भक्ति संगीत पर झूमे श्रद्धालु



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला ।** अग्रसेन भवन मुसाबनी प्रांगण में शुक्रवार देर रात श्री श्याम मित्र मंडल मुसाबनी के द्वारा श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। श्री श्याम महोत्सव को यादगार बनाए जाने को लेकर श्री श्याम बाबा के भक्ति संगीत और भजन कीर्तन के लिए जमशेदपुर एवं कोलकाता से कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति संगीत प्रस्तुत कर लोगों का रात भर मनोरंजन किया। श्री श्याम महोत्सव में भक्ति संगीत की समा बांधने कोलकाता से गायक तुषार चौधरी, मौनी केड़िया ,गगन म्यूजिकल ग्रुप एवं जमशेदपुर के प्रसिद्ध गायक महावीर अग्रवाल कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। शुक्रवार की रात आयोजित इस महोत्सव में श्याम भजन सुनने के लिए श्याम भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। लोग बीच-बीच में श्याम बाबा की जयकार लगाते रहे। अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। पूरा परिसर तालियों जयकारे से गूजता रहा। यहां बच्चे, युवा, महिला, बुजुर्ग हर वर्ग में अपार उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, आकर्षण का केंद्र रहा। भजन संध्या में प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता और अन्य अधिकारियों ने भी भाग लेकर पूजा अर्चना की। मौके पर श्री श्याम मित्र मंडल के बजरंग सिंघानियां, पप्पू अग्रवाल, सुभाष सिंघानिया,सुशील सिंघानिया, राजीव अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, विक्की गोयल, विजय गुप्ता, अमित अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, पवन सिंघानियां, कानू अग्रवाल, मोंटी अग्रवाल, पुरूषोत्तम क्वांटिया, बाबूलाल सिंह, दिनेश साव, सत्या तिवारी, चौधरी उमेश सिंह, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विधवा महिला ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर अबुआ आवास की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विंध्याचल नगर में प्लास्टिक का घेरा बनाकर किराए के मकान में रहने वाली विधवा महिला सुशीला देवी ने शुक्रवार की अपराह्न 2:00 बजे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को आवेदन सौंप कर अबुआ आवास की मांग की है। उपायुक्त को सौंपे आवेदन में महिला ने कहा मेरा कोई सहारा नहीं है एकमात्र पुत्र था। उसकी भी मृत्यु हो गई। पति भी नहीं है। चाहा के बैरागी बगान में दो डिसमिल जमीन है लेकिन घर बनाने के लिए पैसे नहीं है। अबुआ आवास के तहत घर बन जाता तो रहने के लिए छत मिल जाता। साथ ही राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी नही है। महिला ने अपनी आप बीती झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला संगठन की जिला अध्यक्ष देव की देवी को बतायी। इसके बाद उपायुक्त को आवेदन सौंप कर मदद की गुहार लगायी है।

# यक्ष्मा उन्मूलन के लिए प्रत्येक व्यक्ति की जांच जरूरी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शनिवार को सघन प्रचार-प्रसार एवं टीबी उन्मूलन अंतर्गत 100 दिवसीय एक्टिव केस फाइंडिंग जागरूकता रथ को जिला यक्ष्मा केंद्र, दुन्दुरिया से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले में यक्ष्मा उन्मूलन के लिए प्रत्येक व्यक्ति की जाँच जरूरी है। आज रवाना किए गए जागरूकता रथ के माध्यम से गुमला जिले के प्रत्येक प्रखंड पंचायत एवं ग्रामों में यक्ष्मा उन्मूलन से संबंधी जागरूकता फैलाई जाएगी। साथ ही रवाना किये गये चलंत चार पहिया जांच वाहनों के माध्यम से प्रति प्रखंड, पंचायत, स्कूल, कॉलेज एवं गांव-गांव में यक्ष्मा के मरीजों का सर्वेक्षण कराते हुए उन्हें चिन्हित किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि शुरूआती दौर में यह कार्यक्रम 100 दिनों तक चलाया जायेगा। जिसके तहत कम्युनिटी मोबलाइजर, पारा चिकित्सीय कर्मी, सहिया आदि के सहयोग से एक सूक्ष्म कार्ययोजना के आधार पर जिले के सभी गांवों, कस्बों, मोहल्लों में घर-घर, स्कूल, कॉलेज जाकर यक्ष्मा के लक्षण वाले संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। साथ ही उनके स्पुटम (खखार) का सैंपल लेने के बाद उसे जांच केंद्रों तक पहुंचाया जायेगा। इसके पश्चात यक्ष्मा से संक्रमित मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही उपायुक्त द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामनाएं दिये।

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 07 दिसंबर 2024 को जिला यक्ष्मा केंद्र गुमला के परिसर में गुमला जिला के बढ़ते टीबी रोगगियों तक पहुंच बने इसके लिए पूरे भारत बर्ष के 347 जिलों में एक जिला गुमला को टीबी मुक्त करने हेतु 100 दिवसीय टीबी जागरूकता अभियान के साथ टीबी रोगियों को घर-घर खोज कर निकालना है। इसके लिए असुरक्षित जनसंख्या जिसमें 60 बर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, सुगर पेशेन्ट, शराब एवं धुम्रपान करने वाले व्यक्ति टी0बी मरीज के घर वाले, पिछले 5 बर्षों के अंतराल में टीबी दवा खाये रोगी, एचआइवी मरीज, जिस व्यक्ति का बीएमआइ 18 से कम हो तथा अभी जिनमें तत्काल में टीबी लक्षण नजर आ रहे है। उनका स्क्रीनिंग कर एक्स रे कराना है एवं एक्स रे में चयनित टीबी रोग परिलक्षित होता है तो टीबी की दवा दी जानी है एवं उनका टू नट से बलगम का जांच भी कराया जायेगा।

## हाथियों के झुंड ने फसल को किया बर्बाद



**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पंथा पंचायत के लोटवा में शुक्रवार रात्रि को जंगली हाथियों के द्वारा खेत मे लगे धान के फसल को खा लिया साथ ही हाथियों द्वारा पूरा खेत को रौंद देने से स्थानीय किसान वीरेन कुल्लू और फुलकेरिया कुल्लू को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। खबर लिखे जाने तक हाथी लोटवा जंगल क्षेत्र में ही है और हाथियों के झुंड में 7 हाथी है। हाथियों के आने की सूचना पर स्थानीय मुखिया सेतेग हेमरोम ने प्रभावित किसानों और फसल का जायजा लिया। इस मौके पर ललित कुल्लू, सनातन होरो, सेरनुस कुल्लू, प्रदीप केरकेट्टा, प्रभावित किसान समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ चला छापामारी अभियान

**बसिया (आजाद सिपाही)।** विद्युत अवर प्रमंडल कामडारा के कनीय अभियंता कंचन टुडू के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के सोलंगबिरा, तेतरा, बसिया, भागीडेरा, आर्या, कोनबीर, कलिगा, ससिया, कुडलगा, डोलगसेरा में छापामारी अभियान चलाया गया। इस छापामारी अभियान में बिजली चोरी करने के आरोप में सोलंगबिरा निवासी श्याम योगी, तेतरा निवासी इमिल कुजूर, इरिक लकड़ा, कुरुम निवासी लखन साहु, ससिया निवासी संतोष प्रसाद के विरुद्ध विद्युत चोरी अधिनियम के तहत बसिया थाना में प्राथमिक दर्ज की गयी है। छापामारी टीम में तकनीकी सहायक लक्ष्मण साहू, गंगाधर ओहदार, रवि शंकर राम सहित संवेदक कर्मी शामिल थे। मालूम हो कि विद्युत विभाग द्वारा लगातार बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जा रहा हैं और विधुत चोरी करने वालो के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

## फसल कटाई कार्यक्रम का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत तुरीअंबा गांव में कोरटेवा एग्रीसाइंनस सीड लीमेटेड द्वारा मेघा फसल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पायोनियर 27पी37 और अन्य धान को काट कर वजन किया गिया जिसमे पायोनियर धान की उपज अन्य धान से अधिक थी। कंपनी के मैनेजर एमडी इरशाद अंसारी, एमडिआर खर्सीद उस्मान खान ने किसानो को दो नंबर जमीन मे 27पी37 धान की खेती कर अपनी आमदनी को दुगुनी करने के लिए किसानो को प्रेरीत किया। मौके पर सेकड़ों किसान उपस्थित थे।

# इंडी गठबंधन समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजयी होने के बाद शनिवार को झामुमो-कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के समर्थकों द्वारा सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो की उपस्थिति में विजय जुलूस निकाला। जुलूस कामडारा मिशन चौक से शुरू होकर मेन रोड होते हुए पोकला फिर कामडारा बेसिक मैदान तक पहुंचा। जुलूस में डीजे साउंड के साथ आतिशबाजी के बीच समर्थकों ने पार्टी झंडा हाथ में लेकर झुमते नजर आए। इस दौरान झामुमो विधायक जिग्गा सुसारन होरो खुले वाहन में सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए सिसई विधानसभा में प्रचंड जीत और झारखंड में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो-कांग्रेस व राजद की गठबंधन सरकार बनने की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर झामुमो के सुगड़ तोपनो, जमुना प्रसाद, अशोक ओहदार, पंकज ओहदार, बिमल केरकेट्टा, अगापित होरो, आन्तोनी सुरीन, अमर सुरीन, पिबिन बारला, अमित कडुलना, निलु सिंह, राजेश केरकेट्टा, अनिल हेमरोम, वेमसेंट केरकेट्टा, जॉन केरकेट्टा, सालन टोपनो, अजीत केरकेट्टा, अखलेश राम, जेम्स, जुसाफ बारला, अमित नाग, रोशन केरकेट्टा, नमन कडुलना, सहित कांग्रेस-झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

# लीगल सर्विस यूनिट मनोन्याय कमेटी के दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** माननीय झालसा के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ध्रुव चंद्र मिश्र यह आदेश पर चल रहे लीगल सर्विस यूनिट मनोन्याय कमेटी का दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य जो भी लोग मानसिक रोग से पीड़ित हैं ऐसे लोगों की जानकारी टीम के लोगों के द्वारा रखा जायेगा और उनके इलाज के लिए जो भी सरकारी सहायता हो उसके लिए प्रयास करेगा तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला को सूचित करेगा। इस संबंध में झालसा द्वारा दिये गये गाइडलाइन का विस्तृत रूप से जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन शंभू सिंह ने कहा कि कमेटी में पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी हैं पीएलबी गांव से जुड़े हुए व्यक्ति हैं जिनको कोई भी मामला सबसे पहले पता चलता है सभी पीएलबी मानसिक रोग से पीड़ित महिला या पुरुष जो भी हो उनको सरकारी इलाज के लिए प्रयास करें और विधिक सेवा प्राधिकार को भी सूचना दें ताकि विधिक सेवा प्राधिकार भी उनके इलाज संबंधी सहयोग प्रदान कर सकेगा। कमेटी को एलएडीसी के प्रमुख डीएन ओहदर, श्री बुदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा ,जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे ने भी अपने-अपने सुझाव दिये। कार्यशाला में अधिवक्ता छत्रपाल साहू,संजय प्रसाद साहू, शादीक अंसारी, पीएलबी राजेश सिंह, सोनू देवी, लक्ष्मण मोची, विष्णु रतिया आदि उपस्थित थे।

## मैसी फर्गुसन कंपनी ने ट्रैक्टर का डेमोस्ट्रेशन दिया



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** गोंझु ऑटोमोबाइल कामडारा में प्रखंड के ट्रैक्टर ऑनर को मैसी फर्गुसन कंपनी का ट्रैक्टर का डेमोस्ट्रेशन कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कंपनी के झारखंड मैनेजर विक्रम राजपूत के द्वारा दीपप्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मैसी ट्रैक्टर की खूबियों के विषय में जानकारी दी गयी साथ ही ग्राहक को ट्रैक्टर को चला कर दिखाया गया। गोंझू ऑटोमोबाइल के संचालक सतीश कुमार ने बताया की दिसंबर माह के अंदर जो भी ग्राहक ट्रैक्टर की बुकिंग करता है या खरीदता है उन्हें एमआरपी मूल्य में 40 हजार की छूट दी जायेगी। इसके अलावे मैसी कंपनी के झाखंड डीलर नीरज कुमार ने बताया कि ग्राहकों के लिए खास स्कीम के तहत सरप्राइज गिफ्ट भी दिया जाएगा।कंपनी के एक्टिविटी हेड ब्रजेश कुमार सिंह सेल्स अमरेंद्र कुमार सिंह टेक्नीशियन ज्ञान मिंज के अलावे कामडारा प्रखंड के ट्रैक्टर ओनर मौजूद थे।

# स्वास्थ्य केंद्रों में आकर अपना जांच जरूर करवायें : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** यक्ष्मा मुक्ति कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय कैंप का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में शनिवार को बीडीओ दिनेश कुमार, प्रमुख सविता देवी व चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एकता के द्वारा किया गया। यह कैंप लगातार 100 दिनों तक चलेगा जिसमें गांव में घूम-घूम कर सीएचओ, एएनएम व सहिया के द्वारा टीवी के जांच के लिए लोगों को कैंप तक लाया जायेगा। सात तरह के लोगों को कैंप में ला कर जांच करने की बात कही गयी। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को, जो ज्यादा शराब पीने वाले लोगों को, बीएमआइ 18 से कम हो वैसे लोगों को, टीवी मरीज के घर वालों को, एड्स के मरीज को, टीबी से ठीक हुए मरीज को व जिन्हें डायलिसिस हो रहा है वैसे लोगों को कैंप तक लाकर जांच करना है। इस दौरान बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा सभी लोगों का जांच हो कोई भी लोग छूटे ना। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए भी कहा है कि गांव में सीएचओ, एएनएम व सहिया से संपर्क कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर जरूर से जरूर अपना जांच करायें ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख सविता देवी, डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का, ज्ञान रंजन, विनय कुमार, हेमंती देवी, सीमा देवी, बबीता देवी, पारस साहू, लक्ष्मण गोप, अलका खलखो, अनुपा एक्का सोनी तिग्गा सहित कई लोग मौजूद थे।

## हैदराबाद से रायडीह के सीलम वर टोली पहुंचा मजदूर का शव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रशासन के द्वारा 22 मजदूरों को प्लेसमेंट के तहत हैडरा बाद के सपुर जी प्लांजी कंपनी में भेजा गया था। सभी मजदूर 19 नवंबर को रांची से ट्रेन से गये और 23 नवंबर से कंपनी में काम करना शुरू कर दिये थे। काम करने के दौरान ही सिलम बरटोली के रहने वाले 21 वर्षीय मजदूर तितरू उरांव पिता बरतु उरांव को 2 दिसंबर को अचानक तेज बुखार हो गया तो काम छोड़कर अपना रूम में जाकर सो गया। शाम को उसके दोस्त महावीर गोप, अंकित लकड़ा एवं संजय उरांव काम कर के रूम लौटे तो देखा कि उसकी हालात बहुत खराब है। उसकी हालात को देखते हुए उसके दोस्तों द्वारा तत्काल नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया। हॉस्पिटल में भी उसकी हालत बिगड़ती चली गयी और अंत में दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद कंपनी लोग उसके शव को गांव तक भेजने के लिए आनाकानी करने लगे। कंपनी की लापरवाही को देखते हुए कंपनी के हजारों मजदूरों ने कंपनी के व्यवस्थापक के विरोध में हो हंगामा किया।

# तनाव आपकी मौलिकता छीनती है, सकारात्मकता खुशियां लाती है : चौहान

बारडीह जंगल के बीच सुदूर ग्रामीण इलाके के दो स्कूल उत्क्रमित उवि बांसडीह व उत्क्रमित उवि तबेला, चैनपुर में आयोजित हुआ खुशी क्लास।

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शनिवार को गुमला जिले का सुदूर गांव, घने बारडीह जंगल के बीच उत्क्रमित उवि बांसडीह व उत्क्रमित उवि तबेला, चैनपुर में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक सह संचालक संचालन मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित कहानी भी सुनाई चार घुड़सवार जंगली राह से जा रहे थें। रास्ता काफी संकरी और टूटी फूटी थी। इस कारण सभी एक साथ न चलकर आगे पीछे चल रहे थें। जंगल में उन लोगों ने देखा कि कंटीली झुरमुट के पास पेड़ के घोंसले से एक छोटी सी चिड़िया नीचे गिर गयी। छोटी चिड़िया चींचीं चिल्ला रही थी। ऊपर पेड़ पर से कई और चिड़िया शोर मचाने लगें। बेचारी चिड़िया बहुत कष्ट में है, यह कहते हुए पहला घुड़सवार निकल गया। काफी मार्मिक दृश्य है, कहते हुए दूसरा और कांटे नहीं होते तो उठा देता, कहते हुए तीसरा घुड़सवार भी सामने से गुजर गया। चौथा घुड़सवार रुका, कांटों को साफ करते हुए चिड़ी को उठाया, पेड़ पर चढ़कर उसके घोंसले में रख आया। वो घुड़सवार अमेरिका के ख्यातिप्राप्त राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन थें। लब्बोलुआब यह, जिन्हें ऊंचाई पर पहुंचना है, प्रसिद्धी पानी है ; उनके भाव, कार्यसंस्कृति हटकर होगी। सरल शब्द में, फलदार वृक्ष के ऐसा उनका व्यक्तित्व झुका होगा, पर उनकी कार्यपद्धति गगनचुंबी होगी। अंत में बांसडीह के प्राचार्य रामजीत उरांव व तबेला के प्राचार्य सिकंदर साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में शनिवार को प्रखंड स्तरीय सभी पंचायत के मुखिया अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी और उपस्थित ग्रामीणों के बीच 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काट कर किया गया। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारीयों के बीच प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने टीबी के विषय में व्यापक चर्चा करते हुए इस कार्यक्रम का रूपरेखा रखी। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य कर्मी को आशवस्त किया कि पूर्व तरह निष्ठापूर्ण कार्य करते हुए प्रखंड को टीबी मुक्त बनाना है जिसके वे एक्स केंद्र के बीपीएम राजकुमार ठाकुर, एमपीडब्लू समीर कोगड़ी और एसटीएस दीपक लकड़ा का विशेष योगदान रहा।

# झायुमो के जिला उपाध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सह सिसई के समाजसेवी मोहम्मद उमर फारूक अंसारी ने अपने कई सहयोगिनी के साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात की । इस शिष्टाचार मुलाकात में उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के स्तर के बारे में चर्चा की। उमर फारूक अंसारी में स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि वर्तमान में झारखंड के कई जिलों में स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था लचर स्थिति में है। गुमला जिला मुख्यालय में तो स्वास्थ्य की व्यवस्था कुछ ठीक-ठाक है लेकिन प्रखंडों में इस व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत है । उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक उपचार केदो को उपचार की दृष्टि से और मजबूत करने का आग्रह किया। उमर फारूक अंसारी ने डॉक्टर इरफान अंसारी को गुमला आने का न्योता भी दिया और उनसे स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाने की भी बात कही। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने यह आश्वासन दिया कि वह जल्द ही गुमला दौरे पर आएंगे और स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल करने में गुमला उनकी प्राथमिक सूची में शामिल रहेगा उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। यह भी कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर से बेहतर हो और इसका लाभ आमजनों तक पहुंचे यह इंडिया गठबंधन सरकार का उद्देश्य है। मौके पर सादाब नैयर,अरशद अंसारी, कासिम अंसारी, अफरोज अंसारी साहित कई लोग मोजूद थे।

## आज रन्हे मैदान में आयेंगे चमरा लिंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के रन्हे स्टेडियम में झामुमो कार्यकर्ताओं का बिशनपुर विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 8 दिसंबर को दिन के 11 बजे झारखंड के अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा का रनहे स्टेडियम में आगमन हो रहा है। जिसमें मंत्री के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। वही कार्यकर्ताओं ने बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को आने का न्यौता दिया। ताकि उक्त अभिनंदन कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। मौके पर संजीव उरांव, विनोद उरांव, कामाख्या भगत, बेचन भगत, बलि उरांव, सतेंद्र उरांव, अरविंद उरांव, कमल देव कुजूर, संजय उरांव, संजय भगत, बल्कू उरांव, विकास कुमार, रमेश भगत, प्रकाश उरांव, लक्ष्मण उरांव, मनेश्वर उरांव, शिला कुजूर, विफैया उरांव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक ही परिवार में दो मानसिक रोगी के बारे में जानकारी पर झालसा ने लिया संज्ञान, दिये जांच के निर्देश

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड के बनियाडीह ग्राम में एक ही परिवार में दो मानसिक रोगी के बारे में अखबार में समाचार के माध्यम से माननीय झालसा ने संज्ञान लिया तथा डालसा गुमला को मामले की जांच का निर्देश दिया इस पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला धुर्व चंद्र मिश्र ने अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला राम कुमार लाल गुप्ता को जांच के आदेश दिये। माननीय सचिव ने तुरंत ही बनियाडीह ग्राम गये और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। घर पर पीड़ितों के माता से मुलाकात हुई सचिन महोदय ने उनसे उनके पारिवारिक हाल-चाल की विषय में जानकारी ली और उन्हें पीड़ितों के बेहतर इलाज के लिए रिनपास में भर्ती कराने हेतु इलाज संबंधी कागजों की मांग की इस पर पीड़िता की मां ने कहा कि उनके पति घर पर नहीं है लोहरदगा गए हैं जो दो-तीन दिन बाद लौटेंगे और सभी कागज उनके पास है उनके रहने पर भी कागज उपलब्ध हो पायेगा ,उन्होंने यह भी कहा कि यदि दोनों पीड़ितों का इलाज घर पर रहकर ही हो तो ज्यादा बेहतर होता। उन्होंने यह भी बताया कि पीड़ितों को सदर अस्पताल से निशुल्क दवाई की प्राप्ति हो जाती है।

## सगालीम के डीलर नंददेव बैठा कर रहे राशन घोटाला: विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड के सगालीम गांव के डीलर नंददेव बैठा पर राशन घोटाले का संगीन आरोप लगाया है। विधायक ने पलामू डीसी शशि रंजन से मिलकर उक्त डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि सगालीम गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने डीलर नंददेव बैठा के खिलाफ उनसे मिलकर शिकायत की है। डीलर नंददेव बैठा डबल राशन कार्ड का लाभ उठाने के साथ ही मृत कार्ड धारियों के नाम पर राशन का अवैध उठाव कर रहे हैं। पिछले कई वर्षों से डीलर नंददेव बैठा दर्जनों मृत लाभुकों के नाम राशन का गबन कर रहे हैं। उन्होंने अपने नाम पर लाल कार्ड (202002674407) बना रखा है। जिसमें चार सदस्य नंददेव बैठा, राकेश कुमार रजक, बिंदु कुमारी और सरिता भारती के नाम अंकित हैं। राशन कार्ड में डीलर नंददेव बैठा के पिता का नाम जितेश्वर सिंह लिखा हुआ है। इसी तरह सविता भारती के पिता का नाम गोपाल प्रसाद हैं। डीलर के पुत्र राकेश कुमार रजक का लाल कार्ड में नाम होने के बावजूद उनके नाम से अलग अंत्योदय राशन कार्ड (202005563377) बनाकर राशन का उठाव किया जा रहा है। इसी तरह राकेश कुमार प्रजापति का भी डबल राशन कार्ड बनाकर राशन गबन किया जा रहा है। राकेश प्रजापति के लाल कार्ड (202002674102) में नाम पहले से दर्ज है और राशन का उठाव भी किया जा रहा है। लाल कार्ड में नाम होने के बावजूद डीलर नंददेव बैठा ने राकेश कुमार प्रजापति के नाम अंत्योदय पीला राशन कार्ड बनाकर अवैध तरीके से राशन उठा रहे हैं। विधायक ने बताया कि दाखो कुंवर स्वर्गीय बिनेशरी मांझी (202005563436), रामधारी पासवान इश्वरी पासवान (202002674422), जगेश्वर सिंह जवाहिर साव (202005573052), केश्वर सिंह हरिचरण सिंह (202002674428) समेत एक दर्जन से अधिक मृत व्यक्ति के नाम पर हर माह राशन का उठाव डीलर कर रहे हैं। लगे हाथ डीलर पर कम राशन वितरण करने का भी आरोप लगाया है। विधायक ने बताया कि डीलर नंददेव बैठा पर कई बार राशन घोटाला करने का आरोप लग चुका है। उन्होंने पलामू डीसी से डीलर पर सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस रद्द करने की मांग की है।

## गरीबों को किसी भी कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर ना लगवाएं : नरेश प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। वैसे तो यह बैठक परिचयात्मक था, लेकिन विधायक ने शालीन शब्दों में अधिकारियों-कर्मचारियों को कई नसीहतें दे दी। छिपे लहजे में कार्यसंस्कृति को सुधारने को कहा। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को ईमानदारी से कार्य करने की शपथ भी दिलवायी। इसके अलावा कई निर्देश भी दिया। विधायक ने कहा कि पहले की तरह अब अटकाओ लटकाओ वाली कार्यप्रणाली नहीं चलेगी। गरीब गुरबों के कार्यों का यथाशीघ्र निष्पादन करें। गरीबों को बेवजह किसी भी कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर नहीं लगवाएं। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएं और ईमानदारी से कार्य करें। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इस मौके पर प्रमुख रंभा कुमारी, सीओ राकेश तिवारी, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीआई विजय चौबे, राजस्व कर्मचारी अरविंद मिश्रा, राजद जिला महासचिव रमेश चौबे, नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, किशोर कुमार, महेंद्र यादव, विकाश यादव, निर्मल सिंह, पंकज सिंह, एनामूल उर्फ गुड्डू, जुगल खान, मुन्ना यादव, संजय उपाधया, डब्ल्यू चौबे और अमीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## राधा कृष्ण किशोर के मंत्री बनने से पलामू के व्यवसायी उत्साहित: डिंपल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राधा कृष्ण किशोर उर्फ चुन्नू को हेमंत सरकार के मंत्रीमंडल में शामिल किए जाने पर शनिवार को पलामू चेंबर बैठक कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी है। चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षा में उनके निवास स्थान पर एग्जीक्यूटिव कमेटी की हुई बैठक में आगामी कार्यक्रम तय किए गए। सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने बताया कि विधायक रहते राधा कृष्ण जी ने कई बार पूर्व के मुख्यमंत्री के पास चेंबर के प्रतिनिधि के साथ वार्ता के लिए गए थे। एक बार अर्जुन मुंडा और दो बार रघुवर दास जी के समक्ष चेंबर के प्रतिनिधि में शामिल होकर उन्होंने शहर की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया था। कहा कि खास महल के मुद्दे की राधा कृष्ण किशोर जी को पूरी जानकारी है। इस लिए उन्होंने चेंबर के साथ कई बार उनसे भी वार्ता किया। डिंपल ने कहा कि अब खुद राधा कृष्ण किशोर जी मंत्री बन गए हैं और उन्हें प्रमुख विभाग मिले हैं. इसलिए पलामू की आशा और ज्यादा बढ़ गई है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि एक कार्य कुशल नेतृत्व के तहत चुन्नू भैया पलामू की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निष्पादित करेंगे। इसमें सबसे पहले खास महल की समस्या, टाउन प्लान, सेकंड फेस वाटर सप्लाई, मिनी फ्लाईओवर, कोयल नदी को बांधना और उस पर दूसरे बडे पुल का निर्माण करना आदि शामिल है। वहीं, बैठक के बाद सभी ने अपने वरीय उपाध्यक्ष राजदेव उपाध्याय को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी और अध्यक्ष आनंद शंकर के शीघ्र स्वस्थ लाभ के लिए प्रार्थना की। बैठक में उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद अग्रवाल, रीजनल उपाध्यक्ष रिंकू दुबे, आलोक माथुर, रितेश कुमार, सतीश साहू, पुनीत सिंह आदि मौजूद थे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, हंगामा

## शव उठवा देने पर मुखिया के खिलाफ आक्रोश-दो बार सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/पलामू।** रामगढ़-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर नावाडीह के बगनी झरिया में शनिवार की सुबह नौ बजे हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान जाकिर अहमद (28) के रूप में हुई है। पेशे से मजदूर युवक बेड़मा का रहने वाला है। इस घटना के तुरंत बाद नावाडीह के मुखिया दयानंद प्रसाद ने मौके पर पहुंच कर पुलिस की मदद से शव को वहां से उठवा दिया। जिससे आक्रोशित मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि मुखिया का हाइवा होने के कारण उन्होंने पुलिस से मिलकर शव उठवा दिया। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो जाकिर बाइक से डालटनगंज जा रहा था। वहां से ट्रेन पकड़कर दूसरी जगह मजदूरी करने जाने वाला था। जाकिर पेंटर का काम करता था। उसकी दो बेटियां है। परिजनों-लोगों ने दावा किया कि डालटनगंज जाने के क्रम में किसी दूसरी बाइक से उसकी बाइक की टक्कर हो गयी। वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया और पीछे से आ रहा एक हाइवा उसके सिर पर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। व हीं, मृतक के बहनोई शेर मोहम्मद ने कहा कि परिजनों के आने से पहले शव को उठाना सही नहीं रहा। ग्रामीण अजीमुद्दीन अंसारी ने कहा कि डेढ घंटे तक सड़क जाम किया गया। ग्रामीण-परिजन मुखिया दयानंद प्रसाद से पूछना चाहते हैं कि आखिर उन्होंने शव क्यों उठवाया।



हादसे में युवक की मौत के बाद सड़क जाम कर हंगामा करते लोग।

### लगातार हो रहे हादसों पर रोकथाम की पहल नहीं

रमकंडा-रामगढ-डालटनगंज रोड पर नावाडीह में संचालित विभिन्न क्रशर से निकलने वाले हाइवा की चपेट में आने से अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है। रमकंडा के रोहड़ा गांव के पति-पत्नी को हाइवा ने कुचल दिया था। इसके बावजूद हाइवा समेत अन्य वाहनों की स्पीड एवं बेहतर संचालन को लेकर कोई पहल या कार्रवाई नहीं की जाती है, जिससे लोग नाराज हैं।

## खबर का असर : बीएफटी पर अबुआ आवास में पैसे लेने के आरोप में थाने में प्राथमिकी दर्ज

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के सेमरा पंचायत के टोला बलहिया निवासी रुक्मणि देवी ने प्रखंड कार्यालय में बीएफटी के पद पर कार्यरत संजय रवि पर अबुआ आवास निर्माण में 10 हजार रुपये घूस लेने का आरोप लगाया था। इस मामले को **आजाद सिपाही** में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका असर भी देखना को मिला है। डीडीसी ने बीडीओ को जांच का निर्देश दिया था। जांच में रिश्वत लेने का आरोप सही पाया गया। जिसपर बीडीओ ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराने का निर्देश दिया। शुक्रवार को प्रखंड समन्वयक बीरबल कुमार ने चैनपुर थाना में बीएफटी संजय रवि के खिलाफ जबरन रिश्वत लेने का मामला दर्ज कराया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने इस मामले में बताया कि प्रखंड कार्यालय के समन्वयक द्वारा अबुआ आवास में रिश्वत लेने का आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## झारखंडियों के सपनों को हेमंत सरकार साकार करेगी : संतोष

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने कहा कि झारखंड की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आइएनडीआइए महागठबंधन को लगातार दूसरी बार सेवा करने का मौका दिया है। यह अबुआ सरकार झारखंडियों के सारे सपनों को पूरा करेगी। प्रदेश को विकास की ऊंचाइयों तक लेकर जायेगी। वे शनिवार को अपने केतात स्थित आवास पर कांग्रेस की ओर से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।


## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा।
(भू–अर्जन शाखा)
प्रपत्र VII
झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)
याउपायुक्त या समुचित सरकारअधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0 .................................... दिनांक ....................................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – तामड़ा, थाना नं0–54, थाना – सिमडेगा, अंचल –सिमडेगा, जिला – सिमडेगा में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – बीरु (एन0एच0 143 पर) तामड़ा सिकरियाटांड़ रामरेखाधाम (कोचेडेगा–रामरेखाधाम पथ पर) चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि ग्राम – तामड़ा, थाना नं0–54, थाना – सिमडेगा, अंचल – सिमडेगा, जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **9.294** एकड़ यानि **3.76527** हेक्टेयर मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या: उ0 | द0 | पू0 | प0 | वृक्ष: किस्म | संख्या | संरचनाएँ: प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 1 | 1712 | रैयती | दोन दो | 0.012 | जयपाल घांसी पिता मगन घांसी | 1714 | 1716 | 1710 | 1713 | | | | |
| 2 | 1 | 1724 | रैयती | टांड़ दो | 0.012 | कमला किन्डो पति गबरियल किन्डो | 1721 | 1809 | 1725 | 1716 | | | मकान एसबेस्टस + कुआं + गेट | |
| 3 | 1 | 1732 | रैयती | टांड़ दो | 0.011 | किसुन साहु वो विसुन साहु वो विशेसर साहु पिता गजाधर साहु | 1716 | 1758 | 1734 | 1731 | | | | |
| 4 | 1 | 1980 | रैयती | टांड़ दो | 0.03 | | 1981 | 1849 | 1716 | 1965 | पेड़ | 1 | ईंट बाउंडरी (सतीश गोयल वगै0 पिता रामेश्वर गोयल) खपरैल मकान (चंदा देवी पति लक्ष्मी प्रसाद | |
| 5 | 4 | 2349 | रैयती | दोन एक | 0.083 | बसीर अहमद खाँ पिता शमसेर खाँ | 2343 | 2362 | 2348 | 2354 | | | | |
| 6 | 23 | 866 | रैयती | दोन एक | 0.012 | फीरंगी उरांव वो फागु वो मंगरा पिता कन्दरा उरांव | 867 | 865 | 897 | 864 | | | | |
| 7 | 23 | 1740 | रैयती | टांड़ तीन | 0.077 | फीरंगी उरांव वो फागु वो मंगरा पिता कन्दरा उरांव | 1716 | 1741 | 1744 | 1739 | | | | |
| 8 | 23 | 1744 | रैयती | दोन तीन | 0.015 | फीरंगी उरांव वो फागु वो मंगरा पिता कन्दरा उरांव | 1716 | 1743 | 1745 | 1740 | | | | |
| 9 | 23 | 2069 | रैयती | टांड़ एक | 0.001 | फीरंगी उरांव वो फागु वो मंगरा पिता कन्दरा उरांव | 2081 | 2059 | 2210 | 2070 | | | | |
| 10 | 29 | 864 | रैयती | टांड़ दो | 0.078 | मसजिद कर प्रताज समसरेला पिता साहेब अली खाँ | 850 | 861 | 863 | 829 | | | | |
| 11 | 33 | 2430 | रैयती | दोन तीन | 0.007 | कैलास केसरी पिता विलास साव | 2362 | 2432 | 2431 | 2429 | | | | |
| 12 | 33 | 2430 | रैयती | दोन तीन | 0.003 | शंभु केसरी पिता बिलास साव | | | | | | | | |
| 13 | 33 | 2430 | रैयती | दोन तीन | 0.003 | पवन कुमार केसरी पिता बिलास साव | | | | | | | | |
| 14 | 37 | 922 | रैयती | दोन तीन | 0.006 | विजय कुमार पुरी वो श्रीराम पुरी पिता कांशीनाथ पुरी | 900 | 924 | 928 | 912 | | | | |
| 15 | 37 | 928 | रैयती | टांड़ दो | 0.08 | विजय कुमार पुरी वो श्रीराम पुरी पिता कांशीनाथ पुरी | 900 | 927 | 933 | 922 | | | | |
| 16 | 37 | 2346 | रैयती | टांड़ दो | 0.021 | राजकिशोर पुरी पिता रामटहल पुरी | 1863 | 2362 | 1811 | 2347 | | | | |
| 17 | 37 | 2431 | रैयती | टांड़ दो | 0.013 | विजय कुमार पुरी वो श्रीराम पुरी पिता कांशीनाथ पुरी | 2361 | 2432 | 1801 | 2430 | पेड़ | 3 | | |
| 18 | 47 | 861 | रैयती | दोन तीन | 0.032 | गणेश प्रसाद साहु पिता महादेव साहु | 44 | 171 | 48 | 46 | | | | |
| 19 | 47 | 863 | रैयती | परती कदीम | 0.048 | गणेश प्रसाद साहु पिता महादेव साहु | 859 | 900 | 864 | 861 | | | | |
| 20 | 47 | 901 | रैयती | दोन तीन | 0.043 | गणेश प्रसाद साहु पिता महादेव साहु | 900 | 902 | 908 | सीमाना चिकसुरा | | | | |
| 21 | 47 | 909 | रैयती | दोन तीन | 0.002 | कोल्हा साव पिता चमरु साव | 900 | 908 | 910 | 901 | | | | |
| 22 | 49 | 1715 | रैयती | टांड़ दो | 0.011 | झोरा उरांव वो तानीस पिता खुदीआ बोडरो वो थोने पिता तीना उरांव सामेल वो लारेंगतुस वो इमिल उरांव वो बोलवा पिता मकुआ उरांव वो अलबिस वो तानिस वो सुलेमान पिता भुखना उरांव | 1636 | 1716 | 1713 | 2212 | | | | |
| 23 | 50 | 1718 | रैयती | खरीहान | 0.026 | झोरा उरांव वो तानीस पिता खुदीआ बोडरो वो थोने पिता तीना उरांव सामेल वो लारेंगतुस वो इमिल उरांव वो बोलवा पिता मकुआ उरांव वो अलबिस वो तानिस वो सुलेमान पिता भुखना उरांव | 1714 | 1721 | 1717 | 1714 | पेड़ | 1 | | |
| 24 | 50 | 2355 | रैयती | दोन तीन | 0.036 | झोरा उरांव वगै0 पिता खुदीआ उरांव वगै0 | 2353 | 2362 | 2354 | 2358 | | | | |
| 25 | 50 | 2426 | रैयती | दोन तीन | 0.032 | झोरा उरांव वगै0 पिता खुदीआ वगै0 | 2362 | 2435 | 2427 | 2925 | | | | |
| 26 | 55 | 1717 | रैयती | खरीहान | 0.033 | गजाधर साहु वो अन्तु साहु पिता भीखा वो तागी साहु पिता खीरोधर साहु | 1716 | 2689 | 1718 | 1719 | | | | |
| 27 | 55 | 2057 | रैयती | टांड़ एक | 0.008 | गजाधर साहु वो अन्तु साहु पिता भीखा वो तागी साहु पिता खीरोधर साहु | 2068 | 2056 | 1716 | 2058 | | | | |
| 28 | 55 | 2057 | रैयती | टांड़ एक | 0.00 | मारवे बैठा पिता डोमरा बैठा | | | | | | | मकान एसबेस्टस | |
| 29 | 56 | 1809 | रैयती | दोन दो | 0.002 | कृष्णा कन्हैया मिश्र पिता महेश मिश्र | 1724 | 1808 | 1724 | 1716 | | | | |
| 30 | 56 | 1837 | रैयती | टांड़ | 0.046 | नन्द किशोर मिश्र पिता महेश मिश्र | 1838 | 1716 | 1716 | 1815 | | | | |
| 31 | 56 | 1837 | रैयती | टांड़ | 0.00 | विश्राम सिंह लगनू सिंह | | | | | | | खपरैल मकान | |
| 32 | 56 | 1839 | रैयती | टांड़ | 0.017 | नन्द किशोर मिश्र पिता महेश | 1849 | 1838 | 1716 | 1840 | पेड़ | 2 | पक्का दीवाल + शेड + लोहा गेट | |
| 33 | 56 | 1839 | रैयती | | 0.03 | कृष्णा कन्हैया मिश्र पिता महेश मिश्र | | | | | पेड़ | 4 | 2 एस्बेस्टस मकान, दीवाल, एस्बेस्टस दुकान, शौचालय शेड एवं गेट | |
| 34 | 58 | 935 | रैयती | टांड़ दो | 0.048 | घुरन लोहार पिता रोपना लोहार | 900 | 936 | 939 | 934 | पेड़ | 6 | बाउंडरी + एस्बेस्टस शौचालय | |
| 35 | 80 | 1719 | रैयती | दोन दो | 0.205 | कुंभकरण साहु पिता किसुन साहु | 1716 | 1726 | 1730 | 1720 | | | | |
| 36 | 80 | 1720 | रैयती | परती कदीम | 0.01 | हुसेनी पिता झगडू साव | 1716 | 1719 | 1719 | 1716 | | | सीढ़ी + दीवाल | |
| 37 | 80 | 2211 | रैयती | दोन दो | 0.091 | हुसेनी पिता झगडू साव | 2212 | 1716 | 1716 | 2210 | | | | |
| 38 | 90 | 1707 | रैयती | परती कदीम | 0.001 | डोमरा धोबी पिता रबी धोबी | 1703 | 1716 | 1701 | 1708 | | | | |
| 39 | 100 | 865 | रैयती | दोन एक | 0.183 | दुतिया ग्वाला पिता मलार ग्वाला | 829 | 868 | 861 | 866 | | | | |
| 40 | 100 | 912 | रैयती | दोन एक | 0.082 | दुतिया ग्वाला पिता मलार ग्वाला | 900 | 914 | 922 | 710 | | | | |
| 41 | 111 | 941 | रैयती | टांड़ तीन | 0.012 | ननकु अहीर पिता तरखु अहीर वो सोमनाथ अहीर पिता बलमदर अहीर | 900 | 942 | 944 | 940 | | | एक अर्द्धनिर्मित मंदिर | |
| 42 | 117 | 2347 | रैयती | दोन तीन | 0.028 | लखु साव वो दया साव पिता प्रसाद साव वो राधे वो कृष्णा पिता मनी साव वो राम विलास साहु वो रामेश्वर वो रामविकास वो बिसुन पिता लोचन साहु | 2345 | 2362 | 2346 | 2348 | | | | |
| 43 | 130 | 997 | रैयती | टांड़ दो | 0.021 | अघनु लोहरा वो चमन वो अमन वो बुधु पिता पुरन लोहरा | 1011 | 998 | 995 | 1001 | | | | |
| 44 | 143 | 1713 | रैयती | दोन दो | 0.058 | गोपाल साव पिता विशेश्वर साव | 1714 | 1716 | 1712 | 1715 | | | | |
| 45 | 143 | 1731 | रैयती | दोन दो | 0.107 | गोपाल साव पिता विशेश्वर साव | 1712 | 1729 | 1732 | 1718 | | | | |
| 46 | 149 | 1696 | रैयती | परती कदीम | 0.005 | बसीर अहमद खाँ पिता शमसेर खाँ | 1692 | 1716 | 1695 | 1697 | | | | |
| 47 | 149 | 1697 | रैयती | दोन दो | 0.049 | बसीर अहमद खाँ पिता शमसेर खाँ | 1698 | 1716 | 1696 | 1699 | पेड़ | 2 | | |
| 48 | 150 | 2423 | रैयती | दोन दो | 0.011 | पतरस उरांव वो लोथे उरांव पिता दुरकु उरांव | 2362 | 2441 | 2424 | 2422 | | | | |
| 49 | 153 | 1000 | रैयती | टांड़ दो | 0.008 | उमेश प्रसाद वगैरह पिता बेनी प्रसाद | 1001 | 900 | 998 | 896 | | | | |
| 50 | 153 | 1000 | रैयती | टांड़ दो | 0.01 | पीटर टेटे पिता जोसेफ टेटे | | | | | | | | |
| 51 | 153 | 1000 | रैयती | टांड़ दो | 0.01 | निरासो देवी पिता लोधा ठाकुर | | | | | | | | |
| 52 | 153 | 1000 | रैयती | टांड़ दो | 0.007 | रेशमा मितल पिता राजेद्र प्रसाद मितल | | | | | | | | |
| 53 | 153 | 1000 | रैयती | टांड़ दो | 0.009 | इजिजुएल तिर्की पति माइकेल तिर्की | | | | | | | | |
| 54 | 153 | 1000 | रैयती | टांड़ दो | 0.009 | किसुन ग्वाला पिता विपैत ग्वाला | | | | | | | | |
| 55 | 153 | 2358 | रैयती | दोन तीन | 0.021 | उमेश प्रसाद वगैरह पिता बेनी प्रसाद | 2357 | 2362 | 2355 | 2332 | | | पक्का दीवाल एवं लोहा गेट | |
| 56 | 153 | 2358 | रैयती | दोन तीन | 0.019 | एथेल रीमा डुंगडुंग पति कोरनेलियुस डुंगडुंग | | | | | | | पक्का बाउंडरी + शौचालय | |
| 57 | 153 | 2358 | रैयती | दोन तीन | 0.019 | छेदनी देवी पति गुरुचरण बैठा | | | | | | | | |
| 58 | 153 | 2358 | रैयती | दोन तीन | 0.019 | श्रीकान्त श्रीवास्तव पिता अनन्त किशोर श्री वास्तव | | | | | | | | |
| 59 | 153 | 2358 | रैयती | दोन तीन | 0.019 | श्रीकान्त श्रीवास्तव पिता अनन्त किशोर श्रीवास्तव | | | | | | | | |
| 60 | 153 | 2361 | रैयती | दोन तीन | 0.033 | उमेश प्रसाद वो वचन प्रसाद वो झूलन प्रसाद पिता बेनी प्रसाद | 2359 | 2362 | 2360 | 2332 | | | मकान पक्का बाउंडरी एवं बोरिंग(प्रमोद कु0 श्रीवास्तव) | |
| 61 | 153 | 2361 | रैयती | दोन तीन | 0.015 | मीना देवी पति रामनारायण साव | | | | | | | बाउंडरी चापाकल | |
| 62 | 153 | 2361 | रैयती | दोन तीन | 0.01 | सुरेखा देवी पति अशोक कुमार | | | | | | | मकान एसबेस्टस | |
| 63 | 153 | 2420 | रैयती | दोन तीन | 0.055 | उमेश प्रसाद वो वचन प्रसाद वो झूलन प्रसाद पिता बेनी प्रसाद | 2302 | 2410 | 2421 | 2362 | पेड़ | 2 | 2 पक्का दीवाल + 2 लोहा गेट | |
| 64 | 153 | 2421 | रैयती | टांड़ दो | 0.044 | उमेश प्रसाद वो वचन प्रसाद वो झूलन प्रसाद पिता बेनी प्रसाद | 2362 | 2447 | 2422 | 2420 | | | | |
| 65 | 153 | 2421 | रैयती | टांड़ दो | 0.005 | बालचन्द साहु पिता मंगल साहु | | | | | | | चाहरदीवारी चापाकल बाथरुम | |
| 66 | 153 | 2421 | रैयती | टांड़ दो | 0.005 | धीरज कुमार केशरी पिता सत्यनारायण साहु | | | | | | | | |
| 67 | 153 | 2422 | रैयती | दोन तीन | 0.006 | शिवनायक पिता रतिया नायक | 2362 | 2446 | 2423 | 2421 | | | खैपरैल मकान | |
| 68 | 153 | 2424 | रैयती | खरीहान | 0.055 | उमेश प्रसाद वो वचन प्रसाद वो झूलन प्रसाद पिता बेनी प्रसाद | 2362 | 2423 | 2425 | 2423 | | | | |
| 69 | 154 | 934 | रैयती | टांड़ दो | 0.02 | प्रताप केशरी पिता रामलाल | 900 | 933 | 935 | 900 | | | चाहरदीवारी | |
| 70 | 154 | 934 | रैयती | | 0.015 | राजू राय पिता रोहित राय | | | | | | | | |
| 71 | 154 | 934 | रैयती | | 0.01 | संदीप केसरी पिता राधा किसुन साव | | | | | | | | |
| 72 | 154 | 934 | रैयती | | 0.01 | लालू केशरी पिता संदीप प्रसाद | | | | | | | | |
| 73 | 154 | 934 | रैयती | | 0.015 | संतोष केसरी पिता प्रयाग | | | | | | | | |
| 74 | 154 | 934 | रैयती | | 0.012 | उमेश प्रसाद वो वचन प्रसाद वो झूलन प्रसाद पिता बेनी प्रसाद | | | | | | | | |
| 75 | 154 | 2360 | रैयती | टांड़ तीन | 0.015 | उमेश प्रसाद वो वचन प्रसाद वो झूलन प्रसाद पिता बेनी प्रसाद | 2359 | 2362 | 2362 | 2361 | पेड़ | 1 | चाहर दीवारी पक्का | |
| 76 | 154 | 2360 | रैयती | | 0.024 | उमेश प्रसाद वो वचन प्रसाद वो झूलन प्रसाद पिता बेनी प्रसाद | | | | | | | | |
| 77 | 159 | 2428 | रैयती | दोन एक | 0.081 | मिखाएल उरांव वो पतरस उरांव पिता भौवा उरांव | 2362 | 2434 | 2429 | 2427 | | | | |
| 78 | 159 | 2429 | रैयती | नाला | 0.005 | मिखाएल उरांव वो पतरस उरांव पिता भौवा उरांव | 2362 | 2432 | 2430 | 2428 | | | | |
| 79 | 178 | 2354 | रैयती | दोन दो | 0.009 | शंभु केशरी पिता केशो प्रसाद | 2350 | 2362 | 2349 | 2355 | | | | |
| 80 | 178 | 2354 | रैयती | | 0.01 | सीमा देवी पति मुरारी प्रसाद | | | | | | | | |
| 81 | 178 | 2354 | रैयती | | 0.01 | चन्द्रशेखर कुमार केसरी पिता केशो प्रसाद | | | | | | | | |
| 82 | 178 | 2425 | रैयती | दोन दो | 0.07 | रामकिशुन अग्रवाल पिता केशो राम अग्रवाल वो मनोहर लाल अग्रवाल पिता केशो राम अग्रवाल | 2362 | 2441 | 2426 | 2424 | | | | |
| 83 | 178 | 2427 | रैयती | दोन दो | 0.023 | दीपक कुमार केशरी पिता सुन्दर प्रसाद | 2362 | 2435 | 2428 | 2426 | | | | |
| 84 | 178 | 2427 | रैयती | | 0.023 | पंकज कुमार केशरी पिता गौरी शंकर साहु | | | | | | | | |
| 85 | 179 | 939 | रैयती | परती कदीम | 0.006 | लाछो तेली पिता बबनू तेली | 900 | 937 | 940 | 935 | | | | |
| 86 | 179 | 939 | रैयती | | 0.018 | सत्यनारायण महतो पिता चानो महतो | | | | | | | होटल का ढाबा | |
| 87 | 179 | 939 | रैयती | | 0.015 | संगम लकड़ा पति अनिल केशरी | | | | | | | | |
| 88 | 179 | 939 | रैयती | | 0.003 | जयंत केशरी पिता गोपाल साव केशरी | | | | | | | छज्जा एसबेस्टस + मकान | |
| 89 | 179 | 940 | रैयती | टांड़ दो | 0.013 | लाछो तेली पिता बबनू तेली | 900 | 936 | 942 | 939 | | | एस्बेस्टस मकान | |
| 90 | 179 | 940 | रैयती | | 0.01 | अशोक कुमार गुप्ता पिता महादेव साव | | | | | | | | |
| 91 | 179 | 940 | रैयती | | 0.037 | कमला किन्डो पति गबरियल किन्डो | | | | | | | | |
| 92 | 179 | 995 | रैयती | टांड़ दो | 0.022 | बेचन तेली पिता उधो तेली | 1012 | 900 | 994 | 996 | | | | |
| 93 | 179 | 996 | रैयती | परती कदीम | 0.021 | बेचन तेली पिता उधो तेली | 995 | 900 | 995 | 997 | | | | |
| 94 | 202 | 898 | रैयती | दोन तीन | 0.016 | पीलुश खड़िआ वो लोरेंगतुस खड़िया पिता चेपो खड़िआ | 897 | 899 | 899 | 866 | | | | |
| 95 | 235 | 1709 | रैयती | टांड़ दो | 0.016 | रामनाथ साहु वगै0 शीबु साहू | 1646 | 1710 | 1706 | 1710 | पेड़ | 2 | | |
| 96 | 238 | 1708 | रैयती | दोन तीन | 0.013 | जगेसर सिंह पिता रामदास सिंह | 1706 | 1716 | 1707 | 1710 | | | | |
| 97 | 238 | 1738 | रैयती | दोन तीन | 0.041 | जगेसर सिंह पिता रामदास सिंह | 1716 | 1737 | 1739 | 1735 | | | | |
| 98 | 238 | 1739 | रैयती | परती कदीम | 0.083 | जगेसर सिंह पिता रामदास सिंह | 1716 | 1739 | 1740 | 1739 | | | | |
| 99 | 238 | 1810 | रैयती | टांड़ दो | 0.042 | बैजनाथ अग्रवाल पिता बदलू राम<br>शिवलाल मारवाड़ी पिता गणेशी लाल मारवाड़ी | 1813 | 2362 | 2362 | 1811 | पेड़ | 2 | चबुतरा, दुर्गा मंडप | |
| 100 | 238 | 1814 | रैयती | मकान सहन | 0.001 | सूरज सिंह पिता रामसकल सिंह | 1815 | 1810 | 1837 | 1810 | | | खपरैल मकान | |
| 101 | 258 | 2051 | रैयती | टांड़ एक | 0.004 | गन्दुर खाँ वो पेचे खाँ पिता हुसेनी खाँ | 2052 | 1981 | 1716 | 2056 | | | एसबेस्टस मकान | |
| 102 | 2 | 1710 | | परती कदीम | 0.196 | जीरात गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 103 | 2 | 1710 | | परती कदीम | 0.00 | शंकर नायक पिता रतिया नायक | | | | | | | बाथरुम | |
| 104 | 2 | 1710 | | परती कदीम | 0.00 | कृष्णा नायक | | | | | | | मकान | |
| 105 | 2 | 1721 | | परती कदीम | 0.029 | जीरात गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 106 | 2 | 1721 | | परती कदीम | 0.00 | अनवर खाँ पिता शरीफ खाँ | | | | | | | मकान एसबेस्टस | |
| 107 | 2 | 1981 | | परती कदीम | 0.011 | जीरात गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 108 | 2 | 1981 | | परती कदीम | 0.00 | शहबान खाँ पिता शरीफ खाँ | | | | | | | अर्द्धनिर्मित पक्का मकान | |
| 109 | 271 | 1695 | गैरमजरुआ आम | मरघटी | 0.011 | | | | | | | | | |
| 110 | 271 | 1801 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 0.002 | | | | | | | | | |
| 111 | 271 | 1811 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 0.007 | | | | | | | | | |
| 112 | 271 | 1849 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 0.008 | | | | | | | | | |
| 113 | 271 | 2052 | गैरमजरुआ आम | गिरजाघर | 0.001 | | | | | | | | | |
| 114 | 271 | 2068 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 0.007 | | | | | | | | | |
| 115 | 271 | 2359 | गैरमजरुआ आम | रास्ता | 0.014 | | | | | | | | | |
| 116 | 273 | 899 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.069 | | | | | | | | | |
| 117 | 273 | 998 | गैरमजरुआ | परती कदीम | 0.053 | शरण लोहरा पिता चमन लोहरा | | | | | | | | |
| 118 | 273 | 999 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.012 | | | | | | | | | |
| 119 | 273 | 1692 | गैरमजरुआ मालिक | नदी | 0.118 | | | | | | | | | |
| 120 | 273 | 1694 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.064 | | | | | | | | दीवाल | |
| 121 | 273 | 1750 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.041 | | | | | | | | | |
| 122 | 273 | 2210 | गैरमजरुआ मालिक | परती कदीम | 0.137 | | | | | | | | | |
| 123 | 273 | 2348 | गैरमजरुआ मालिक | नाली | 0.011 | | | | | | | | | |
| 124 | 287 | 2552 | गैरमजरुआ मालिक | नदी | 0.156 | | | | | | | | | |
| 125 | 288 | 2528 | गैरमजरुआ आम | कबरीस्तान | 0.049 | | | | | | | | | |
| 126 | 290 | 2529 | | नदी | 0.155 | गैरमजरुआ जीरात मालिक | | | | | | | | |
| 127 | 290 | 2530 | | परती कदीम | 0.028 | गैरमजरुआ जीरात मालिक | | | | | | | | |
| 128 | 302 | 900 | | सड़क | 1.255 | डीस्ट्रीक्ट बोर्ड | | | | | | | | |
| 129 | 302 | 1716 | | सड़क | 3.023 | डीस्ट्रीक्ट बोर्ड | | | | | | | कब्रीस्तान दीवाल एवं गेट | |
| 130 | 302 | 1808 | | स्कूल | 0.005 | डीस्ट्रीक्ट बोर्ड | | | | | | | स्कूल पक्का दीवाल + गेट | |
| 131 | 302 | 2362 | | सड़क | 0.995 | डीस्ट्रीक्ट बोर्ड | | | | | | | | |
| 132 | 270 | 1838 | गैरमजरुआ मालिक | | 0.005 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 133 | 270 | 1838 | गैरमजरुआ मालिक | | 0.00 | सतन गोप पिता– शनिचर गोप | | | | | | | खपरैल मकान एवं बाथरूम। | |
| | | कुल | | | 9.294 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा –15(1) में प्रदत यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

PR 341480
Simdega(24-25)D

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा। | अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा। | उपायुक्त, सिमडेगा।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 08 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## ग्रामीण विकास विभाग की ओर से संचालित योजनाओं ने बोकारो डीसी ने की समीक्षा

# खराब प्रदर्शन करने वाले पांच पंचायत सचिवों का वेतन रोकने का निर्देश

## खराब प्रदर्शन वाले पीएमएवाई से भी मांगा गया स्पष्टीकरण

**लाभुकों को लंबित प्रथम-द्वितीय किस्त का करें भुगतान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिला ग्रामीण विकास विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक शनिवार को समाहरणालय सभागार में हुई। जिसकी अगुवाई डीसी विजया जाधव ने की। इस दौरान डीसी ने क्रमवार विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे अबुआ आवास योजना, डॉ बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर आवास योजना (बीएसबीएएवाई), मनरेगा, पीएम जनमन योजना, डोभा, कुआं निर्माण, खेलकूद मैदान निर्माण आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अबुआ आवास योजना की समीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले चास, चंदनकियारी, जरीडीह एवं नावाडीह प्रखंडों के खराब प्रदर्शन वाले पांच पंचायतों को चिन्हित करते हुए संबंधित पंचायत सचिव के वेतन को अगले आदेश तक के लिए स्थगित करने का निर्देश दिया। डीसी ने समीक्षा क्रम में अबुआ आवास योजना के लक्ष्य, स्वीकृत एवं अंतर की भी जानकारी ली। साथ ही लाभुकों के किस्त भुगतान, लंबित भुगतान की जानकारी लेते हुए लंबित किस्त भुगतान को अविलंब पूरा करने को कहा। उन्होंने संबंधित प्रखंडों के आवास योजना के प्रखंड समन्वयकों से कार्य में लापरवाही/सुस्ती को लेकर स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। जिला स्तर पर पदाधिकारियों को कार्य प्रगति का प्रतिदिन निगरानी का निर्देश दिया। डीसी ने डॉ बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर आवास योजना (बीएसबीएएवाई) की समीक्ष करते हुए वित्तीय वर्ष 2016-2024 के बीच अपूर्ण आवासों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि जिन लाभुकों का किस्त भुगतान लंबित है, उसे भुगतान कर कार्य की प्रगति कराएं। वहीं, राज्य से योजना के तहत जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है, उसे लाभुक को चिन्हित करते हुए स्वीकृत करें और निर्माण कार्य शुरू कराएं। डीसी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गरांटी योजना (मनरेगा) में लक्ष्य अनुरूप मानव दिवस का सृजन करने का सभी बीडीओ को निर्देश दिया। इस दिशा में रणनीति बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को कहा। वहीं, मनरेगा के तहत महिला श्रमिकों की सहभागिता बढ़ाने को कहा। उन्होंने सभी प्रखंडों को अलग-अलग लक्ष्य सौंपा। अगली बैठक से पूर्व महिलाओं की भागिदारी लक्ष्य अनुरूप पूरा करने को कहा। लगे हाथ डीसी ने डोभा योजना की समीक्षा क्रम में अपूर्ण डोभा कार्य को पूरा करने। सभी कनीय अभियंताओं को आवंटित पंचायत अंतर्गत संचालित लंबित योजनाओं की वास्तिविक स्थिति का जायजा लेकर, उसे पूर्ण कराने के दिशा में कार्य कराने को कहा। उन्होंने सभी बीडीओ, बीपीओ, एई व जेइ आदि को क्षेत्र का भ्रमण करने को कहा। वहीं, कुआं निर्माण एवं वीर शहीद पोटो हो खेल योजना के तहत भी खेलकूद मैदानों की समीक्षा क्रम में लक्ष्य अनुरूप कार्य को गति देने को कहा। उन्होंने योजनाओं से संबंधित प्रचार-सामग्री तैयार कर आम जनों को संचालित योजनाओं के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवासा योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-आर) के समीक्षा क्रम में लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को योजना स्वीकृति,स्वीकृति के अनुरूप लाभुकों को किस्त का भुगतान को लेकर क्रमवार समीक्षा की गई। लक्ष्य अनुरूप सभी को बेहतर प्रदर्शन करने को कहा। अगले सप्ताह फिर से समीक्षा होगी, जिसमें सभी प्रखंडों को प्रदर्शन में सुधार लाने को कहा। सभी प्रखंडों को लंबित आवास पूर्ण करने के लिए अलग-अलग लक्ष्य दिया। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं को लेकर समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। बैठक में चास बीडीओ डॉ प्रदीप कुमार, चंदनकियारी बीडीओ अजय वर्मा, पेटरवार बीडीओ संतोष महतो, बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार, गोमिया बीडीओ महादेव कुमार, चास अंचलाधिकारी दिवाकर दूबे, कसमार बीडीओ नम्रता जोशी आदि उपस्थित थे।



विबागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करती डीसी विजया जाधव।

## गोविंदपुर एवं निरसा में हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए बनायी गयी विशेष रणनीति

**- एनएनएआई को 15 दिनों के अंदर सर्विस लेन को चालू करने का निर्देश, गोविंदपुर-निरसा में जल्द ही अतिक्रममण हटाओं अभियान चलाने की भी योजना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गोविंदपुर और निरसा में हो रहे सडक हादसों को रोकने एवं क्षेत्र में लगने वाली सडक जाम की समस्या के निवारण के लिए समाहरणालय परिसर में शनिवार को उच्च स्तरीय एक बैठक हुई। जिसमें डीसी माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक (नगर) अजीत कुमार के साथ पुलिस और जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने गोविंदपुर क्षेत्र का दौरा किया और सड़क हादसों व जाम की वजह एवं उसके रोकथाम के लिए निदान को लेकर समीक्षा की। टीम में एडीएम विधि व्यवस्था, धनबाद एसडीएम, डीएसपी मुख्यालय वन, ट्रैफिक डीएसपी, जिला परिवहन पदाधिकारी आदि शामिल थे। गोविंदपुर को जाम मुक्त करने एवं सडक हादसों को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसके तहत धनबाद-सरायढेला की तरफ से आने वाले रास्ते में गोविंदपुर मोड़, टुंडी की तरफ से आने वाले रास्ते में सुभाष चौक, साहेबगंज की तरफ से आने वाली सडक पर फकीरडीह चौक के पास गाड़ियों की रफ्तार को धीमी करने के लिए सड़क पर रम्बल स्ट्रिप लगाने का निर्देश एनएचएआइ को दिया गया। इसके अलावा बरवाअड्डा किसान चौक से लेकर साहेबगंज मोड़ तक सडक के दोनों ओर नाईट विजन रिफलेक्टर, साइन बोर्ड, ब्लिंकर लाइट तत्काल लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही इन सभी पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्णय भी लिया गया, ताकि जाम की समस्या से साथ ही हाईवे पर होने वाले सड़क हादसों को रोका जा सके। गोविंदपुर और निरसा में लगने वाले सड़क जाम की समस्या के समाधान के लिए एनएनएआई को 15 दिनों के अंदर सर्विस लेन को जल्द चालू करने का निर्देश भी दिया गया। इन इलाकों में सर्विस लेन की सडक पर बने अतिक्रमण को हटाने का निर्णय भी लिया गया। जल्द ही गोविंदपुर और निरसा के इलाकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने मकान एवं दुकान द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। इसके अलावे सड़क पर मनमाने तरीके से खड़ी गाड़ियों के विरुद्ध भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**COURT NOTICE**

**IN THE HIGH COURT OF JHARKHAND AT RANCHI**
**(NOTICE)**

(Arising out of Jamua P.S case No. 33/2020 pending in the court of Mr Sonam Vishnoi Learned Judicial Magistrate 1st Class, Giridih)

**A.B.A. No. 4027/2023**

Balmukund Kumar .. Petitioner
Versus
1. The State of Jharkhand
2. Pinki Devi

**Opposite Party**

**Notice to the Opposite Party No. 2**

Pinki Devi w/o Balmukund Kumar D/O Jago Singh R/O Village & Post Office Chilga and Police Station Jamua District - Giridih. Whereas, it has not been possible to secure service of notice upon you in the above mentioned A.B.A by ordinary process/registered post. You are hereby noticed to appear in person or through Advocate on 18/12/24 at10:30 AM before this court and if no appearance is made on your behalf on or before the date fixed, the aforesaid petition will be heard and decided ex-parte, your absence notwithstanding.

Given under my hand and seal of the court, the 02/12/2024

Sd./-
By the order the Court
Assistant Registrar

**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ नगर परिषद् कार्यालय के द्वारा निकाले गए अति–अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या –NIT /RGH/NP/18/2024-25 जिसका PR No.- 341430 District(24-25):D है, उक्त निविदा में टंकणीय भूल के कारण दिनांक– 20.10.2024 को निविदा खोलने की प्रकाशित हो गई थी जिसमें अंशिक संशोधन करते हुए निविदा खोलने की तिथि 20.12.2024 को अपराह्न– 04:00 बजे की जाती है।

शेष निविदा के शर्ते यथावत् रहेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद रामगढ़

PR 341464 (District)24-25*D

**कार्यालय जिला परिषद, पलामू।**
**E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com**

**आम सूचना (6th Call)**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.11.2022 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विभिन्न प्रखण्डो में स्थित जिला परिषदीय बहुद्देशीय भवन/डाक बंगला की बंदोबस्ती 5 वर्ष के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में की जायेगी।

| क्र0 | प्रखण्ड | सैरात का नाम | बन्दोबस्ती की अवधि | एक वर्ष के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरिहरगंज | हरिहरगंज व्यसायिक ईकाई (2 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 432000.00 | 108000.00 | 17/12/2024 | 12:00 बजे |
| 2 | विश्रामपुर | विश्रामपुर व्यसायिक ईकाई (1 बहुद्देशीय भवन, 2 डाक बंगला एवं 1 बस पड़ाव (1st Call) सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 456000.00 | 114000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 16.12.2024 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा, कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/चेक के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि 5 वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में नजारत जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

नोट :– उपरोक्त सैरात के आवंटन में सरकारी/अर्द्ध सरकारी निकायों को प्राथमिकता दी जायेगी।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.341440 District(24-25):D

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2024–25**
**(3rd Call)**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिशद कोडरमा में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.विज्ञापन दाता का नाम :–जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक–14.12.2024 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3.निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक–16.12.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4.निविदा खुलने की तिथि :–दिनांक–16.12.2024 (अपराह्न 04:00 बजे)
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–जिला परिषद् कार्यालय, जि0ग्रा0वि0शा0 भवन, कोडरमा।
6.निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–जि0ग्रा0वि0शा0 सभागार, कोडरमा।
7.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 89680267 | प्रखण्ड कोडरमा के कोलगरमा आर0ई0ओ0 रोड से वासुदेव सिंह घर तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण | 338700.00 | 7000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | 89679781 | प्रखण्ड डोमचांच के कुण्डीधनवार चोण्डी आर0ई0ओ0 रोड चोण्डी तक पी0सी0सी0 सडक निर्माण | 638600.00 | 13000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 03 | 89679636 | प्रखण्ड डोमचांच कुण्डीधनवार नीमाडीह मदन सिंह होटल के पास चबूतरा निर्माण | 508700.00 | 10500.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 04 | 88394735 | प्रखण्ड डोमचांच के बच्छेडीह लकडाही तालाब में धुलाई घाट निर्माण | 531100.00 | 11000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 05 | 88394369 | प्रखण्ड कोडरमा के बेकोबार उत्तरी के ग्राम बिच्छीपहरी शिव मंदिर से रीतलाल राणा के घर तक नाली निर्माण | 785800.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 11 | 88389470 | प्रखण्ड डोमचांच के पंचायत मधुवन के ग्राम सिमरिया में संतोष यादव घर से मिथिलेश मेहता के घर तक 500 फीट नाली निर्माण | 960000.00 | 20000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 12 | 88389430 | प्रखण्ड मरकच्चो के ग्राम पंचायत कादोडीह के ग्राम गगरेसिंघा में उमेश यादव के घर से युनुस मियां के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण ढक्कन संहित 500 फीट | 1133800.00 | 23000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 14 | 88389114 | प्रखण्ड सतगावां के पंचायत कटैया के ग्रमा कटैया में ब्रह्मदेव यादव के घर से राजेन्द्र यादव के घर तक नाली का निर्माण | 327600.00 | 7000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 15 | 88385101 | प्रखण्ड सतगावां के पंचायत खुट्टा के ग्राम गाजेडीह में जवाहर महतो के घर से गांगो चौधरी के घर तक नाली निर्माण | 533500.00 | 11000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 16 | 88389230 | प्रखण्ड चंदवारा के 10+2 उच्च विद्यालय जयपुर कांको में शौचालय निर्माण | 750000.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03 माह |

जिन संवेदकों के द्वारा उक्त निविदा के 2nd Call में निविदा डाली गई है वो मान्य होगा। उन्हें दुबारा निविदा डालने की आवश्यकता नहीं होगी।

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 341475 (Panchayati Raj)24-25*D

## बिरंची नारायण ने जनहित मुद्दों को लेकर की सेल के अध्यक्ष से मुलाकात




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश से दिल्ली में मुलाकात की। उन्होंने सेल अध्यक्ष से बोकारो में 100 बेड वाले इएसआइसी अस्पताल की स्थापना के लिए निःशुल्क भूखंड उपलब्ध कराने, कचरा निस्तारण प्लांट लगाने और ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना के लिए भूखंड उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने अप्रेंटिसशिप पास विस्थापित अभ्यर्थियों को बोकारो इस्पात संयंत्र में नियोजन देने और बचे हुए अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द अप्रेंटिसशिप कराने को कहा। सेल अध्यक्ष से सीएसआर फंड की राशि विस्थापित गांवों में सड़क, पूल, पुलिया, पेयजलापूर्ति, स्वास्थ्य उपकेंद्र, विद्यालय आदि के मद में खर्च करने को कहा।

## दाखिल खारिज के लंबित मामलों को लेकर डीसी ने कसमार सीओ से मांगा स्पष्टीकरण

**कसमार (आजाद सिपाही)।** अंचल में भूमि के दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों के निष्पादन में कसमार सीओ प्रवीण कुमार की सुस्ती-लापरवाही पर बोकारो डीसी विजया जाधव ने नाराजगी व्यक्त की है। डीसी ने सीओ, उनके राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक को शोकॉउज (स्पष्टीकरण) किया है। डीसी की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि, झारभूमि पोर्टल पर दाखिल-खारिज के प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की स्थिति के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक एवं सीओ की ओर से मामलों के निष्पादन में लापरवाही बरती जा रही है। पोर्टल पर कई आवेदन लंबित हैं। जबकि कई आवेदनों को बिना किसी ठोस वजह के अस्वीकृत किया जा रहा है। वहीं, कुछ मामलों में बिहार टेनेंट्स होल्डिंग (मेंटेनेंस ऑफ रिकार्ड्स) एक्ट 1973 के सेक्शन 15 का उल्लंघन भी किया जा रहा है, जो सही नहीं है। उन्होंने कसमार अंचल में दाखिल-खारिज के लंबित आवेदनों की संख्या पर कड़ी नाराजगी जताई है। कहा कि कार्यालय द्वारा झारखंड राज्य सेवा देने की गारांटी अधिनियम 2011 के अनुपालन को लेकर स्पष्ट निर्देश दिया गया है। बावजूद इसके दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदनों का समय पर एवं पारदर्शितापूर्ण निष्पादन नहीं करना, कार्य निष्पादन में सुस्ती-लापरवाही को दर्शाता है। इसी को लेकर डीसी ने सीओ, उनके राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## पहला कदम स्कूल में दिव्यांगता सप्ताह का समापन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व दिव्यांगता सप्ताह का समापन शनिवार को पहला कदम स्कूल में हुआ। इस अवसर पर धनबाद इस्कॉन के विश्वजीत प्रभु, जितेश प्रभु, अंकित प्रभु, अभय प्रभु, राजीव प्रभु आदि के नेतृत्व में दिव्यांग बच्चों के बीच हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में धनबाद इस्कॉन की ओर से दिव्यांग बच्चों के बीच महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के विधायक राज सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके साहस और समर्पण की सराहना की। कहा कि हमारे समाज का कर्तव्य है कि हम दिव्यांगजनों को समान अवसर दें और उन्हें अपने समाज का पूर्ण सदस्य महसूस कराएं। वहीं, पहला कदम स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगता को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। दिव्यांगजन भी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं।

## टाइगर फोर्स की बैठक में रोजगार, पानी बिजली और स्वास्थ्य को लेकर हुई चर्चा

**केंदुआ/धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद टाइगर फोर्स की बैठक शनिवार को केंदुआ पांच नंबर आवासीय कार्यालय में हुई। जिसमें टाइगर फोर्स के महामंत्री अवधेश पासवान एवं संचालनकर्ता गफ्फार उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि बैठक का मुख्य मुद्दा वार्ड नंबर 9, 10, 11, 12 व 13 में यहां के बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार दिलाने के लिए रणनीति बनाने के साथ ही रोजगार दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही पानी, बिजली, स्वास्थ्य, स्ट्रीट लाइट एवं 5 नंबर तालाब का सौंदर्यकरण पर भी चर्चा हुई और आंदोलन करने की रणनीति बनायी गयी। बैठक में रीतलाल पासवान उर्फ पंडित, दर्पण कुमार, सोनू मलिक, संजय कुमार दास, राजेश कुमार दास, मुकेश पासवान, राजीव पासवान, कृष्णकांत, राहल तुरी, दर्पण कुमार, सुभाष जायसवाल, रवि पासवान, सी माहेश्वरी, राजमणि पासवान, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, उदय कुमार, रवि कुमार, सनोज कुमार, अजीत पासवान, अजय पासवान, राजेश पासवान, भोला पासवान, देवेंद्र और दिनेश आदि उपस्थित हुए।

## 17 सूत्री मांगों को लेकर इनमोसा के प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक तकनीकी के साथ बैठक कर चर्चा की

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनमोसा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को कुश कुमार सिंह के नेतृत्व में निदेशक तकनीकी संजय कुमार सिंह से मुलाकात की और 17 सूत्री मांगों को लेकर एजेंडा बैठक की। मांगों में सभी समितियां में इनमोसा की भागीदारी सुनिश्चित करने, माइनिंग तकनीकी में बदलाव को देखते हुए माइनिंग सरदार एवं ओवरमैन को आइआइसीएम रांची में प्रशिक्षण देने, रेस्क्यू ट्रेड सुपरवाइजर के करियर ग्रोथ के लिए सेपरेट कैडर स्कीम बनाने, रेस्क्यू ट्रेड सुपरवाइजर को चार्ज अलाउंस देने, रेस्क्यू स्टेशन एवं रेस्क्यू रूम के नवीनीकरण के साथ साथ रेस्क्यू अलाउंस को रिव्यू करना और मुनीडीह लोंगेवाल का चार्ज अलाउंस को कमेटी बनाकर रिव्यू के लिए कमेटी गठित करने, सभी मीनिंग सुपरवाइजर के लिए ड्रेस कोड जारी करने, माइनिंग सुपरवाइजर की कमी को जल्द से जल्द भरने, खदानों में डीजीएमएस द्वारा निर्गत गाइडलाइन का पालन करने, कंपनी स्तरीय माइनिंग सुरक्षा सेमिनार आयोजित कराने, खदानों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से एमडीओ मोड से संचालित खदानों में नियंत्रण पदाधिकारी की रूपरेखा स्पष्ट करने आदि विषयों पर वार्ता हुई। कुश कुमार ने अवगत कराया कि इनमोसा द्वारा एजेंडा नोट पत्रांक के माध्यम से निदेशक तकनीकी को दिया गया था। इस आधार पर निदेशक तकनीकी ने पत्रांक देकर के इनमोसा के केंद्रीय पदाधिकारी को वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि वार्ता में सभी मांगों पर विचार करने पर सहमति बनी है। कुश ने कहा कि निर्धारित उत्पादन एवं सुरक्षा लक्ष्य के प्रति इनमोसा वचनबद्ध है।

## भाकपा माले ने किया अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो का अभिनंदन

# कॉमरेड एके राय के अधूरे सपनों को पूरा करने को जनमानस की आवाज उठाते रहेंगे: अरूप

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद पुराना बाजार के टेंपल रोड स्थित अग्रसेन भवन धर्मशाला में शनिवार को भाकपा माले की धनबाद जिला कमेटी की ओर से नव निर्वाचित विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो का अभिनंदन किया गया। इसस अवसर पर निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि कॉमरेड एके राय के अधुरे सपनों को पूरा करने के लिए मासस का माले में विलय और जमीनी संघर्ष के बल पर आइएनडीआइए गठबंधन की रणनीति का ही परिणाम है कि आज पूरे झारखंड में माले की निरसा एवं सिंदरी विदानसभा सीटों पर जीत हुई हुई। वहीं, सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो उर्फ बबलू ने कहा कि किसान और मजदूरो की लड़ाई लंबे समय से पार्टी के नेतृत्व में कोयलांचल में चलती रही है। आज माले की दो सीटो पर जीत आइएनडीआइए गठबंधन के नेतृत्व में सही रणनीति की देन है। इसके लिए जनता-मतदाताओं के आभारी हैं। उधर, समारोह में शामिल होने के लिए विधायक द्वय का स्वागत बैंड बाजा और आतिशबाजी कर हजारों कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने किया। वहीं, समारोह का उद्घाटन माले के जिला सचिव बिंदा पासवान ने किया। इस मौके पर पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो, सेन्ट्रल कमेटी सदस्य निताई महतो, हरि प्रसाद पप्पू, सुभाष प्रसाद सिंह, सुभाष चटर्जी, आनंद मयीपाल, प्रो केपी अजीत, कार्तिक प्रसाद, राणा चटराज, विजय कुमार पासवान, हिमांशु मंडल, शेखर कुमार, कृष्णा सिंह, हरेन्द्र सिंह, नागेंद्र कुमार, एनपी साहू, विश्वजीत राय, बुटन सिंह, देवाशीष पाण्डेय, सुनिल महतो, राजीव मुखर्जी, कल्याण घोषाल, जयदीप बनर्जी, नकुल देव सिंह, नरेश पासवान, चक्रधर महतो, एन चंद्रा, गणेश चौरसिया, बिजली देवी, संतोष रवानी, शीतल दत्ता और मुक्तेश्वर महतो आदि शामिल हुए।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रायरंगपुर में विकास परियोजनाओं की नींव रखी

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने (7 दिसंबर, 2024) ओड़िशा के रायरंगपुर में तीन रेल लाइनों बांगिरिपोसी-गोरुमहिसानी, बुरामारा-चाकुलिया और बादामपहाड़-केंदुझारगढ़ के साथ ही जनजातीय अनुसंधान और विकास केंद्र, दंडबोस हवाई अड्डे, और रायरंगपुर के उप-मंडल अस्पताल के नये भवन की नींव रखी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस भूमि की बेटी होने पर हमेशा गर्व रहा है। जिम्मेदारियों और व्यस्तताओं ने उन्हें कभी भी अपनी जन्मभूमि और यहां के लोगों से दूर नहीं किया, बल्कि लोगों का प्यार उन्हें हमेशा अपनी ओर खींचता रहता है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि उनके विचारों और कार्यों में बसी है। इस क्षेत्र के लोगों का पवित्र और गहरा स्नेह हमेशा उनके मन में गूंजता रहता है। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि रेल परियोजनाओं और हवाई अड्डे से क्षेत्र में परिवहन, वाणिज्य और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। 100 बिस्तरों वाली नयी अस्पताल स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि ओड़िशा भारत सरकार के पूर्वोदय दृष्टिकोण से लाभावित हो रहा है। शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन संपर्क और परिवहन सुविधाओं सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरे क्षेत्र के विकास को गति दी जा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि ओड़िशा में 100 से अधिक नये एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किये जा रहे हैं। जिनमें मयूरभंज जिले के 23 विद्यालय भी शामिल हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उन विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त करने के बाद आदिवासी बच्चे समाज और देश की प्रगति में गुणवत्तापूर्ण योगदान दे सकेंगे।

# राज्य में आठ नये केंद्रीय विद्यालय खुलेंगे, केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओड़िशा में आठ नये केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए केंद्रीय वित्तीय मामलों की कैबिनेट समिति की मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो रहा है। इन नये केंद्रीय विद्यालयों के साथ, ओड़िशा के कई छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में नयी शिक्षा नीति-2020 से विद्यार्थियों में प्रतिभा विकास के व्यापक अवसर पैदा हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ओड़िशा में शिक्षा के विकास पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। और कहा कि केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विकास के लिए सफलतापूर्वक कदम उठा रहे हैं। ये नये केंद्रीय विद्यालय कुचिंडा, तालचेर, आठमलिक, कामाक्षानगर, आइटीबीपी खुर्दा, जयपुर, टिटिलागढ़ और पाटानागढ़ में स्थापित किया जायेगा।

# राज्य में शराब की बिक्री बढ़ रही है : आबकारी मंत्री



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में शराब की बिक्री साल दर साल बढ़ती जा रही है। कानून और आबकारी मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जवाब दिया। मंत्री के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 2022-23 में 5 करोड़ 83 लाख 44 हजार की विदेशी शराब बिक्री हुआ था। जबकि 2023-24 में 5 करोड़ 88 लाख 85 हजार की विदेशी शराब बिक्री हुई है। इसी तरह 2022-23 में 12 करोड़ 9 लाख 67 हजार बल्क लीटर की बिक्री हुई, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 15 करोड़ 3 लाख 72 हजार बल्क लीटर हो गयी है। इसी तरह देशी शराब की मांग भी बढ़ रही है। 2022-23 में 84 लाख 37 हजार लीटर देशी शराब की बिक्री हुई, जबकि 2023-24 में 98 लाख 43 हजार लीटर शराब की बिक्री हुई। इसी तरह आबकारी राजस्व में भी वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह 7,216,99 रुपये तक पहुंच गया। इसी तरह विधानसभा में कांग्रेस विधायक सोफिया फिरदौस के एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि सबसे ज्यादा 124 करोड़ 99 लाख का राजस्व बरगढ़ जिले से आया है। दूसरा गंजाम जिला है, जहां 100 करोड़ 96 लाख का राजस्व मिला है। मंत्री ने लिखित जवाब दिया है।

# जिंदल फाउंडेशन ने मनाया जश्न: 'उत्कर्ष' से सफल 20 ओपीएससी उम्मीदवारों को सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सामाजिक शाखा, जिंदल फाउंडेशन ने अपने उत्कर्ष कोचिंग कार्यक्रम से 20 युवा उम्मीदवारों की सफलता का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले वंचित उम्मीदवारों को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग प्रदान करता है। ओड़िशा प्रशासनिक सेवा परीक्षा में सफलता पाने वाले 20 लोगों में सिद्धार्थ आनंद पंडा को 96वीं रैंक, संजय मिश्र को 112वीं रैंक और सरोज कुमार बेहेरा को 160वीं रैंक मिली है। इसी तरह श्रद्धा रंजन 240 रैंक, कुमार अविनाश 278 रैंक, एन पल्लवी 297 रैंक समेत अन्य को यह सफलता मिली है। इन चयनित उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के आधार पर ओड़िशा प्रशासनिक सेवा और अन्य राज्य सिविल सेवा संवर्गों के तहत भर्ती किया जायेगा। जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां पंकज मल्हान कार्यकारी निदेशक जेएसपी, और श्री दामोदर मित्तल कार्य निवाही निदेशक ने मेधावी उम्मीदवारों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर अभ्यर्थियों को प्लांट का भ्रमण कराया गया और जेएसपी की गतिविधियों की जानकारी दी गयी। वंचित युवाओं के लिए शिक्षा और व्यावसायिक विकास के प्रति जिंदल फाउंडेशन की प्रतिबद्धता के बारे में भी बताया गया। 2021 में लांच किया गया। उत्कर्ष कार्यक्रम ओड़िशा के मेधावी छात्रों को उनके सपनों को हकीकत में बदलने में मदद करने पर केंद्रित है। अब तक, लगभग 2,000 छात्र इस ऑनलाइन और ऑफलाइन कोचिंग कार्यक्रम से लाभावित हुए हैं। उत्कर्ष कार्यक्रम से जुड़ने के इच्छुक छात्र अधिक जानकारी के लिए 9437305797 पर कॉल कर सकते हैं। इस अवसर पर अंगुल जेएसपी के सीएसआर प्रमुख तथा जीएम जयंत कुमार महांति और अन्य सीएसआर सदस्य उपस्थित थे।

# महान शिक्षाविद् प्रो अच्युत सामंत को मिली 62वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और कीट-कीस के संस्थापक प्रोफेसर अच्युता सामंत को पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान से उनके उल्लेखनीय और प्रशंसनीय शैक्षिक पहल और निःस्वार्थ समाजसेवा के बदौलत मानद डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 7 दिसंबर 2024 को पूर्णिमा विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री प्रो अच्युत सामंत को अबतक मिली 62वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है, जो भारत के किसी भी शिक्षाविद् को अबतक मिली एक कीर्तिमान मानद डॉक्टरेट की डिग्री है। अपनी 62वीं मानद डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करते हुए, डॉ सामंत ने कहा, पिछले 33 वर्षों से, मैं समाज में लोगों के लिए लगातार काम कर रहा हूं। समाज सेवा और शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉसामंत को दुनिया भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से कई मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि पूर्णिमा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुरेश चंद्र पाढ़ी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी समारोह का हिस्सा बने।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या : RP/EL/DNR/HS/QTR WIRING दिनांक– 06.12.2024.
1. कार्य का नाम एवं स्थान : Electrification of 34 units staff quarters and 02 units LILO control building at Hazaribagh road, Sonnagar and Karamnasa in connection with the 2x25 KV, 160 kmph High speed work of DDU & DHN Division under Railway Project E.C. Railway Danapur. 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹98,06,637.79, 3. निविदा फार्म की किमत : ₹0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : ₹1,96,100.00, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय : निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारांभिक तारीख दिनांक– 20.12.2024 निविदा खुलने की तारीख एवं समय– दिनांक 03.01.2025 को 15.00 बजे |6. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है : पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in वेबसाइट पर देखा जा सकता है। 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता/रेल परियोजना/दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट – खगौल जिला – पटना, पिन– 801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता/
रेल परियोजना/पूमरे/दानापुर

पीआर/01661/डीएनआर/विद्युत/टी/24–25/40


# जल्द ही दूरदर्शन पर संथाली भाषा में खबरें प्रसारित की जायेंगी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जल्द ही दूरदर्शन पर संथाली भाषा में खबरें प्रसारित की जायेंगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसे 6 से 7 दिनों के भीतर लागू कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को संथाल भाषा में समाचारों में रुचि थी। यह बात केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बांगिरिपोशी में कही। संथाल अधिकतर ओड़िशा, बिहार और असम में बसे हैं। उत्तरी बांग्लादेश के राजसाही डिवीजन और रंगपुर डिवीजन में संथाल सबसे बड़े अल्पसंख्यक हैं। नेपाल में भी कई संथाल जनजातियां निवास करती हैं।

# भुवनेश्वर में छठा ओड़िशा राज्य पुस्तक महोत्सव शुरू



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रदर्शनी मैदान में छठे राज्य पुस्तक महोत्सव का उद्घाटन किया गया। ओड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह महोत्सव 17 दिसंबर तक चलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, उद्घाटन समारोह में 'श्रीमद्भागवत', 'विवर्तनरे ओडिया भाषा', 'ओडिया लोक साहित्य और संस्कृति' और गुरुचरण पटनायक की जीवनी पर आधारित पुस्तकों का विमोचन किया गया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में एकामरा विधायक बाबू सिंह भी शामिल थे। संस्कृति विभाग ने उत्कल केशरी डॉ हरेकृष्ण महताब, ओडिशा में बुद्ध स्मारक, भगवान बिरसा मुंडा और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की जीवनी पर आधारित तीन मंडप बनाये हैं। इस बार विभिन्न मीडिया एजेंसियों, सरकारी विभागों, ओड़िशा साहित्य अकादमी और ओड़िशा राज्य संग्रहालय ने अपने-अपने स्टॉल लगाये हैं। ओड़िशा भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग के साथ-साथ ओड़िशा पुस्तक प्रकाशक और विक्रेता संघ, ओड़िशा प्रकाशक संघ, राजधानी पुस्तक मेला, एकाम्र पुस्तक मेला और भुवनेश्वर पुस्तक मेला के साथ-साथ राज्य और राज्य के बाहर के कई पुस्तक प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं ने इसके आयोजन में सहयोग किया है।

# आइपीएस आशीष सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। आइपीएस अधिकारी आशीष सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गये। वे वर्तमान में अर्धसैनिक भारत-तिब्बत सीमा पुलिस या आइटीबीपी में आइजी के रूप में तैनात किया गया हैं। भारत सरकार की ओर से एक अधिसूचना जारी की गयी है कि वह पांच साल या अगले निर्देश तक प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे। अब उन्हें तुरंत इस्तीफा देकर नयी नौकरी ज्वाइन करने का आदेश दिया गया है।

# एम्स भुवनेश्वर ने पिछले तीन महीनों में 8,518 व्यक्तियों का परीक्षण किया

- जिन में से 31 एचआइवी पॉजिटिव पाये गये।
- एम्स भुवनेश्वर भारत में एचआईवी निगरानी और महामारी विज्ञान के लिए आठ क्षेत्रीय संस्थानों में से एक है।
- सुरक्षित प्रथाओं और रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त कंडोम वितरित किया गय

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। पिछले तीन महीनों में एम्स भुवनेश्वर के एकीकृत परामर्श और परीक्षण केंद्र (आईसीटीसी) ने 8,518 व्यक्तियों का एचआइवी के लिए परीक्षण किया है। 8,538 लोगों को परामर्श सेवाएं प्रदान की हैं। परीक्षण किये गये लोगों में से 31 व्यक्ति एचआईवी पॉजिटिव पाये गये, और उनमें से 27 को एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) केंद्र (एआरसी) से जोड़ा गया है। यह एचआइवी से प्रभावित व्यक्तियों की रोकथाम, निदान और देखभाल के लिए एम्स भुवनेश्वर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वास ने एचआइवी की रोकथाम, निदान, उपचार और देखभाल के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु के रूप में एचआइवी परामर्श और परीक्षण सेवाओं (एचसीटीएस) की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। डॉ बिस्वास ने कहा, हमारे प्रयास राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं, और हमारा उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और एचआइवी से पीड़ित लोगों के लिए समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। विश्व एड्स दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, एम्स भुवनेश्वर ने एचआइवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें जनता के लिए ओपीडी फोयर में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम भी शामिल था। चिकित्सा विभाग और ट्रांसफ्यूजन और रक्त बैंक विभाग द्वारा समर्थित कार्यक्रम 'सही रास्ते पर चलें: मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' थीम पर केंद्रित था। एचआइवी/एड्स की रोकथाम और देखभाल पर जानकारीपूर्ण पत्रक और पुस्तिकाएं वितरित की गयी। भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एचआइवी महामारी है, जिसमें लगभग 24.67 लाख लोग एचआइवी (पीएलएचआइवी) के साथ जी रहे हैं, देश ने एआरटी कवरेज में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो 68% है। 52,000 पीएलएचआइवी के साथ ओड़िशा में एचआइवी प्रसार दर 0.14% है, जिसमें एआरटी कवरेज 49.7% है। ये आंकड़े एचआइवी के साथ जी रहे लोगों की निरंतर रोकथाम, उपचार और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता को उजागर करते हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ दिलीप कुमार परिदा (एमएस), डॉ बिनोद कुमार पात्रो, डॉ अनुपम डे, डॉ बिजयनी बेहरा, डॉ बिनोद कुमार बेहरा, डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉ अंशुमान साहू, डॉ धृतिमान और केएनपी+ (एचआइवी/एड्स के साथ रहने वाले लोगों का कलिंग नेटवर्क) की प्रवासी प्रधान जैसे विशेषज्ञों ने दर्शकों को एचआइवी संचरण के मार्गों, नियमित परीक्षण के महत्व और एचआइवी/एड्स संकट से निपटने में सामुदायिक भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज्ञानवर्धक चचाओं में शामिल किया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**